धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, बुधवार
22.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 192



12 फिल्म 'छावा' में रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी

## न्यूज डायरी

### चाईबासा में 21 आइइडी 55 पीस जिलेटिन बरामद

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान 21 आइइडी, 55 पीस जिलेटिन बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि कराईकेला थाना क्षेत्र के सेरेंगदा गांव के जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित कर लगाये गये थे। बम निरोधक दस्ते इसे डिफ्यूज कर दिया।

### शेयर बाजार धड़ाम सात लाख करोड़ डूबे

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियां का मार्केटकैप करीब 7 लाख करोड़ रुपये गिरकर 424 लाख करोड़ रह गया है, जो कि सोमवार को 431 लाख करोड़ था।

### सड़क सुरक्षा: बुजुर्गों को मिलेंगे विशेष स्टिकर

**रांची।** झारखंड के परिवहन विभाग ने सीनियर सिटीजन के लिए एक नयी योजना शुरू की है। इसके तहत उन्हें विशेष स्टिकर दिये जायेंगे। यह स्टिकर वाहन पर चिपकाने से अन्य ड्राइवरों को पता चल सकेगा कि गाड़ी में वरिष्ठ नागरिक है, जिससे वे और अधिक धैर्यपूर्वक ड्राइव करेंगे। यह स्टिकर वरिष्ठ नागरिकों को सड़क पर अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने में मदद करेगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड की अपील खारिज की

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसदों व अन्य के खिलाफ 2022 में देवघर हवाईअड्डे पर कथित तौर पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का मुकदमा रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली झारखंड सरकार की याचिका खारिज कर दी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 74600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 96000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## हेमंत कैबिनेट ने राज्यकर्मियों को दी खुशखबरी, 18 प्रस्तावों को स्वीकृति

# बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी

### 1.75 लाख कर्मचारी और 2.25 लाख रिटायर्ड लोगों को होगा लाभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड कैबिनेट ने राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य बीमा की योजना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में संशोधित बीमा योजना को लागू करने सहित कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कर्मचारियों और उनके आश्रितों को सामान्य बीमारियों में प्रतिवर्ष पांच लाख और गंभीर बीमारियों में 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। इस योजना से लगभग 1.75 लाख राज्यकर्मियों और 2.25 लाख सेवानिवृत्त कर्मी लाभान्वित होंगे। रिटायर कर्मचारी इस योजना से ऐच्छिक तौर पर जुड़ सकेंगे। इसके साथ ही बैठक में झारखंड अधिवक्ता कल्याण कोष के लिए 12 करोड़ की मंजूरी, झारखंड जिला पारा मेडिकल संवर्ग नियुक्ति नियमावली का गठन तथा पुलिस अनुसंधानकर्ता को 25000 रुपये तक का मोबाइल खरीदने की स्वीकृति दी गयी।

**150 करोड़ खर्च करेगी सरकार :** बैठक की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि बीमा योजना के कवरेज में शामिल होने वाले राज्यकर्मियों को प्रतिमाह मिलने वाले एक हजार रुपये में से 500 रुपये की कटौती की जायेगी। स्वास्थ्य बीमा योजना और राज्य के विभिन्न अस्पतालों के लिए पद सृजित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार आकस्मिकता निधि से 150 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग करेगी। 50 करोड़ रुपये बफर स्टॉक के रूप में राज्य आरोग्य सोसायटी के ट्रस्ट में रखे जायेंगे। सरकार ने टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ करार किया है। राज्य सरकार ने इसके पहले 31 जुलाई 2023 को राज्यकर्मियों और पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य बीमा का संकल्प जारी किया था, लेकिन तकनीकी त्रुटियों की वजह से इसका लाभ मिलना शुरू नहीं हुआ था। बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री रामदास सोरेन, दीपक बिरुवा, इरफान अंसारी, संजय प्रसाद यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

### इन प्रस्तावों को मंजूरी

कैबिनेट सचिव ने बताया कि चतरा में स्पेशल कोर्ट के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। कैबिनेट ने अनुपूरक बजट की घटनोत्तर स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि दुमका हवाई अड्डा में एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एमओयू किया जायेगा। बैठक में झारखंड अधिवक्ता कल्याण कोष के लिए 12.10 करोड़ रुपये देने के लिये जेसीएफ से अग्रिम लेने की स्वीकृति दी गयी। ज्ञानोदय योजना के तहत मध्य विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा के लिये 94 करोड रुपये दिये गये। केके वर्मा को ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में प्रबंध निदेशक 31 दिसंबर 2025 तक बनाये रखने के लिये सेवा विस्तार दिया। नंदकिशोर प्रसाद को एसीपी और एमएसपी का वित्तीय लाभ देने के लिये स्वीकृत दी गयी। तमाड़ के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमकुम प्रसाद को दिये गये दंड को विलोपित करने की मंजूरी दी गयी। हाइकोर्ट के आदेश के बाद प्रेम कुमार, राज किशोर सिंह की सेवा नियमित करने और वित्तीय लाभ देने की मंजूरी दी गयी। वाणिज्कर विभाग में टीसीएस के साथ 1 साल का एग्रीमेंट बढ़ाने की स्वीकृति दी गयी।

# छत्तीसगढ़-ओड़िशा सीमा पर 27 नक्सली ढेर

### 16 शव मिले, इनमें 1 करोड़ के इनामी समेत कई कमांडर

**एजेंसी**



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में हुई मुठभेड़ में 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। 16 के शव और हथियार भी बरामद कर लिये गये हैं। मारे गये नक्सलियों में एक करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति समेत कई कमांडर शामिल हैं। यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर घंटों चली। फिलहाल सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ करीब 36 घंटे तक चली। पूरे आपरेशन को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, ओडिशा नुआपाड़ा के पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र गूंडाला, ओडिशा के डीआईजी नक्सल ऑप्श अखिलेश्वर सिंह, कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत मॉनिटरिंग कर रहे है।

**हथियारों का जखीरा मिला :** मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने एक एसएलआर सहित हथियारों, गोला-बारूद और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया।

(शेष पेज 11 पर)

### नक्सल मुक्त भारत हमारा संकल्प : शाह

इस घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलमुक्त भारत हमारा संकल्प है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। जवानों ने एक संयुक्त अभियान में इन नक्सलियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से, नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने इसे जवानों की बड़ी कामयाबी बताया और कहा नक्सल मुक्त देश की दिशा में ये बड़ा कदम है। गरियाबंद में सुरक्षाबल के जवानों को नक्सलियों के खिलाफ मिली कामयाबी पर देश के श्री अमित शाह ने जवानों की पीठ थपथपायी।

# राष्ट्रपति, पीएम और शाह महाकुंभ में लगायेंगे डुबकी

### अडाणी ने किया पवित्र स्नान, आज योगी कैबिनेट की बारी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** देश में इस समय महाकुंभ का योग है। इसमें श्रद्धालुओं के साथ-साथ तमाम बड़ी हस्तियां पहुंच रही हैं। प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडाणी ने मंगलवार को सवित्र संगम में डुबकी लगायी। खबर है कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपतिपीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संगम में पवित्र डुबकी लगायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का एक फरवरी को संगम में डुबकी लगाने का कार्यक्रम है। इस बीच पीएम मोदी के पांच फरवरी और गृह मंत्री अमित शाह के 27 फरवरी को महाकुंभ में आने का कार्यक्रम है। हालांकि, इन सभी के दौरे को लेकर आधिकारिक रूप से कोई घोषणा नहीं की गयी है। हालांकि प्रशासन अभी तैयारी शुरू कर दी है।

**अडाणी ने पवित्र स्नान कर की पूजा अर्चना :** महाकुंभ मेले के नौवें दिन मंगलवार को उद्योगपति गौतम अडानी ने अपने परिवार के साथ आस्था की डुबकी लगायी। स्नान के बाद गौतम अडानी ने परिवार के गंगा मैया की पूजा अर्चना और आरतीकी। लेटे हनुमान जी के दर्शन भी किये। इसके बाद गौतम अडानी ने इस्कॉन कैंप जाकर वहां लोगों को अपने हाथों से भोजन वितरित किया। उन्होंने कहा, यहां आकर जो अनुभव हुआ उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। वहीं बेटे की शादी के सवाल पर कहा, जीत की शादी 7 फरवरी को है। उसमें सिर्फ परिवार के लोग ही शामिल होंगी। शादी बिल्कुल ही सादे समारोह में पूरे विधि-विधान से होगी।

### महाकुंभ में आज योगी कैबिनेट

प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगायेंगे। इससे पूर्व योगी ने 2019 कुंभ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगायी थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु-संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

### आइएएस पूजा सिंघल निलंबनमुक्त, कार्मिक में देंगी योगदान

**रांची।** आइएएस पूजा सिंघल का निलंबन खत्म कर दिया गया है। सीएस की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने उन्हें निलंबन से मुक्त करने की अनुशंसा की थी। इस अनुशंसा पर पूजा सिंघल का निलंबन कार्मिक ने खत्म कर दिया है। संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उन्हें कार्मिक में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। मनी लाउंड्रिंग मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। वह मनरेगा घोटाले और भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल गयी थीं। 28 महीने तक जेल में रहने के बाद सात दिसंबर को उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी। तब वह निलंबनमुक्त होने और पदस्थापन की प्रतीक्षा में थीं।

**खास बातें :** उत्तराखंड निवासी पूजा सिंघल 2000 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। 21 साल की उम्र में आईएएस बनी थीं। झारखंड के कई ज़िलों में डीसी रह चुकी हैं। खनन विभाग की सचिव भी रह चुकी हैं।

# भूमि विवाद में भ्रष्टाचार हर हाल में रोकें : दीपक बिरुआ

### डीड की हेराफेरी पर लगाम कसें, म्यूटेशन के लंबित मामले घटेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में जमीन संबंधित विवाद और इसपर पनपे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए भू राजस्व विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को अधिकारियों से भूमि संबंधी विवादों और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए एडवांस्ड सॉफ्टवेयर डवलप करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को एक ही भूमि पर दोबारा दाखिल खारिज के लिए आवेदन करने पर रोक लगाने का निर्देश दिया, ताकि फर्जी दाखिल खारिज को रोका जा सके। उन्होंने धोखाधड़ी से उत्पन्न भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की और हर हाल में इसे रोकने का निर्देश दिया।

**डीड की हेराफेरी गंभीर मामवा :** मंत्री ने फर्जी डीड से किए जानेवाले भ्रष्टाचार पर चिंता जतायी और इसे गंभीर मामला बताया। जब कोई व्यक्ति डीड अप्लाई करता है, तो संबंधित व्यक्ति को डीड का यूनिक नंबर मिलता है। लेकिन उसमें छोटी-मोटी खामियां निकालकर उसके डीड को कैंसिल कर दिया जाता है।

ठीक इसके कुछ ही दिन बाद दोबारा संबंधित व्यक्ति के उसी डीड नंबर को उसके आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा डीड अप्लाई करवाया या किया जाता है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी चक्कर में लंबित म्यूटेशन के मामले भी बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए विभाग एक ही जमीन के लिए दोबारा डीड अप्लाई करने पर पूरी तरह से लगाम लगाये। इससे गलत तरीके से म्यूटेशन करने पर भी रोक लगेगी। उन्होंने कहा, किसी भी हाल में जमीन संबंधित विवाद पर फजीर्वाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### बिचौलिये न उठायें गलत लाभ

श्री बिरुआ ने कहा कि झारखंड में आदिवासी मूलवासियों को कई मायने में जमीन के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने या अन्य छोटे-मोटे कार्यों के लिए बार-बार अंचल और यहां वहां दौड़ाता पड़ता है। जिसका बिचौलिया गलत लाभ उठाते हैं। उन्होंने कहा है कि पुरखों की जमीन पर कुछ अंचलाधिकारी कर्मी किसी खास व्यक्ति के इशारे पर, जमीन अपने नाम या किसी चहेते के नाम कराने का धंधा चला रहे हैं। ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर उनपर कार्रवाई की जायेगी। गलत व्यवस्था पर अबुआ सरकार कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी।

# डायमंड के डोनाल्ड! आश्चर्यजनक और अद्भुत प्रतिकृति

### सूरत के रत्न कलाकारों ने बनायी प्रतिकृति, ट्रंप को गिफ्ट करने की तैयारी



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल को खास बनाने के लिए सूरत की एक कंपनी ने उन्हें एक अनोखा और शानदार तोहफा देने का फैसला किया। गुजरात के हीरा व्यवसायों ने हीरे का उपयोग करके ट्रंप की एक आकर्षक और आश्चर्यजनक प्रतिकृति बनायी है। इसे बनाने के लिए सूरत के पांच कुशल रत्न विशेषज्ञों ने दो महीने तक अथक परिश्रम किया। उन्होंने ट्रंप की प्रतिकृति को लैबग्रोन हीरे में तराशकर बनाया है। यह उत्कृष्ट नक्काशीदार हीरे की कलाकृति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उपहार में दी जायेगी।

**मंत्रमुग्ध कर देती है हीरे की चमक :** पहली नजर में यह एक सामान्य तस्वीर की तरह लगती है, लेकिन इसकी अनोखी चमक देखने वाले को मंत्रमुग्ध कर देती है। इसकी कीमत लगभग 20,00,000 रुपये आंकी गयी है। यह विशेष उपहार भारत-अमेरिका संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयास के तहत तैयार किया गया है। सूरत के उद्योगपति स्मित पटेल के नेतृत्व में बनाये गये इस हीरे को हाई प्रेशर टेकनोलॉजी का इस्तेमाल करके प्रयोगशाला में तैयार किया गया है। यह हीरा साढ़े चार (4.5) कैरेट का है। इस हीरे की खासियत यह है कि इसकी क्वालिटी और कीमत प्राकृतिक हीरे जैसी ही है।

**कीमत और क्वालिटी प्राकृतिक हीरों के समान :** उद्योगपति स्मित पटेल ने कहा कि इन हीरों की कीमत और गुणवत्ता प्राकृतिक हीरों के समान ही है। यह विशेष डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिकृति के लिए प्रयोगशाला में तैयार किया गया हीरा है। उन्होंने बताया प्राकृतिक हीरों को आमतौर पर खदानों से निकाल कर लाया जाता है और सूरत में उन हीरों को कटिंग और पॉलिशिंग कि जाती हैं, लेकिन इसके विपरीत प्रयोगशाला में विकसित हीरे एक प्रयोगशाला के अंदर तैयार किये जाते हैं।

### पीएम मोदी ने बाइडेन को दिया था हीरा

इससे पहले 2023 में पीएम मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन को इसी कंपनी द्वारा बनाया गया 7.5 कैरेट हरा हीरा उपहार में दिया था। हीरे की कटाई और पॉलिशिंग के लिए दुनिया भर में जाना जाने वाला सूरत अब लैबग्रोन डायमंड के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है।



भाजपा ने राज्य सरकार से केंद्र का 1300 करोड़ रुपये का मांगा हिसाब

# झामुमो सरकार ने कोरोना आपदा में लूट का अवसर ढूंढा : अमित मंडल

- 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि से खर्च हुए 1300 करोड़ का हिसाब नहीं दे पा रही राज्य सरकार
- कृषि विभाग ने सूखा राहत के लिए आपदा फंड का इस्तेमाल किया, लेकिन इसका हिसाब अभी भी लंबित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार वर्ष 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि से खर्च हुए 1300 करोड़ का हिसाब नहीं दे पा रही है। श्री मंडल मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15वें आयोग की सिफारिश राज्य सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र में 2370 करोड़, ग्रामीण स्थानीय निकायों, पंचायत को 6585 करोड़, नगर निकायों को 3367 करोड़ और आपदा प्रबंधन विभाग को 3138 करोड़ रुपये की राशि 2026 तक मिलेगी। पांच साल तक ये मिलेगा। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त 2021-2026 आयोग का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। 16वें वित्त आयोग के गठन से पहले भारत सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे इनडीएमआईइस पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करें। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा डाटा न देने के कारण पोर्टल अपडेट नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने कहा कि कृषि विभाग ने सूखा राहत के लिए आपदा फंड का इस्तेमाल किया, लेकिन इसका हिसाब अभी भी लंबित है। 600 करोड़ स्वास्थ्य विभाग का अकेले 700 करोड़ का हिसाब बाकी है। इसमें कोरोना महामारी के दौरान जिलों को भेजी गई राशि भी शामिल है। उन्होने कहा कि भविष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े कुछ प्रमुख निकाय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपना काम करने में सक्षम नहीं हो पायेगी। फंड न मिलने से राज्य भर में जल और जलवायु परिवर्तन, भू-वैज्ञानिक आपदा, औद्योगिक आपदा, मानव निर्मित आपदायें प्रभावित हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए की स्वस्थ विभाग के 700 करोड़ और कृषि विभाग के 600 करोड़ कहां गये।

उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि आपदा से लड़ने के लिए कितनी राशि सरकार के पास है और भविष्य में यदि आपदा जैसी परिस्थितिथि आती है तो सरकार कैसे लड़ेगी। इस अवसर पर प्रदेश सह मिडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक उपस्थित थे।

भाजपा मुख्यालय में मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम

# झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, आम आदमी प्रभावित : बाबूलाल मरांडी

- प्रदेश अध्यक्ष ने दी चेतावनी, कहा- राज्य सरकार नहीं सुधरी तो सड़क से सदन तक भाजपा करेगी आंदोलन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम आयोजित हुआ। बाबूलाल मरांडी ने लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है। इसके 12.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी की सेवा कर रही है। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सशक्त भाजपा बनाकर विकसित झारखंड बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में रोज नये-नये भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं। आम आदमी भ्रष्टाचार की चपेट में है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से अब स्कूल के बच्चे भी अछूते नहीं हैं। एक सशक्त विपक्ष के नाते भाजपा जन मुद्दों पर सड़क से सदन तक जोरदार आंदोलन करेगी।

मौके पर शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, अशोक बड़ाइक, सुनील फकीरा कच्छप उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, तपेश्वर प्रजापति, एतवा उरांव, इलीशिबा मिंज, तारा भगत, सुरेशचंद्र साहू, लोलेन एक्का, बिमोला मिंज, विनोद यादव, दीपक कुमार, कैलाश चौधरी, अशोक चौहान, अशोक सिंह, कमलेश्वर सिंह, लाल विकास नाथ शाह देव, मुकेश कुमार सिंह, रेशमी टोप्पो आदि शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### बदले गये एक आइएएस अधिकारी

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और अपर सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग विजय कुमार गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अपर सचिव वित विभाग के पद पर पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिक सूचना जारी कर दी है।

### धन शोधन के आरोपी की अर्जी पर 30 को सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले के आरोपी योगेंद्र तिवारी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर 30 जनवरी को सुनवाई होगी। पीएमएलए कोर्ट में मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन समय लिया गया। योगेंद्र तिवारी ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 19 दिसंबर को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। ईडी ने उक्त आरोप में 19 अक्तूबर 2023 को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह जमानत पर है।

### छवि रंजन समेत छह की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 6 की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 4 फरवरी निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश को जमानत प्राप्त है। वहीं, एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार है।

### प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं सह प्रभारी झारखंड दौरे पर आज आयेंगे रांची

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव, प्रभारी झारखण्ड व नेता कांग्रेस विधायक दल जम्मू-कश्मीर विधानसभा गुलाम अहमद मीर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव व सह-प्रभारी झारखण्ड डॉ. सिरिबेला प्रसाद झारखंड दौरे में 22 जनवरी, बुधवार को अपराह्न 05.45 बजे रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा सड़क मार्ग द्वारा रांची से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया झारखण्ड प्रभारी श्री मीर एवं सह-प्रभारी डॉ. प्रसाद,23 जनवरी,दिन वृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 09:00 बजे पूर्वाह्न मन्नान मल्लिक के घर जाकर मुलाकात करेंगे तथा पूर्वाह्न 09:30 बजे धनबाद से देवघर जिला के सोनारीठाड़ी प्रखण्ड के उपरकुरा जायेंगे, जहां पूर्वाह्न 11:00 बजे उपरकुरा से मकरा पहाड़ में आयोजित जय बापू, जय भीम, जय संविधान मार्च एवं मिलन समारोह में भाग लेंगे तथा अप. 03:00 बजे उपरकुरा से रांची के लिए प्रस्थान करेंगे।


AFFIDAVIT

Before,
The Notary Public,
Lohardaga.



I, Amar Vishwakarma son of Raghunandan Mistri, resident of village near Post Office Palmerganj Lohardaga, P.S. and Dist. Lohardaga, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows-

1. That I am permanent resident of above mentioned address.
2. That Rajat Vishwakarma is my son and his date of birth is 03.05.2015 which is correct.
3. That I have obtained UID No. 386479768262 of my son in which his name is written as Ayush Vishwakarma and date of birth is mentioned as 03.05.2013 which is wrong.
4. That correct name of my son is Rajat Vishwakarma and his correct date of birth is 03.05.2015 be recorded in issued Aadhar Card, hence this affidavit.
5. That the statements made in the affidavit are true and correct the best of my knowledge and belief.

Ref No. 2290
Date. 20 JAN 2025.


### प्रदेश कांग्रेस की बजट पूर्व परिचर्चा एक फरवरी को

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा बजट पूर्व एवं नगर निकाय चुनाव पर परिचर्चा का आयोजन एक फरवरी को केन्द्रीय बागवानी सभागार पलांडू रामपुर में होगी। यह परिचर्चा दो सत्रों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता होगी। परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का एवं डॉ सिरिबेला प्रसाद मौजूद रहेंगे। परिचर्चा के दूसरे दिन दो फरवरी को पूर्वाह्न 11:00 बजे से ओरमांझी स्थित डटमा भूसूर में पॉलिटिक्ल अफेयर्स कमिटी की बैठक होगी। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रथम सत्र में मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक इस परिचर्चा में भाग लेंगे। वहीं द्वितीय सत्र में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्ववर्ती कार्यकारिणी के सदस्यगण, जोनल कोऑर्डिनेटर, बोर्ड निगम के चेयरमैन, अग्रणी संगठन, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सहित संगठन के अधिकतम 5-5 पदाधिकारी को भाग लेना अनिवार्य किया गया है।


कमर्शियल वाहन की खुली नीलामी

टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जब्त किए गए कमर्शियल वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 22 जनवरी 2025 दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक नीचे दिए गये पते पर आयोजित की गई है। पता : होटल जेनिस्टा इन डायमंड प्लाजा पुरुलिया रोड, नियर फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल कांटा टोली चौक, रांची झारखंड। नीलामी में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिए 7209071956, 9525182395 पर कॉल करें।


नीरू शांति भगत ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा

# जनगणना में सरना घर्म का अलग कॉलम जोड़ने का किया अनुरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** आजसू नेता स्व. कमल किशोर भगत की पत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा की प्रत्याशी निरू शांति भगत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आदिवासियों की पहचान और भावना से जुड़ी एक बहुप्रतीक्षित सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की है। उन्होंने जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग कॉलम निर्धारित करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री को पत्र में कहा है कि यह मांग आदिवासियों की भावना और पहचान से जुड़ी है। झारखंड में इस मांग को लेकर अलग-अलग आदिवासी संगठन लगातार आंदोलन करते रहे हैं। कई बार दिल्ली पहुंचकर आदिवासियों ने इसको लेकर अपनी आवाज उठाई है। उन्होंने कहा है कि प्रकृति-उपासक सरना धर्म का पालन करते हैं। जल, जंगल और जमीन- प्रकृति के ये तीन पहलू सरना आस्था के मूल हैं। वर्ष 2011 के जनगणना के मुताबिक झारखंड में जनजातीय आबादी 86.45 लाख (26.2) प्रतिशत है। झारखंड में यह मुद्दा बहस और राजनीति के केंद्र में भी रहा है। प्रकृति पूजा पर केंद्रित, सरना धर्म का मुख्य रूप से झारखंड के अलावा देश के कई राज्यों में आदिवासी समुदायों द्वारा पालन किया जाता है। जनगणना में आदिवासियों के लिए कोई अलग संहिता न होने के बावजूद 2011 की जनगणना में लगभग 50 लाख लोगों ने सरना को अपने धर्म के रूप में दर्ज कराया है।

टीवीएनल हर महीने बिजली वितरण निगम को देता है 80 करोड़ की बिजली

# झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम पर टीवीएनल का 5900 करोड़ रुपये बकाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अलग राज्य गठन के बाद से ही झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम और टीवीएनएल के बीच बीच बकाए को लेकर जो खिच-खिच चल रहा है उसका अब तक कोई परमानेंट सोल्यूशन नहीं निकल पाया है। अब बिजली वितरण निगम पर टीवीएनएल का बकाया बढ़कर लगभग 5900 करोड़ रुपए हो गया है। टीवीएनएल हर महीने 80 करोड़ रुपए की बिजली झारखंड राज्य बिजली वितरण को देता है। टीवीएनल की दो यूनिटें 210-210 मेगावाट की हैं। फिलहाल इसके विस्तारीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। वह 3.54 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली वितरण निगम को देता है। बकाया राशि को लेकर टीवीएनएल ने बिजली वितरण निगम को रिमाइंडर भी भेजा है। वहीं टीवीएनएल का खर्च भी साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। ऑपरेशन और मेनटेनेंश का खर्च भी बढ़कर 300 करोड़ के पार हो गया है।






**विस्तारीकरण पर अब तक फंसा है पेंच :** टीवीएनएल के विस्तारीकरण पर अब तक पेंच फंसा हुआ है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की बैठक में मंत्रालय की ओर से राज्य में टीवीएनएल विस्तारीकरण को लेकर निर्देश जारी किया गया था। इस दौरान केंद्र सरकार ने जल्द से जल्द टीवीएनएल विस्तारीकरण के लिए योजना बनाने और कोयला आवंटन पर नीति बनाने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। टीवीएनएल का विस्तारीकरण 4300 करोड़ की लागत से किया जाना है। फिलहाल टीवीएनएल की दो यूनिट से लगभग 420 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। प्रति यूनिट से 210 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जाता है। टीवीएनएल हर महीने बिजली वितरण निगम को लगभग 70 से 80 करोड़ रुपए की बिजली देता है।

साल दर साल बढ़ता गया खर्च

| साल | कितना खर्च (करोड़ में) |
|---|---|
| 2022 | 464.99 |
| 2023 | 519.23 |
| 2024 | 570.58 |
| 2025 | 598.38 (प्रस्तावित) |
| 2026 | 632.08 (प्रस्तावित) |

ऑपरेशन और मेंटेनेंस का खर्च

| साल | कितना खर्च (करोड़ में) |
|---|---|
| 2022 | 269.82 |
| 2023 | 288.45 |
| 2024 | 307.54 |
| 2025 | 326.60 (प्रस्तावित) |
| 2026 | 347.29 (प्रस्तावित) |

वर्किंग कैपिटल राशि चाहिए

| साल | राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| 2022 | 322.52 |
| 2023 | 396.98 |
| 2024 | 411.10 |
| 2025 | 421.09 |
| 2026 | 432.93 |

# राजनीतिक दलों के बीच आंतरिक लोकतंत्र और इसकी जड़ें मजबूत करना आवश्यक : स्पीकर

रबींद्रनाथ महतो ने पटना में अखिल भारतीय 85वें पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक में लिया भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो पटना में हो रहे अखिल भारतीय 85वें पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेते हुए कॉन्फ्रेन्स की दूसरी दिन स्टैंडिंग कमेटी बैठक में और प्लानरी सेशन की बैठकों में भाग लिया। उन्होंने अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों की सम्मेलन प्रकोष्ठ के स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य भी हैं।

विदित हो कि सौ से कम सदस्यों वाले विधानसभा वाले राज्यों से इस कमेटी के कुल दो सदस्य हैं। स्पीकर ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों के प्रकोष्ठ के समक्ष संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाये रखने के लिए संसद और विधान मंडलों में सदस्यों का महत्वपूर्ण जनहित के मामलों पर अपनी आंतरिक आस्था और समझ के आधार पर अपनी विचारों के रखने की छूट दिये जाने तथा राजनीतिक दलों के अंदर आंतरिक लोकतंत्र को बुनियादी ढंग से लागू करने से संबंधित विचारार्थ दो बिंदुओं को रखा है। सम्मेलन में संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाने विशेषयक चर्चा में राजनीतिक लोकतंत्र के अतिरिक्त आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने जरूरत पर भी स्पीकर ने अपनी बातों को विस्तार से रखा है।

झारखंड में मईयां सम्मान योजना के बारे में बताते करते हुये उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड की आधी आबादी के लिए संविधान के मूल अधिकारों में प्रदत्त समानता के अधिकार को मजबूत करने तथा समाज में मां बहनों को उनकी स्वायत्तता और स्वालंबन को केंद्र में रखते हुए इस योजना को राज्य सरकार ने लागू की है। इससे कहीं ना कहीं आर्थिक और सामाजिक लोकतंत्र को और भी अधिक सशक्त बनाने में बढ़ावा मिलेगी।

अखिल भारतीय 85वें पीठासीन पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं माननीय राज्यसभा उपाध्यक्ष सहित राज्य के विधानसभाओं तथा विधान परिषदों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पटना पहुंचे हैं।

गणतंत्र दिवस पर मंत्री करेंगे जिला मुख्यालयों में झंडोत्तोलन

# वित्त मंत्री पलामू में और स्वास्थ्य मंत्री जामताड़ा में करेंगे झंडोत्तोलन

### मंत्रिमंडल सचिवालय ने कार्यक्रम जारी किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर मंत्री विभिन्न जिलों के मुख्यालय में झंडोत्तोलन करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा झंडोत्तोलन कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत वित्त मंत्री पलामू में और स्वास्थ्य मंत्री जामताड़ा में करेंगे झंडोत्तोलन।

### मंत्रियों के कार्यक्रम

- मंत्री राधाकृष्ण किशोर पलामू (डाल्टनगंज) में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री दीपक बिरुवा पश्चिमी सिंहभूम में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री चमरा लिंडा गुमला में झंडोत्तोलन करेंगे।



- मंत्री संजय प्रसाद यादव पाकुड़ में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री रामदास सोरेन पूर्वी सिंहभूम में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री इरफान अंसारी जामताड़ा में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री हाफिजुल हसन देवघर में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री दीपिका पांडे सिंह गोड्डा में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री योगेन्द्र प्रसाद बोकारो में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री सुदिव्य कुमार गिरिडीह में झंडोत्तोलन करेंगे।
- मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की लोहरदगा में झंडोत्तोलन करेंगे।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स-2 निर्माण के लिए जमीन का किया निरीक्षण

# दो साल में तैयार हो जायेगा रिम्स-2 : स्वास्थ्य मंत्री

- आने वाले दिनों में झारखंड की स्वास्थ्य सेवाएं पूरे देश में कीर्तिमान स्थापित करेंगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची में नया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रिम्स-2 बनाने की परियोजना पर काम शुरू हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को रिम्स टू के लिए जमीन का निरीक्षण किया। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को रिम्स अस्पताल के विस्तृत भवन रिम्स-2 के निर्माण के लिए विभागीय सचिव अजय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राज कमल, मुख्य अभियंता, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और रिम्स प्रबंधन के साथ रिम्स, बरियातू जाकर निरीक्षण किया। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि रिम्स टू का निर्माण दो साल में पूरा होगा। उन्होंने 15 दिन में मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का लेआउट बनाने का निर्देश दिया है। इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी।



### रिम्स टू में क्या होगा और कितनी लगात आयेगी

- 1074 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा रिम्स-2
- 10 एकड़ जमीन पर बनेगा
- यूजी की 100 सीट और पीजी की 50 सीट होंगी
- 250 सुपर स्पेशलिटी बेड और 700 बेड के नए अस्पताल होंगे और
- स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी सेवाएं मिलेंगी, जिनमें नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नियोनाटोलॉजी शामिल हैं।

### सुकुरहुटू में बनेगा रिम्स-2

कांके के सुकुरहुटू में नया रिम्स बनेगा। राज्य सरकार की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। जल्द ही प्रस्तावित रिम्स-2 का शिलान्यास होगा। 102 एकड़ में बनने वाले इस नये रिम्स की आधारशिला 15 दिनों में रखी जाएगी। इस नये रिम्स का स्थल निरीक्षण के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि ये बड़ी सौगात होगी। इसके तैयार हो जाने से रिम्स पर पड़नेवाले दवाब में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि रिम्स को कांग्रेस ने बनाया था और नये रिम्स को ये सरकार बनाएगी।

## 15 दिनों में रिम्स-2 के निर्माण का डीपीआर बनाने का निर्देश

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के मुताबिक राज्य की उच्च स्वास्थ्य व्यवस्था रांची स्थित रिम्स अस्पताल पर निर्भर करती है। पूरे राज्य से यहां मरीज आते हैं। इससे अस्पताल पर हमेशा भार रहता है। जनता द्वारा रिम्स के विस्तारीकरण को लेकर वर्षों से मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शिता से अब रिम्स-2 का निर्माण कराया जायेगा। मंत्री ने कहा कि जनता को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में रिम्स-2 का निर्माण भी होना है। 15 दिनों में डीपीआर तैयार करने को उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा है। जल्द ही मुख्यमंत्री के कर कमलों से इसका शिलान्यास होगा। इसका निर्माण कार्य भी जल्द से जल्द पूरा कराया जायेगा। इसके निर्माण से राज्य की जनता को रिम्स की उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में और भी आसानी होगी। उन्हें बेहतरीन सुविधाएं भी मिलेंगी। एक चिकित्सक होने के नाते वे स्वास्थ सेवाओं के महत्व को भली भांति समझते हैं। राज्य की जनता को बेहतरीन स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में झारखण्ड की स्वास्थ्य सेवाएं पूरे देश में कीर्तिमान स्थापित करेंगी।

स्पीड न्यूज

## जनगणना में भेदभाव की डीसी से शिकायत

जमशेदपुर। समाजसेवी दमोदर शनिबाबा ने जुगसलाई नगर निगम चुनाव के लिए चल रही जनगणना प्रक्रिया में कथित भेदभाव पर चिंता जताई है। उन्होंने मंगलवार को जिला उपायुक्त को पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि जनगणना कर्मी सर्वेक्षण में लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे डाकोत जाति जैसे समुदाय आरक्षण लाभ से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना कर्मी कई घरों तक नहीं पहुंच रहे हैं और गलत तरीके से डेटा भर रहे हैं।

## फुटबॉल टूर्नामेंट व मुर्गा पाड़ा का होगा आयोजन

चांडिल। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिलका कल्याण समिति गांगुडीह पुनर्वास द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता, मुर्गा पाड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 30 हजार, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार तथा तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 12 हजार रुपये है। उपरोक्त जानकारी तिलका कल्याण समिति गांगुडीह पुनर्वास कमिटी के श्यामल मार्डी ने दी।

## केमिकल युक्त गंदा पानी बहाने की शिकायत

गम्हरिया। दो निजी कंपनियों द्वारा सरकारी नाले का अतिक्रमण किए जाने की शिकायधित गम्हरिया अंचलाकारी से की गयी है। इस मामले को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र महतो के नेतृत्व में अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंप उक्त नाले को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की गयी है। दोनों कंपनियों ने सरकारी नाले को अतिक्रमण कर कंपनी की चहारदिवारी बना दी है।

## बीएसीईटी ने टीवीएस के साथ किया एमओयू

जमशेदपुर। बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने अपने छात्रों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए जमशेदपुर की अग्रणी ऑटोमोबाइल विनिर्माण कंपनी, जेएएफ-टीवीएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। एमओयू के तहत बीएसीईटी के छात्रों को कंपनी के प्लांट में प्रशिक्षण दिया जायेगा और नई मशीनों पर कुशल प्रशिक्षण भी कंपनी द्वारा प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा रिक्तियां होने पर कंपनी प्लेसमेंट में सहायता भी देगी। ज्ञापन पर बीएसीईटी के चेयरमैन डॉ एसके सिंह और जेडएफ सीवीएस के दिलीप दास प्लांट हेड, राघव तिवारी (एजीएम-एचआर) ने हस्ताक्षर किये हैं।

## दो फरवरी को मनाया जायेगा शहीद दिवस

चाईबासा। पश्चिम सिंहभूम जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने डीडीसी संदीप कुमार मीणा, सदर चाईबासा एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो व जिला नजारत उपसमाहर्ता देवेंद्र कुमार सहित अन्य की मौजूदगी में टोंटो प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगसिया स्थित शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी ने स्मारक स्थल का भीतरी एवं बाहरी भाग का भ्रमण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए 2 फरवरी शहीद दिवस पर होने वाले आयोजन की तैयारियों के तदर्थ स्मारक समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

## ईपीएफओ ने पीएफ हस्तांतरण प्रक्रिया को बनाया आसान

जमशेदपुर। ईपीएफओ ने नौकरी बदलने पर पीएफ खाते के हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल बना दिया है, जिसमें अधिकांश मामलों में पिछले या वर्तमान नियोजक के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरण दावों को रूट करने की आवश्यकता को हटा दिया गया है। संशोधित प्रक्रिया की शुरुआत के साथ, यह उम्मीद की जाती है कि भविष्य में कुल 1.30 करोड़ हस्तांतरण दावों में से 1.20 करोड़ से अधिक यानी कुल दावों का 94 प्रतिशत नियोजक के हस्तक्षेप के बिना सीधे ईपीएफओ को भेजा दिया जायेगा। वर्तमान में, कुछ स्थितियों में स्थानांतरण दावों के लिए नियोजक से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है।

# गोपाल मैदान के विशाल टुसू मेला में दिखी झारखंडी संस्कृति की झलक

## आकर्षक टुसू चौड़ल को देखने उमड़ा जनसैलाब, वाद्य यंत्रों की धुन व लोकगीतों पर थिरके लोग

□ आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत को संजोने की अपील

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड वासी एकता मंच ने बिष्टुपुर के ऐतिहासिक गोपाल मैदान में मंगलवार को विशाल टुसू मेला का आयोजन किया। जिसमें राज्य की सांस्कृतिक व पारंपरिक गीत-नृत्य की प्रस्तुति हुई। दूरदराज के गांवों व आसपास के राज्यों से आये आकर्षक टुसू चौड़ल व बूढ़ी गाड़ी नाच के लिए नगद पुरस्कार भी दिये गये। साथ ही मेला में आनेवाले सभी प्रतिमा व चौड़ल के लिए सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। पुरस्कार के मद में लाखों रुपये बांटे गये। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युतवरण महतो, विधायक सविता महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व पार्षद सारथी महतो, मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो, बिल्डर फणींद्र महतो, रमेश हांसदा, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, बिल्डर विकास सिंह, आर के सिन्हा आदि मौजूद थे।

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि आज झारखंड की भाषा व संस्कृति खतरे में है, जिसे बचाने की जरूरत है। क्योंकि समाज के लोग पढ़-लिखकर व उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी परंपरा से दूर होते जा रहे हैं। वैसे लोग गले में मांदर, धमसा आदि टांगकर बजाने में शर्म महसूस कर रहे हैं। उन्हें यह याद रखने की जरूरत है कि यही विरासत हमारे पूर्वजों की देन है। पुरानी सांस्कृतिक विरासत ही अमूल्य धरोहर है, जिसे जीवित रखने की जिम्मेवारी हम सबकी है। उन्होंने 4-5 टुसू गीत गाकर पूरा नजारा ही टुसूमय बना दिया। उन्होंने चल सोजोनी जाबो जोमुना, देखे आसबो कालो सोना, दुनिया पागोल मोदेर बोतोले, तोखे कोन साला पागोल बोले, मास पीठा होबेक मोकोरे गाया। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि लौहनगरी की यह धरा शहादत की धरती है। झारखंड की यही आपसी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए टुसू मनाते हैं। आस्तिक महतो ने टुसू प्रतिमा व चौड़ल का इतिहास लोगों के समक्ष रखते हुए कहा कि इस राज्य की संस्कृति ही लोगों के लिए आकर्षण है। साथ ही उन्होंने लोगों से एक रहने व नशे से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षद खगेन महतो, पूर्व पार्षद स्वपन महतो, सुखदेव महतो, बबलू महतो, सचिन महतो, सुनील महतो मीता, करमू हांसदा, चुनका मार्डी, लालटू महतो, सत्यनारायण महतो जुटे रहे।

**अतिथियों ने किया शहीदों को माल्यार्पण** : मेला में मुख्य मंच के समीप झारखंड अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़नेवाले व मेला आयोजन में महती भूमिका निभानेवाले लोगों के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। उन चित्रों में शहीद रघुनाथ महतो, शहीद बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, शहीद निर्मल महतो, शहीद सुनील महतो, स्व सुधीर महतो व पूर्व विधायक साधु चरण महतो के नाम शामिल है।

**टेंपो में हेलीकाप्टर रहा आकर्षण का केंद्र** : मेला में वैसे तो कई नृत्य व गीत दल आकर्षण का केंद्र रहा, लेकिन एक ऑटो (टेंपो) को हेलीकाप्टर का रूप विशेष आकर्षण रहा। उक्त ऑटो एक स्थान पर भ्रमण करता रहा, जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी।





1. मांदर बजाते सांसद विद्युतवरण महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, साथ में आस्तिक महतो व कलाकार। 2. टुसू मेले में दूर-दूर से आये टुसू चौडल और उमड़ा जनसैलाब। 3. सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करती आदिवासी युवतियां व महिलाएं।

**ठेला खोमचावालों की भी रही चांदी** : मेला में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इस अवसर पर काफी संख्या में ठेला खोमचा वाले भी थे। मेला परिसर के बाहर गोलगप्पा, चना, मिठाई, चाय, बादाम आदि के दुकान लगे थे, जिसका आनंद वहां आनेवाले लोगों ने खूब उठाया।

**रंजीत महतो एंड टीम ने बांधा समा** : मशहूर झूमर गायक रंजीत महतो (मनोहरपुर) ने अपनी नृत्य टीम के साथ कई गीत गाकर समा बांध दिया। इसकी शुरुआत उन्होंने पोहिले बूढ़ा बाबा... से की। इसके बाद उन्होंने बोंडोर पोरे जाबो..., एगो बुलु साड़ी पिन्धी धोनी कमर तहलकाय... सहित कई टुसू व झूमर गाकर लोगों को देर शाम तक झूमने को मजबूर कर दिया।





**विजेता हुए पुरस्कृत** : मेला में टुसू के लिए सात, चौड़ल के लिए चार तथा बूढ़ी गाड़ी नाच के लिए चार विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। टुसू विजेताओं को प्रथम से सप्तम क्रमशः 31 हजार, 25 हजार, 20 हजार, 15 हजार, 11 हजार, 7 हजार व 5 हजार रु दिया गया। चौड़ल के लिए क्रमशः 25 हजार, 20 हजार, 15 हजार 11 हजार रु शामिल थे। वहीं बूढ़ी गाड़ी नाच के लिए क्रमशः 15 हजार, 11 हजार, 7 हजार व 5 हजार रु शामिल है।

### विजेताओं के नाम

**टुसू प्रतिमा**
प्रथम : सुधीर महतो (चाडरी)
द्वितीय : जनार्दन महतो (सोसोमोली, राजनगर)
तृतीय : धनंजय महतो (पदनामसाई, राजनगर)
चतुर्थ : सूरज महतो (तुमुंग, राजनगर)
पंचम : प्रशांत (उज्जपुर, नमरिया)
छठा : गणेश चंद्र महतो (गंगरली)
सातवां : प्रदीप महतो (सिंधुकोपा)

**चौड़ल**
प्रथम : श्री श्री मां दुर्गा चौड़ल समिति (बांधडीह, तमाड़ रांची)
द्वितीय : शिव शंकर महिला समिति (डोडांघा, सिंदरी पुरुलिया)
तृतीय : आदिवासी किसान चौड़ल समिति (कुजियाम्बा, खूंटी)
चतुर्थ : न्यू स्टूडेंट क्लब (बोड़ाम)

**बूढ़ी गाड़ी नाच**
प्रथम : फातु बास्के (बलराम बस्ती, सोनारी)
द्वितीय : मतला सोरेन (जोजोगोडा, सरायकेला)
तृतीय : मुचीराम मुर्मू (हेलीकाप्टर)
चतुर्थ : दुनाराम बास्के (बाबा तिलका माझी, सोनारी)

# राष्ट्रपति भवन में सम्मानित होंगी वन्दे भारत की आदिवासी लोको पायलट ऋतिका तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा नगर की सहायक लोको पायलट ऋतिका को राष्ट्रपति भवन से सम्मानित करने की सुचना मिलते ही टाटा नगर रेलवे विभाग में खुशी की लहर देखने को मिल रहा है। टाटा नगर के एआरएम ने खुशी जताते हुए कहा है कि महिला स्टाफ को सम्मान मिलने से पूरे विभाग में खुशी की लहर है। राष्ट्रपति के हाथों ऋतिका को जो सम्मान देने का निश्चय किया गया है, ऋतिका उसकी हकदार भी है। उन्होंने कहा कि ऋतिका पहली ट्राइबल महिला है, जो प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन करने के पश्चात वन्दे भारत ट्रेन को लेकर टाटा से पटना तक का सफर पूरी की थी। उन्होंने इस सम्मान के लिए ऋतिका को बधाई दी है। ऋतिका ने बताया कि जब मुझे राष्ट्रपति भवन से पत्र मिला तब से ही घर और रेलवे विभाग में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक खुशी मुझे है कि एक महिला राष्ट्रपति के हाथों मुझे सम्मानित किया जायेगा।



सम्मान कार्यक्रम की जानकारी देतीं ऋतिका व अन्य।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर बंग बंधुओं ने किया भव्य समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। सामाजिक संस्था बंग बंधु 23 जनवरी को देश नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती को धूमधाम से मनायेगी। इस विशेष अवसर पर जमशेदपुर के सभी बांग्ला भाषी संस्थान एक साथ आकर नेताजी की जयंती को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करेंगे। उक्त जानकारी साकची बंगाल क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में संस्था की अध्यक्ष अर्पणा गुहा और महासचिव उत्तम गुहा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को सुबह संस्था के चारों जोन-साकची, बिष्टुपुर, परसुडीह, सुंदरनगर, कदमा, सोनारी, बारीडीह, टेल्को बिरसानगर-से महिलाएं, बच्चे और पुरुष एकत्र होकर साकची पहुंचेंगे। भव्य झांकी का आयोजन साकची आमी हॉस्पिटल से एक विशाल झांकी निकाली जायेगी। इस झांकी में महिलाएं और बच्चे देशभक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए साकची नेताजी सुभाष मैदान तक पहुंचेंगे। झांकी के दौरान देशभक्ति के माहौल को और भी प्रेरणादायक बनाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक झलकियां प्रस्तुत की जायेंगी।

# जय बापू, जय भीम, जय संविधान : जुगसलाई की प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने निकाली पदयात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। जुगसलाई प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष कैसर आलम अंसारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। पदयात्रा के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोगी मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि समरेन्द्र घोष ने पदयात्रा को फ्लैग दिखा कर रवाना किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत जय बापू जय भीम जय संविधान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का शुभारंभ जुगसलाई प्रखंड के अंतर्गत प्रदीप मिश्र के प्रतिमा पर मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं कांग्रेस के पदाधिकारी ने माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस दौरान पदयात्रा के क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों की तख्ती एवं कांग्रेस पार्टी का झंडा लेकर संविधान रक्षा का नारा लगाया, जय बापू जय अंबेडकर का उद्घोष किया, हम जनता को संविधान के रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। पदयात्रा आगे बढ़ते हुए मछुआ बस्ती पहुंच कर आमसभा में तब्दील हो गयी। प्रदेश सचिव के के शुक्ल ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने हमारे पूर्वजों ने भारत के संविधान की रचना की, जिसे वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा खासकर पीएम मोदी संविधान को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। हम सभी आम जनता को यह बात समझना होगा कि हमारे पूर्वजों ने बलिदान देकर सोने पर गोलियां का बौछार खाकर, अनेक प्रताड़ना अंग्रेजों से सहकर आजादी दिलायी और हमें स्वतंत्र कराया। जिला महामंत्री ज्योति मिश्र ने कहा कि पूरा देश पूरा राष्ट्र संविधान की नीति पर ही चल रहा है।

# रांची में हुई अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। रांची के नामकुम स्थित समृद्धि पार्क में अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के प्रवर समिति एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी का संयुक्त बैठक प्रवर समिति के सम्मानित सदस्य आचार्य डॉ हरेराम त्रिपाठी 'चेतन' की अध्यक्षता एवं महामंत्री प्रो डॉ जयकांत सिंह 'जय' के संचालन में हुआ। जिसमें सम्मेलन के अगले अधिवेशन हेतु बिहार तथा झारखंड की ओर से दो मौखिक आमंत्रण मिले। जिस पर 15 फरवरी के बाद निर्णय लिया जायेगा। मौके पर आचार्य चेतन की पुस्तक कस्तुरी गंध कनक किशोर की पत्रिका जोहार भोजपुरी माटी : किसान अंक एवं भोजपुरी सम्मेलन पत्रिका के नये दो अंको का लोकार्पण किया गया। मौके पर छत्तीसगढ़, झारखंड एवं बिहार के कई भोजपुरी प्रेमियों ने सम्मेलन के विशिष्ट आजीवन सदस्य, आजीवन सदस्य, वार्षिक सदस्य तथा पत्रिका के आजीवन एवं वार्षिक सदस्य बने। सम्मेलन पत्रिका के रामेश्वर सिंह काश्यप तथा डॉ जितराम पाठक विशेषांक के अलावा पहले से सम्मेलन पत्रिका में अब तक छपे आलोचनात्मक एवं शोधपरक आलेखो का संकलन अंक निकालने पर विचार किया गया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन को ले बनी डीएलसी

■ उपायुक्त के निर्देश पर समाहरणालय में बैठक
■ जिप अध्यक्ष, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिप उपाध्यक्ष, निदेशक एनईपी, विद्युत कार्यपालक अभियंता व अन्य हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति गठित की गयी। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा हुई व योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, निदेशक एनईपी, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता व अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी में सांसद, जमशेदपुर विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे तथा सदस्य जिप अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिप, जिप उपाध्यक्ष, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर डिस्कॉम एवं लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सदस्य के रूप में शामिल किये गये हैं।

# चेहरा देख काम न करें जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल : सरयू राय

■ अफसरों को दौरा करना चाहिए बस्तियों का, तब समझ में आयेगा समस्या कहां और कितनी विकराल है
■ विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद कदमा, सोनारी जैसे इलाकों में सफाई व्यवस्था लचर हो गयी
कदमा और सोनारी के सफाई ठेकेदार लापता, इलाकों में फैलता जा रहा है गंदगी का साम्राज्य
■ पूर्व मंत्री 25 सफाईकर्मियों का इस्तेमाल अपनी मर्जी से करते थे

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वे क्षेत्र में जनसुविधाओं का काम जनहित में करें, किसी व्यक्ति का चेहरा देख कर नहीं। यह भी कहा कि टाटा स्टील यूआईएसएल और जेएनएसी को जनहित में काम करना चाहिए, पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए। कोई मंत्री रहा हो या कोई दबंगई दिखाए तो आप उसे दो दर्जन मजदूर दे देंगे और जहां जनता का सवाल आये, वहां आप चुप्पी साध लेंगे। यह नहीं चलेगा। एक बार जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल के अफसरों को बस्तियों का दौरा करना चाहिए ताकि इन्हें पता चल सके कि लोग रोज कचरा, नाले, साफ-सफाई आदि की किन समस्याओं से रोज जूझ रहे हैं।



सरयू राय, विधायक।

यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि जेएनएसी के उप नगर आयुक्त, टाटा स्टील यूआईएसएल के अफसरों और भूमि विभाग के अधिकारियों संग कल एक बैठक की थी। इस बैठक में जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, टाटा स्टील यूआईएसएल के महाप्रबंधक आरके सिंह, पेयजल विभाग के प्रभारी संजीव झा और टाउन लैंड के अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद कदमा, सोनारी जैसे इलाकों में सफाई की व्यवस्था लचर हो गयी है। बस्तियों में पीने के पानी के लिए जो कनेक्शन चार्ज तय किया गया है, वह बस्तीवासियों के लिए काफी अधिक है। उन्होंने याद दिलाया कि टाटा स्टील यूआईएसएल ने चुनाव के पहले तक कदमा और सोनारी में सफाई के लिए तत्कालीन विधायक और मंत्री को 25 सफाईकर्मी दे रखा था। इन 25 सफाईकर्मियों का उपयोग वह (तत्कालीन मंत्री-सह-विधायक) अपनी मर्जी से करते थे। चुनाव होते ही ये सभी कर्मचारी सफाई के काम से गायब हो गये। वह यह नहीं चाहते कि ये सफाईकर्मी उनके कहने पर काम करें, बल्कि नैतिकता का तकाजा है कि टाटा स्टील यूआईएसएल को इतने ही कर्मी जेएनएसी को दे देना चाहिए।

## एक नजर में

## संत आंद्रीयास चर्च का मिलन समारोह मना



जमशेदपुर। सीएनआई चर्च जमशेदपुर पेरिश के अंतर्गत संत आंद्रीयास चर्च का पिकनिक सह वार्षिक मिलन समारोह 2025 रानी फॉल्स, सोयको खूंटी में आयोजन किया गया। जिसमें चर्च के 250 सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं के लिए चम्मच रेस, रस्साकसी, बैलून रेस, हांडी फोड़, म्यूजिकल चेयर रेस जैसे मनोरंजक खेलों का आनंद लिया गया। इसे सफल बनाने में मौली रुंडा, जुनुल सिरूम, निरल रोहित खलखो, अनुज, मार्शल विनीत मड़की का योगदान रहा।

## 300 भूमिज बहुल गांव में मना माघ बुरु पूजा



जादूगोड़ा। जादूगोड़ा से सटे नूतन डीह समेत पोटका के 300 भूमिज बहुल गांव के ग्रामीणों ने माघ बुरु की पूजा की। मौके पर जाहिरा में ग्राम देवता से गांव की सुख-समृद्धि की कामना की गयी। इसके पूर्व धमसा व ढोल नगाड़े बजाते हुए जादूगोड़ा के नुतनडीह जाहिरा में माघ बुरु पूजा के साथ ही आज से शुभ काम का शुभारंभ हो गया। जानकारी हो कि आदिवासी भूमिज- समाज का नया वर्ष पहला माघ यानी 15 जनवरी से प्रारंभ होता है। इस अवसर पर भूमिज समुदाय के हर गांव में सुख समृद्धि को लेकर पूजा होती है। मौके पर सिदेश्वर सरदार, रामेश्वर सरदार, नाया बृहस्पति सरदार, देवरी पटल सरदार, कुड़ाम नाया गुरु पद सरदार ,रामेश्वर सरदार, कार्तिक सरदार, भागीरथी सरदार ,विष्णु सरदार ,सिद्धेश्वर सरदार उपस्थित रहे।

## महिलाओं के बीच कंबल का वितरण



जमशेदपुर। विधायक सरयू राय के निर्देश पर वार्ड नंबर 5 में सैकड़ों महिलाओं के बीच कंबल वितरण का किया गया। कंबल मिलने पर महिलाओं के बीच उत्साह दिखा। कंबल वितरण में सुनीता सिंह, प्रतिमा देवी, सोनी देवी, ममता ठाकुर और अन्य लोग उपस्थित थे।

## इसरो ने किया जीएसटी के अधिकारी का सम्मान



जमशेदपुर। आदित्यपुर आद्योगिक क्षेत्र की अग्रणी लघु उद्यमियों की संस्था, इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्मिंग आर्गेनाईजेशन (इसरो) के स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा सालगिरह माह मनाया जा रहा है। इसरो का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष रूपेश कतरियार की अगुआयी में झारखंड जीएसटी के अधिकारी सहायक आयुक्त विनय शंकर को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो दे कर सम्मान किया गया। मौके पर सचिव पंकज झा, सौरभ चौधरी एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेश्वर जायसवाल आदि भी थे।

## विश्व गायत्री परिवार की ज्योति कलश रथ यात्रा



गम्हरिया। अखंड दीपक प्राकट्य शताब्दी एवं परमवंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार की ओर से ज्योति कलश रथ यात्रा करते हुए मंगलवार को गम्हरिया स्थित विद्या भारती उच्च विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को अखंड ज्योति का दर्शन कराया। शांतिकुंज हरिद्वार से आये संत ने बच्चों को गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ गायत्री महामंत्र की महिमा से परिचित करवाया। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष, सचिव, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण आईएसएल मुकाबले से पहले हैदराबाद पहुंची जमशेदपुर एफसी की टीम

जमशेदपुर। जमशेदपुर एफसी आज हैदराबाद पहुंची, जहां वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित मैच की तैयारी कर रही है। यह मुकाबला 23 जनवरी को शाम 7:30 बजे जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेला जायेगा। मुख्य कोच खालिद जमील के मार्गदर्शन में टीम मोहन बागान एफसी के खिलाफ अपनी हालिया जीत और ड्रॉ के बाद प्रशिक्षण ले रही है। आईएसएल तालिका में दूसरा स्थान हासिल करने के इरादे से जमशेदपुर एफसी हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए दृढ़ है। वर्तमान में आईएसएल तालिका में चौथे स्थान पर काबिज जमशेदपुर एफसी का सामना दृढ़ निश्चयी हैदराबाद एफसी से होगा, जो अंतिम स्थान पर होने के बावजूद एक रोमांचक मुकाबले का वादा करता है।

## स्पीड न्यूज

### पायलट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेगा पाल्हे खुर्द का सुभाषचंद्र शुक्ला



**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के पाल्हे खुर्द के सुभाष चंद्र शुक्ला का चयन नई दिल्ली में अखिल भारतीय पुलिस कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 में हुआ है। ज्ञात हो कि सुभाष बोकारो जिला पुलिस के जवान हैं। पायलट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए झारखंड प्रदेश से 16 सदस्यीय पुलिसकर्मियों की एक टीम बनी है जो इसमें भाग लेगी। चयन के लिए रांची धुर्वा में क्रिकेट खेलनेवाले 300 पुलिस कर्मी शामिल हुए थे। चयनकर्ताओं की टीम ने 16 सदस्यीय टीम चुनी है, जिसमें सुभाष ऑल राउंडर की भूमिका में रहेंगे। इनके चयन होने पर पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बधाई दी है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी में विधायक प्रतिनिधियों ने की बैठक



**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता और पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, संतोष वर्मा, जसवंत कुमार, कार्तिक सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ महेंद्र प्रसाद, मणिप्रीत सिंह, डॉ विनोद कुमार, डॉ रामचरित सिंह और धर्मेंद्र व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। बैठक में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति और केंद्र की जरूरतों पर चर्चा हुई। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए कई सुझाव आये।

### महाकुंभ को लेकर आमंत्रण रथ रवाना



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के राजोगाड़ी में 13 और 14 अप्रैल को दो दिवसीय महाब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर महाब्राह्मण समाज का आमंत्रण रथ चतरा जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही समाज के लोगों को आमंत्रण देने का दौर शुरू हो गया है। श्री तिवारी ने कहा कि 12 वर्ष बाद पुनः यहां महाब्राह्मण का महाकुंभ लगेगा। मौके पर अध्यक्ष अवधेश तिवारी, प्रदुमन तिवारी, विनोद तिवारी, दीपक तिवारी, कृष्णा तिवारी, अजय तिवारी, शिवनाथ पांडे, जितेंद्र तिवारी, रामप्रकाश तिवारी मौजूद थे।

### चार वार्डों में किया गया कंबल वितरण



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप ने मंगलवार को चार वार्डों में 460 जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। वार्ड एक में पार्षद किरण देवी व कनीय अभियंता संदीप मौर्या ने 120 कंबल बांटे। वार्ड 14 में गोपाल राम व निवर्तमान वार्ड पार्षद कामता प्रसाद ने 120 कंबल बांटे। गोपाल ने कहा कि सरकार की हर योजनाओं को धरातल पर उतार उसे वास्तविक जरूरतमंद तक पहुंचाना प्राथमिकता है। वार्ड तीन में भी 110 कंबल नप उपाध्यक्ष अनिल पांडेय व सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने बांटे। मौके पर अखिलेश विश्वकर्मा, कमलेश चौधरी भी थे।

### रामगढ़ पहुंचा जय बापू जय भीम यात्रा



**रामगढ़ पलामू।** पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में 17वां दिन जय बापू जय भीम जय संविधान अभियान पलामू के डाल्टनगंज विस के रामगढ़ प्रखंड में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष उदय यादव ने किया। सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अभियान यात्रा शुरू की। श्री पाठक ने कहा कि आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बनाकर लोकतांत्रिक मूल्य को पाठ पढ़ाया था। लेकिन भाजपा अपनी खीज संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है। मौके पर श्याम नारायण सिंह, रामाशीष पांडे, कामेश्वर तिवारी, शमीम अहमद रयान, विद्या सिंह चेरो, जितेंद्र कमलापुरी, मिट्ठू खान, सोनू खान आदि मौजूद थे।

### समावेसी शिक्षा का प्रशिक्षण समाप्त



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के प्रांगण में जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान पलामू का पत्रांक 1570 दिनांक 15.01.2025 के आदेश के आलोक में समावेसी शिक्षा के अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यक्रम मंगलवार किया गया। जिसका उद्घघाटन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, रंजना भारती, समावेसी शिक्षा के जिला प्रभारी राजीव चौबे व मास्टर ट्रेनर पवन गुप्ता ने किया। मौके पर विनोद कुमार, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, बीआरसी कर्मी, जयप्रकाश राम, अभय सिंह, शनि दास आदि भी मौजूद थे।

### तैलिक साहू समाज की एकजुटता ही हमारा एकमात्र लक्ष्य : रामदास साहू



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदरी वन विभाग नाका के पास तैलिक साहू समाज ने वनभोज सह मिलन समारोह किया। मुख्य अतिथि पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष ललन साहू का लोगों ने जोरदार स्वागत किया। अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि समाज को एकजुट करना उनका एकमात्र लक्ष्य है। तैलिक साहू समाज को मजबूत करने के लिए वह तन-मन-धन से संकल्पित हैं। प्रमंडल के साथ-साथ झारखंड में समाज को मजबूत करना उनका संकल्प हैं। मौके पर प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष रमेश साहू, जिलाध्यक्ष ललन साहू, विपिन बिहारी, सुबा साव, अमरेश साव, अशोक प्रसाद, सुखारी साव, विजय साहू, रामलाल साव, रमेश साहू, बासुदेव प्रसाद, बच्चन साहू, कंचन प्रसाद आदि मौजूद थे।

# अब पलामू शहर को भी क्रिकेट कोचिंग अकादमी की जरूरत है : अरुणा शंकर

**>> बच्चों ने मेरे जन्मदिन को खास बना दिया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर में इलेवन फाइटर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित हिंदू एकता दल के सहयोग से शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। कहा क्रिकेट युवाओं का सबसे लोकप्रिय खेल है, जिसकी लोकप्रियता विदेशों तक है।

खासकर हमारे देश के कई खिलाड़ी इसी तरह छोटे शहर से मैच खेल कर देश और विदेश में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कहा कि आज क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़े सरताज में एक झारखंड के धोनी भी इसी पृष्ठभूमि से आगे बढ़े और कई बार डाल्टनगंज भी मैच खेलने आये जो हमारे शहर के लिए सौभाग्य की बात है।

■ एक क्रिकेट कोचिंग एकेडमी को लेकर पहल शुरू करेंगी प्रथम महापौर अरुणा शंकर



प्रथम महापौर ने कहा- अब हमारा शहर धीरे-धीरे बड़े शहरों की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। यहां भी एक क्रिकेट कोचिंग अकादमी की जरूरत है, जहां हमारे शहर के युवा भी कोचिंग ले सकें और हमारे शहर में डॉक्टर, इंजीनियर की तरह एक धोनी भी निकल सके। यह तभी संभव है जब एक शानदार क्रिकेट कोचिंग अकादमी और अच्छा ट्रेनर उपलब्ध हो। इसके लिए मैं प्रयास करूंगी। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष सनत गुप्ता, सोम गुप्ता, रोशन गुप्ता, सचिन गुप्ता एवं चंदू कमलापुरी ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर के जन्मदिन पर कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की। जिसपर प्रथम महापौर भावुक होते हुए कही कि बच्चों ने मेरे जन्मदिन को खास बना दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, शैलू चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, विजय कमलापुरी, सलामुद्दीन खान, प्रदीप प्रसाद, राजू सोनी एवं दोनों टीम के कप्तान व काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सदर थाना में आज सदर अनुमंडल स्तरीय पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीजीपी के निर्देश पर झारखंड के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर सदर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्र का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 22 जनवरी को सदर थाना क्षेत्र में पूर्वाह्न 11 से आयोजित किया जायेगा।

**ये पदाधिकारी रहेंगे मौजूद :** इस कार्यक्रम में सदर अनुमंडल क्षेत्र के रामगढ़, चैनपुर, शहर, सदर, सतबरवा, पड़वा, पाटन, नावा जयपुर के अलावे महिला थाना, एससी एसटी थाना के अलावे अन्य कोषांग के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जहां लोग अपनी समस्या के समाधान के लिए पुलिस पदाधिकारी के समक्ष रखेंगे। जिसका समाधान ऑन स्पॉट के अलावे त्वरित गति से किया जायेगा।

**>> जन शिकायत समाधान के प्रति लोगों में जगा है विश्वास : रिष्मा रमेशन**



रिष्मा रमेशन, पलामू एसपी।

**क्या बोलीं एसपी :** इस संबंध में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रमेशन ने कहा कि पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के प्रति लोगों का विश्वास जगह है। इसके साथ ही लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस के समक्ष निःसंकोच रूप से आ रहे हैं। जिनका लाभ उन्हें मिल भी रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आप अपनी समस्या का समाधान के लिए निश्चित रूप से आये। पुलिस आपके हर सुख दुख के साथ सदैव खड़ी है।

# अवैध पोस्ता खेती का भंडाफोड़ दो गिरफ्तार, उपकरण बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू पलामू।** पलामू पुलिस ने अवैध रूप से अफीम की खेती का भन्डा फोड़ किया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है साथ ही उपकरण को बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन ने बताया कि दिनांक 20 जनवरी को, समय करीब 9:20 बजे, गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मनातू थाना अंतर्गत ग्राम-जसपुर, टोला-गौरया, जिला-पलामू के जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है।

सूचना प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए और उनके निर्देशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी, मनातू, स०अ०नि० तुराम पुर्ती, स०अ०नि० सत्येन्द्र कुमार, वन विभाग मनातू प्रक्षेत्र के प्रभारी वनपाल अमरेश कुमार पासवान, वन विभाग के अधिकारी आशुतोष कुमार तिवारी शामिल थे।

दल ने सूचना के सत्यापन और कार्रवाई हेतु थाना से प्रस्थान किया। समय करीब 12:05 बजे ग्राम- जसपुर, टोला- गौरया के जंगल क्षेत्र के पिछरी नाला के तट पर पहुंचकर देखा कि पांच व्यक्ति अवैध अफीम खेती में कार्यरत हैं। पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति जंगल की ओर भागने लगे।

सशस्त्र बल और वन विभाग के कर्मियों के पीछा करने पर दो व्यक्तियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों में सतेन्द्र पासवान (40), पिताः उदेश्वर पासवान, ग्राम- सोहे, थाना- मनातू, लखन यादव (45), पिताः नगेश्वर यादव, ग्राम- सोहे बताया गया है।





कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम और गिरफ्तार आरोपी।

# युद्धस्तर पर चलाया जायेगा झामुमो का सदस्यता अभियान: राजेंद्र सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कार्यालय में संयोजक मंडली की बैठक राजेन्द्र सिन्हा के अध्यक्षता में हुई। जिसमें केंद्रीय समिति के आदेश पर पार्टी का सदस्यता अभियान एवं पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय कमिटी के पुनर्गठन समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। 24 जनवरी को छहमुहान पर सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी। वहीं 25 को जीएलए कॉलेज के मैदान में सदस्यता अभियान चलेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेता के साथ एकजुट होकर एकजुटता के साथ युद्धस्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा तथा एक महीने के भीतर पलामू जिले में सभी पंचायत एवं वार्ड समितियों का पुनर्गठन कर लिया जायेगा। इसके साथ ही प्रखंड, नगर और महानगर समितियों का गठन भी किया जायेगा। सभी संयोजक सदस्य बूथ स्तर तक जायेंगे और नये सदस्य बनाने का काम करेंगे।



सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**खास बातें :** संयोजक मंडली के प्रमुख राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने बैठक में मौजूद सभी संयोजक सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी पार्टी पलामू में काफी मजबूत है। अब लोग झामुमो से जुड़ना चाहते हैं और हेमंत सोरेन की लोकप्रियता हर वर्ग में सबसे अधिक है। हम बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करेंगे और सभी वर्गों और उम्र के लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे।उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिला के नेताओं सहित प्रखंड और पंचायत के नेताओं को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जायेगी। संयोजक सदस्य संजीव तिवारी ने कहा कि जो कार्यकर्ता सबसे अधिक सदस्य बनाएगे उसे पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में संयोजक सदस्य सन्नू सिद्धिकी, सुनील तिवारी, बालकिशन उरांव, चंदन प्रकाश सिन्हा, सन्नी शुक्ला, हाजी ललन, रंजित जायसवाल, संजू देवी, फजयल अंसारी व अन्य मौजूद थे।

## सामाजिक दशा में सुधार के लिए एकजुटता बेहद जरूरी है : अजय

■ ब्राह्मण महासभा की पांकी प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की पांकी प्रखंडस्तरीय बैठक बाबा मैरिज हॉल में हुई। मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी थे। बैठक में महासभा के कार्य, उद्देश्य, सांगठनिक स्थिति, सदस्यता अभियान सहित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सत्यप्रकाश पांडेय ने की। संचालन उपाध्यक्ष श्याम नंदन ओझा ने किया। विचार विमर्श के बाद तय किया गया कि सदस्यता अभियान तेज किया जायेगा। प्रखंड कमेटी का गठन कर पंचायत स्तर तक संगठन विस्तार का निर्णय लिया गया। बैठक में भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण, संस्कृत स्कूल खोलने के लिए जमीन तलाशने, सामूहिक विवाह, श्रीमद्भागवत कथा आयोजन पर सहमति बनी।



## सीएचसी के वर्ष के पहले आयुष्मान आरोग्य शिविर में 103 लोगों की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** जिला स्वास्थ्य समिति ने मंगलवार को स्थानीय सीएचसी में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया। इसका उद्घाटन डॉ पूजा सिन्हा, डॉ अरविंद कुमार, डॉ साजिद अंसारी, बीएएम राजकुमार सिंह ने किया। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच व उपचार के साथ निःशुल्क दवा दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक माह की 21 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान आरोग्य शिविर लगेगा। वहीं 22 को पिपरा प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में तथा 24 को हरिहरगंज शहर के मेन रोड स्थित मवि अररुआ खुर्द मैदान पर प्रखंड स्वास्थ्य मेला लगेगा। जिसमें लोगों के स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवा का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर बीडीएम दीपक कुमार, बीएचडब्लू अनिल राम, एएनएम मधु कुमारी, रीना कुमारी, जयंती कुमारी, स्वास्थ्यकर्मी विमलेश प्रसाद नंदलाल प्रसाद, निर्मल कुमार, शेखर कुमार, राजेश कुमार,सहित कई लोग उपस्थित थे।



### पिकअप-बाइक में भिड़ंत, तीन लोग घायल



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर-रेहला मुख्य पथ पर बरवाडीह अमन पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को पिकअप व बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी। इसमें तीन लोग घायल हो गये। विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीनों का इलाज चल रहा है। घायलों में जमडीहा का संजीव मेहता, उसकी पत्नी ज्ञानती देवी व चंपा शामिल है। संजीव को प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

### पलामू में खुला द आर डेट कैफे का दूसरा ब्रांच



**मेदिनीनगर।** मेडिकल कॉलेज के सामने *द आर डेट कैफे* के दूसरा ब्रांच का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने किया। मौके पर कैफे के संस्थापक उज्ज्वल सिन्हा ने कहा कि पहले ब्रांच के सफल होने पर वो दूसरा ब्रांच खोले हैं। उम्मीद है पहले की तरह ये भी सफल होगा। बताया कि यहां शादी पार्टी, बर्थडे, एनिवर्सरी जैसे मौके पर आप शहर से एकदम कम दर पर बुकिंग करा सकते हैं। रामकृष्ण सेवा समिति के उपाध्यक्ष शुभम प्रसाद ने कहा कि द आर डेट कैफे बिल्कुल अलग सुविधा देती है। शहर के बाकी होटल में ये सर्विस नहीं मिलेगी। शहरवासियों को एक बार इसका आनंद जरूर लेना चाहिए। मौके पर शहर के गणमान्य उपस्थित थे। उन सभी ने मिलकर वहां के स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया और उसकी प्रशंसा की।

### 24 को कर्पूरी ठाकुर जयंती मनायेगी नाई महासभा



**मेदिनीनगर।** नाई महासभा की बैठक बस स्टैंड के समीप हुई। इसमें 24 जनवरी को भारत रत्न सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम पूर्वाह्न 9 बजे होगा। इसके तहत चैनपुर प्रखंड के टेंपो स्टैंड में स्थापित भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किया जायेगा। इसके पूर्व नाई महासभा के सभी सदस्य शाहपुर के स्वामी विवेकानंद चौक से बाइक रैली के तहत चैनपुर पहुंचेंगे। बाइक रैली के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन किया जायेगा। नाई महासभा के अध्यक्ष धनंजय ठाकुर ने नाई समाज के साथ सभी लोगों से भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिह्नों पर चलने हेतु संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने सभी लोगों, पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। कहा कि जननायक सभी वर्ग की बात करते थे। इसलिए जनभागीदारी सुनिश्चित करें।

## भाजपा ने बाबा साहेब का हमेशा सम्मान किया है : सुचिता सिंह

■ संविधान गौरव अभियान के तहत बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर पलामू।** मंगलवार को शक्ति केंद्र पंजरी कला में भाजपा बिश्रामपुर ग्रामीण मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रीता सिंह की अध्यक्षता में संविधान गौरव अभियान के तहत एक बैठक हुई। बैठक में सबसे पहले डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। अध्यक्षता रीता सिंह व संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष जिला कार्य समिति के सदस्य किरण चंद्रवंशी ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सह पलामू जिला प्रभारी सुचिता सिंह ने बताया कि कांग्रेस अफवाह फैलायी कि मोदी जी संविधान खत्म कर देंगे। उसे लेकर हर मंडल में भाजपा संविधान गौरव अभियान चला कर महिलाओं को जागरूक कर बता रही है कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो डॉ अंबेडकर को भारत रत्न देकर सम्मानित किया।



### 23 को पाटन प्रखंड में स्वास्थ्य मेला

**पाटन पलामू।** झारखंड सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा पलामू जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में पाटन बीपीएम शशी कान्त ने बताया कि 24 जनवरी तक पलामू जिला के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेल के माध्यम से लोगों को चिकित्सकों के द्वारा इलाज करते हुए निःशुल्क दवा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को पाटन प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा।

## नावा बाजार प्रखंड कार्यालय के मेले का डीडीसी व सिविल सर्जन ने लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड स्वास्थ्य मेला 2025 में मंगलवार को नावा बाजार प्रखंड कार्यालय के समीप स्वास्थ्य मेला लगा। इसमें 700 से अधिक मरीजों की जांच की गयी। डीडीसी शब्बीर अहमद एवं सिविल सर्जन डॉ अनिल ने आमजनों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीसी ने अपना बीपी व सुगर की जांच करवा कर मेले की सुविधाओं का आकलन किया।

**लगे थे 25 से अधिक काउंटर :** इस स्वास्थ्य मेले में आमजनों की जांच हेतु 25 काउंटर बने थे। इनपर लोगों की टीबी, बीपी, सुगर, सिकल सेल एनीमिया, कुष्ठ, नेत्र जांच सहित अन्य जांच की गयी। इस दौरान 58 मरीज टीबी के मिले, इसमें 10 नये मरीज थे।

■ प्रखंड स्वास्थ्य मेला में 50 से अधिक लोगों का ऑनस्पॉट आयुष्मान कार्ड निर्गत, 700 से अधिक मरीजों की जांच



# डायन कुप्रथा और सामाजिक अंधविश्वास के खिलाफ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

■ पुलिस ने किशुनपुर में डायन कुप्रथा और सामाजिक अंधविश्वास के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किशुनपुर ओपी क्षेत्र में डायन कुप्रथा को समाप्त करने एवं समाज में व्याप्त अंधविश्वास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में किशुनपुर के सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जागरूकता अभियान किशुनपुर मध्य विद्यालय एवं किशुनपुर हाईस्कूल में आयोजित किया गया। इसमें बच्चों और स्थानीय समुदाय को डायन कुप्रथा जैसी घातक प्रथाओं के सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान लोगों को डायन प्रथा को खत्म करने के लिए बनाए गए सख्त कानूनों की जानकारी दी गयी। बताया गया कि ऐसी प्रथाओं से जुड़ी घटनाओं को रोकने और प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षा के लिए कानून का सहारा कैसे लिया जा सकता है, इसकी जानकारी दी गयी। ओपी प्रभारी ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों को डायन प्रथा, बाल विवाह एवं बाल मजदूरी के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। यह सभी चीज समाज के लिए घातक है। अपने बच्चों को समाज के प्रति जागरूक बनाएं तथा उन्हें अच्छी शिक्षा दें। तभी जाकर मजबूत समाज का निर्माण हो सकता है।



डायन प्रथा और अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाती पाटन पुलिस।

# प्रखंड कार्यालय सभागार के एकदिवसीय कार्यशाला में महिलाएं की गयीं जागरूक

■ प्रखंड कार्यालय के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर, पलामू।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को जागरूक करते हुए सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रशासन द्वारा अनुशंसित समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने की।

बताते चलें कि गोरखनाथ पांडेय ने बिश्रामपुर नप क्षेत्र के सभी वार्डों में शिविर लगाकर मंईयां सम्मान योजना से वंचित महिलाओं का सैकड़ों आवेदन संग्रहित कर अंचल कार्यालय में जमा कराया था। जिसमे से 556 महिलाओं को योजना का लाभ मिलना भी शुरू हो गया है। योजना की लाभुक महिलाओं ने कार्यशाला में बिश्रामपुर अंचलाधिकारी राकेश तिवारी को सम्मानित भी किया।

समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने बताया कि बिश्रामपुर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिये पिछले तीन दशक से प्रयासरत रहा हूं। इसके अलावा कई उल्लेखनीय समाजसेवार्थ कार्य भी किया हूं। जिसके लिये जिला प्रशासन द्वारा हमेशा सहयोग भी मिलता रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि आगे भी समाज को जागरूक करने का हमारा प्रयास जारी रहेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।



एकदिवसीय कार्यशाला में शामिल पदाधिकारी और लाभुक।

# स्टार रैंकिंग अवार्ड समारोह में डीपीएस बोकारो को मिला 7 स्टार रैंकिंग अवार्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन के अनुकरणीय प्रयासों के लिए नई दिल्ली में सीईडी इंडिया इनिशिएटिव की ओर से स्कूल लीडर कांफ्रेंस के तहत स्टार रैंकिंग अवार्ड समारोह में डीपीएस बोकारो को सेवेन स्टार रैंकिंग अवार्ड से नवाजा गया है। विद्यालय की ओर से उपप्राचार्य अंजनी भूषण ने कुमारमंगलम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो डॉ दिनेश सिंह एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ श्रीधर श्रीवास्तव एवं सीबीएसई के उप सचिव सतीश पहल सहित अन्य शीर्ष शिक्षाविदों की उपस्थिति में यह सम्मान ग्रहण किया। देशभर से 1000 से अधिक प्रविष्टियों में 140 उक्त अवार्ड के लिए चुने गए। इनमें एनईपी कैटेगरी में डीपीएस बोकारो सेवन स्टार रैंकिंग पानेवाला झारखंड का एकमात्र स्कूल रहा। विद्यालय में आयोजित विशेष असेंबली के दौरान उप प्राचार्य अंजनी भूषण ने उपप्राचार्या मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा के साथ प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को यह अवार्ड सुपुर्द किया। प्राचार्य डॉ गंगवार ने विद्यार्थियों उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को यह पुरस्कार समर्पित करते हुए बधाई दी। प्राचार्य डॉ गंगवार ने बताया कि डीपीएस बोकारो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अधिक से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और विकास-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने तथा उनके समग्र उत्थान के प्रति पूरी तरह से कटिबद्ध है। वर्चुअल रियलिटी कॉमर्स लैब एयरो लैब और रोबोटिक्स लैब जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए गए सिद्धांतों को देखने समझने और व्यावहारिक रूप से लागू करने में सक्षम बनाती हैं।

# नूनबिल माता का दर्शन करने पहुंचे विधायक बसंत व डॉ लुईस



खबर मन्त्र संवाददाता

**मसलिया।** दुमका जिले के मसलिया प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध नूनबिल मेला में मंगलवार को झामुमो के दो विधायक एक साथ नूनबिल माता के यहां माथा टेकने पहुंचे। जिसमें दुमका झामुमो विधायक बसंत सोरेन व जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। सर्व प्रथम दलाही स्थित गर्म जल कुंड में डा लुईस मरांडी ने पैर हाथ धोकर गर्म जलकुंड का छिड़क कर पवित्र भाव से फल, नमक, बताशा चढ़ाकर कर पूजा किया। मेला के व्यवस्थापक महेश शर्मा से मेले के बारे में दोनों विधायकों ने व्यवस्था के बारे जानकारी लेते हुए अगले कार्यक्रम के लिए निकल पड़े। इस मौके पर जिला सचिव निशित वरण गोलदार, प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव टुडू, असित वरण गोलदार, जयदेव दत्त, प्रसेनजित दास, दिनेश दत्त, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सुभाष दास, नितेश यादव, जेठू मियां समेत कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बोकारो : चित्रगुप्त परिवार का मिलन समारोह संपन्न



बोकारो। बोकारो के सिटी पार्क में चित्रगुप्त परिवार की ओर से वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विभिन्न खेलों में बच्चों ने भाग लिया। वक्ताओं ने समाज के विकास और शिक्षा पर विशेष बल दिया। समाज में एक दूसरे से मित्रवत व्यवहार कर आगे बढ़ने के सहयोग करने की अपील की गई। सर्वसम्मति से 9 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। मौके पर संजय सिन्हा सुनील श्रीवास्तव आरके सिन्हा मुकेश कुमार राहुल सिन्हा तरुण श्रीवास्तव रोहित कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।


**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY (JIADA), RANCHI**
JIADA Building 3rd floor Namkom Industrial Area, Lowadih, Ranchi-834010 Jharkhand.
Phone No. 0651-2460408, Telifax: 0651-2460125, Email ID: mdjiada@gmail.com

Letter No.24 | Date-20.01.2025

**e- Procurement Notice**
Ref. No. - **JIADA/32/2024-25**

JIADA invites separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for **Renovation and Furnishing work of conference hall of JIADA Building at 3rd floor Ranchi**. Interested eligible bidders are requested to submit their proposal through e-procurement portal latest by 3.00 PM on 13.02.2025.

The details of Tender Documents can be seen and applied through website http://Jharkhandtenders.gov.in only. Tender notification and Tender Document can also be seen (read only purpose) from departmental website http://Jiada.co.in.

Sd/-
Secretary
JIADA, Ranchi.

PR 344767 (RIADA (JIADA))24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा संवेदक M/s A. K.G. Construction & Developers Pvt. Ltd. Ranchi को सूचित किया जाता है कि एकरारनामा संख्या SBD-06/2022-23 को मुख्य अभियंता (CDO) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची के कार्यालय आदेश संख्या 20 दिनांक 23.08.2024 के द्वारा एकरारनामा का विखण्डन किया गया है। जिसके आलोक में अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के कार्यालय आदेश संख्या 36 दिनांक 15.10.2024 के द्वारा संयुक्त मापी हेतु टीम का गठन किया गया। उक्त आलोक में सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया के पत्रांक 286 दिनांक 07.12.2024 के द्वारा 20.12.2024 की तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें आप उपस्थित नहीं हुए। पुनः पत्रांक 300 दिनांक 23.12.2024 के द्वारा 28.12.2024 की तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें आप उपस्थित नहीं हुए। पुनः पत्रांक 08 दिनांक 07.01.2025 के द्वारा दिनांक 18.01.2025 को तिथि निर्धारित की गयी थी जिसमें भी आप उपस्थित नहीं हुए।

पुनः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.01.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे पानी टंकी स्थित अवर प्रमंडलीय कार्यालय झुमरीतिलैया में संयुक्त मापी हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि संयुक्त मापी की कार्रवाई की जा सके। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर विभागीय तकनीकी टीम के माध्यम से एक पक्षीये मापी करा लिया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
झुमरीतिलैया

PR 344809 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार**
**नगर विकास एवं आवास विभाग**

**विज्ञप्ति**

विज्ञापन संख्या– 4/न0वि0/गठन/117/2014/216 राँची दिनांक–21.01.2025

झारखण्ड क्षेत्रीय विकास प्राधिकार अधिनियम, 2001 की धारा–89 (3) में अंकित प्रावधानों के आलोक में राँची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, राँची अन्तर्गत अपीलीय न्यायाधीकरण के सदस्य (द्वितीय) की नियुक्ति हेतु निम्नांकित अर्हता एवं अनुभव प्राप्त व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र० | पद का नाम | संख्या | शैक्षणिक योग्यता | अन्य अर्हतायें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सदस्य (द्वितीय) | 01 | चार्टर्ड मूल्यांकक (Chartered Valuer) अथवा असैनिक अभियंता। | नगर निवेशन एवं सम्पत्तियों के मूल्यांकन के कार्यों का अनुभव एवं ज्ञान। |

2. इच्छुक आवेदक निम्नांकित प्रपत्र में सूचनाओं की प्रविष्टी करते हुए संबंधित सूचनाओं की सम्पुष्टि हेतु वांछित अभिलेखों की छायाप्रति संलग्न करते हुए, दिनांक–05.02.2025 के अपराह्न .06:00 बजे तक आवेदन पत्र, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, प्रधान सचिव कोषांग, चतुर्थ तल, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची, झारखण्ड के पते पर जमा करेंगे :–

**राँची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के अन्तर्गत अपीलीय न्यायाधीकरण के सदस्य (द्वितीय) की नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रपत्र**

आवेदित पद का नाम:–..............................

| नाम | पदनाम (सेवा निवृति की अंतिम तिथि को धारित पद) | जन्मतिथि | वेतनमान | संस्थान, जहाँ पूर्व में कार्यरत रहे हैं | सेवा निवृति की तिथि | शैक्षणिक योग्यता | अर्हतायें: संबंधित क्षेत्र में विशिष्ठ अनुभव | अर्हतायें: संबंधित क्षेत्र में विशिष्ठ ज्ञान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | |
| | | | | | | | | |

आवेदक का हस्ताक्षर
स्थान–
दिनांक–

3. सदस्य (द्वितीय) की सेवा अवधि 03 वर्षों के लिए होगी एवं इनकी अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्षों की होगी।
4. सदस्य (द्वितीय) अपने कार्यालय के दौरान कोई अन्य पद धारण नहीं करेगा।
5. सदस्य (द्वितीय) के वेतन एवं भत्ते/मानदेय का निर्धारण योजना–सह–वित्त विभाग के द्वारा निर्गत परिपत्र में निहित प्रावधानों के अनुरूप आदेय होंगे।

ह०/–
(राज कुमार)
सरकार के उप सचिव।

PR.NO.344818 Urban Development(24-25):D



रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 | REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–06012025–259929
CG-DL-E-06012025-259929

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 86] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 3, 2025/पौष 13, 1946
No. 86] NEW DELHI, FRIDAY, JANUARY 3, 2025/PAUSHA 13, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 3 जनवरी, 2025**

**का.आ. 88(अ)** — केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ **3173 (अ) तारीख 06/08/2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में NH 80 के कि.मी. 282.500 से कि.मी. 283.000 (अपर जिलाधिकारी, (भूमि अर्जन), मुर्शिदाबाद) के गाँव–बेओ (जे.एल. नं.–31) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"22.08.2024"** को **"द टाइम्स ऑफ इंडिया (अंग्रेजी में)"** और **"द आनन्द बाजार पत्रिका (बंगाली में)"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को अधिनियम की धारा 3–ग (1) के तहत कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में NH 80 के कि.मी. 282.500 से कि.मी. 283.000 (अपर जिलाधिकारी, (भूमि अर्जन), मुर्शिदाबाद) के गाँव–बेओ (जे.एल. नं.–31) तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

जिला : मुर्शिदाबाद
फाइल नम्बर : NHAI/PD/PIU/SBG/NH-80/LA/PKG-II/3D
अभय जैन, निदेशक
प्रकाशन तिथि : 03/01/2025
https://egazette.gov.in/(S(garkrjskyu0qqwbql5suhw5vx))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/notification_d_qr_word.cshtml?EncHid=1471902426&project_id=60588&notification_id=57178&1=2
नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।


## स्पीड न्यूज

### विधायक श्वेता ने की मां तारा की पूजा-अर्चना



बोकारो। बोकारो की विधायक श्वेता सिंह ने लोक कल्याण की कामना के साथ तारापीठ में दस महाविद्याओं में एक मां तारा की पूजा–अर्चना की। इस दौरान उनके दर्जनों शुभचिंतक व समर्थक भी मौजूद थे। सिंह ने मां तारा से बोकारो की समृद्धि व खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इस यात्रा में उनके साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता मनीष सिंह पवन झा दिव्यांशु सिंह लाल मोहन शर्मा कृष्णा तिवारी कांग्रेस के चास मुफस्सिल मंडल अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा महावीर सिंह चौधरी विश्वजीत सिंह पंकज चौधरी जगन्नाथ खुशहाल बोकारो के संस्थापक व बीएसएल के सेवानिवृत्त अभियंता अमरेन्द्र कुमार झा आदि शामिल थे।

### युवा लायंस फोर्स का मिलन समारोह 12 को



बोकारो। युवा लायंस फोर्स की बोदरो में विजय दास की अध्यक्षता और संजय शर्मा के संचालन में संपन्न बैठक में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा शामिल हुए। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से 12 फरवरी को बोदरो में युवा लायंस फोर्स का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। उसी दिन युवा लायंस फोर्स के सदस्यता अभियान की भी शुरूआत की जायेगी। बैठक में युवा नेता देव शर्मा ने कहा कि मैं दिन–रात दबे–कुचले एवं मजदूर वर्ग के लोगों के लिए खड़ा रहता हूं और आगे भी रहूंगा।

### राइडर कंपनी को शो कॉज नोटिस होगा जारी

बेरमो। फुसरो नगर परिषद द्वारा विगत एक वर्षों से नप क्षेत्र के तीन स्थानों पर अस्पताल संचालित किया गया है, ताकि स्थानीय लोगों को चिकित्सा कि सुविधा मिल सके। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि नप के शारदा कॉलोनी, घूठियाटांड़ बस्ती एवं बालू बैंकर के समीप जो अस्पताल चलाए जा रहे हैं वहां डॉक्टर ही नहीं बैठते हैं। हालांकि सिटी मिशन मैनेजर कहा कि राइडर कंपनी को अस्पताल संचालित का बीमा दिया गया है। राइडर कंपनी को शो कॉज किया जाएगा और जल्द ही बेहतर डॉक्टर को अस्पताल में उपलब्ध करा दी जाएगी।

# एसकेएमयू के शिक्षकेत्तर कर्मियों का 57वें दिन भी आंदोलन जारी, वार्ता विफल

**स्थापना दिवस पर प्रशासन की मौजूदगी में ताला तुड़वा विवि प्रशासन ने तालाबंदी कराया था समाप्त**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय मुख्यालय एवं अंतर्गत अंगीभूत कॉलेजों के शिक्षकेतर कर्मचारियों के हड़ताल 57 दिन हो गए किंतु गतिरोध अबतक कायम है।

इस विश्वविद्यालय के स्थापना काल से अबतक ऐसे कुलपति की कर्मचारियों ने कल्पना नहीं की थी। मंगलवार को विवि में पदाधिकारी एवं कर्मचारी के बीच सौहार्द का संबंध समाप्त होता दिख रहा है। वर्तमान कुलपति को कर्मचारियों के प्रति जरा भी सहानुभूति नहीं दिख रही है। इस बावत महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा कि कर्मचारी पिछले 57 दिनों से बिना वेतन के अपने जायज मांग पर हड़ताल पर रह कर अपने वेतन निर्धारण के लिए सक्रिय हैं। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन को कर्मचारियों की तकलीफ नजर नहीं आती है।



धरना पर डटे शिक्षकेत्तर कर्मी।

महासचिव मिर्धा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ताला तुड़वाने में विश्वविद्यालय प्रशासन ने जो तत्परता दिखलाई है। उतनी तत्परता अगर कुलपति हमारे वेतन निर्धारण पर दिखाई होती, तो शायद आज हड़ताल करने की नौबत नहीं आती। वर्तमान कुलपति सिर्फ परीक्षा कार्य पर ही केंद्रित है। महासचिव मिर्धा ने बताया कि जब कर्मचारियों ने कुलपति से अनुरोध किया कि उच्च शिक्षा निदेशालय के सचिव से मिलने रांची जाये, तो उन्होंने साफ तौर पर इंकार कर दिया। कुलपति नहीं आंतरिक स्रोत से सातवें वेतन के भुगतान के लिए तैयार हैं और नहीं उच्च शिक्षा निदेशालय में सचिव से वेतन निर्धारण के लिए वार्ता को तैयार हैं। अब ऐसे संवेदनहीन कुलपति से कर्मचारी क्या उम्मीद रखें? महासंघ अध्यक्ष परिमल कुंदन ने बताया कि कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के लिए पिछले 5 दिनों से वो उच्च शिक्षा निदेशालय में रहकर सभी कर्मचारियों के कागजातों को समर्पित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कागजातों की गहन जांच निदेशालय के दो अंकेक्षक कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया की जो गति है। उससे ऐसा प्रतीत होता है कि सभी कर्मचारियों के वेतन निर्धारण में अभी महीनों विलंब होंगे। कर्मचारियों के प्रति विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता और संवेदनहीनता को अध्यक्ष कुंदन ने काफी दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# गोड्डा : झामुमो ने 13 संयोजक मंडली का किया गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के संयोजक मंडली की बैठक मंगलवार को जिला मुख्यालय के पीरपैंती रोड, राजकचकारी पोखर से पहले 'सिंह प्लाजा' में आहूत की गई। मालूम हो कि केंद्रीय कमिटी के द्वारा 2015-2018 झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी पुराना सत्र 18 जनवरी 2018 को समाप्त होने के कारण, 13 वें सत्र के लिए, जिले के सभी जिला से लेकर पंचायत इकाई भंग किए जाने के बाद, नए सत्र की सदस्यता अभियान चलने एवं नए कमिटी गठन की केंद्रीय कमिटी को अनुशंसा की के लिए 13 सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया है।

जिसके संयोजक मंडली प्रमुख बासुदेव सोरेन, सदस्य राजेश मंडल, घनश्याम यादव, प्रेमनंदन कुमार, मोती राम मुर्मू, कौशलेंद्र टुडू, राजेंद्र दास, मुन्ना खुर्शीद, चंदन हेंब्रम, इंद्रजीत पंडित, अजय कुमार देवा, बिनोद मुर्मू, ललिता झा को नियुक्त किया गया है। जिसकी



बैठक आज संयोजक मंडली प्रमुख बासुदेव सोरेन की अध्यक्षता में की गयी।

बैठक में नए सत्र के लिए 18 जनवरी से 28 फरवरी तक युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चला कर माननीय हेमंत सोरेन जी के पूरे प्रदेश में 50 लाख नए सदस्य बनाने के लक्ष्य के अंतर्गत गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली ने एक लाख सदस्य बनाने का निर्णय लिया। जिला झामुमो संयोजक मंडली ने सदस्यता अभियान को युद्ध स्तर पर चलने के लिए जिले के नौ प्रखंड और दो नगर इकाई का संयोजक मंडली 11सदस्यीय सक्रिय कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया। साथ ही जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय सदस्यता अभियान की शुरूआत जिला मुख्यालय के कारगिल चौक अवस्थित सिद्धू कान्हू प्रतिमा स्थल से 23 जनवरी को शुरू किया जाएगा।

सभी जिला झामुमो संयोजक मंडली ने विशेष रूप से अहम फैसला लेने के लिए संयोजक प्रमुख बासुदेव सोरेन को अधिकृत किया गया। तत्पश्चात बैठक समाप्ति घोषणा की गई। बैठक सभी तेरह सदस्यीय संयोजक मंडली सदस्य के साथ बालमुकुंद महतो, फिरदौस आलम एवं श्यामल रामदास उपस्थित थे।

## बेरमो में संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

**बेरमो/तेनुघाट।** तेनुघाट ओपी थाना क्षेत्र के साडम हरिजन टोला की रहने वाली सुगनी देवी ने अपने पुत्र अनिल कुमार रविदास की हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पुत्र को ससुराल पक्ष के लोगों ने घर के आंगन और संपत्ति विवाद को लेकर जान से मार दिया। सुगनी के अनुसार, उनके बेटे अनिल पर पहले भी कई बार ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी। घटना 20 जनवरी को सामने आई, जब उन्हें पड़ोसी हरिहर से सूचना मिली कि अनिल का शव झिरकी गांव के पलानी मोहल्ला स्थित ससुराल के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि जब वे मौके पर पहुंचे, तो अनिल का शव कमरे में पड़ा मिला। उसकी जीभ बाहर निकली हुई थी, गला दबाने के निशान थे, और शरीर के अन्य हिस्सों पर खरोंच तथा चोटों के निशान थे। मां ने ससुराल पक्ष के तीन सदस्यों पर हत्या का आरोप लगाया है।

# सुभाषनगर मे शिव मंदिर का 25वां वर्षगांठ घूम-घाम से मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सुभाषनगर मे रामनवमी नवयुवक संघ के तत्वाधान मे मंगलवार को शिव मंदिर का 25 वी वर्षगांठ घूम-घाम से मनाई गई। इस अवसर पर शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव परिवार की ममता देवी ने बताया कि जगत गुरू शिव की शिष्यता ही अब एक मात्र विकल्प है, शिव जन-जन के गुरू है। इनको अपनाकर जीवन को सफल बना सकते है। बिना गुरू, प्राणी, खासकर मानव अपनी पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकता। वहीं शिव गुरू भाई गणेश ने उपस्थित भक्तों को बताया कि शिष्य भाव का जगना ही शिष्य होना है। उन शिष्य का संबंध गुरू से होना ही जीवन का आधार हैं। आयोजक रतनलाल ने बताया कि आज राम जन्मोत्सव व दीप प्रजनन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर डॉ शकुंतला कुमार, संजय सिन्हा, भैया प्रीतम, राज श्रीवास्तव, निर्मला यादव आदि उपस्थित थे।

## बेरमो : समाजसेवी जितेंद्र सिंह की पुण्यतिथि मनाई गयी



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार निवासी सह समाजसेवी जितेंद्र सिंह 11वीं पुण्यतिथि में मनाई गई। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, माघुरी सिंह, मीना देवी, भरत सिंह, शंभू दूबे, मंगल महतो, घर्म घासी अरूण यादव, चमेली देवी,सुन्दरी देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की टीए सीजीएम से हुई वार्तालाप



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की ओर से बोकारो प्रबंधन को पूर्व में दिये गये 21 सूत्री मांग पत्र के आलोक में प्रथम चरण की हुई वार्ता में बीएसएल नगर प्रशासन के अधिकारियों में जीएम चावला आरके पात्रो विक्रम भादिया लम्बोदर उपाध्याय दीवार शरण अविनाश कुमार आदि अन्य विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। संघ की ओर से वार्ता में अध्यक्ष तारकेश्वर महतो, महामंत्री सुमन सिंह, संयुक्त महामंत्री आशा देवी कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक, उपाध्यक्ष नवीन सिंह देवेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार राम सागर शर्मा, आशीष कुमार, सुमित सिंह, मिथुन कुमार आदि शामिल थे। संघ द्वारा एस 3 से ऊपर के कर्मचारियों को डी टाइप आवास सिवरेज सिस्टम को दुरुस्त करना सेक्टरों में निर्बाध बिजली एवं जलापूर्ति की व्यवस्था अविलंब दुरुस्त कराने की बातें रखी गईं। महामंत्री सुमन सिंह ने प्रबंधन से कामगारों के काम को प्राथमिकता के आधार पर करने की बात कही।

# ऐतिहासिक कामयाबी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने ऐतिहासिक कामयाबी हासिल कर ली। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट यानी स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस सफलता के बाद अब भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। इस ऐतिहासिक कामयाबी से भारत अमेरिका,रूस व चीन के बाद यह लक्ष्य हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इस मिशन की कामयाबी से भारत के चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे मिशनों का भविष्य तय हुआ है। जहां चंद्रयान-4 मिशन से चंद्रमा की मिट्टी के नमूने भारत लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। दरअसल, स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिये एक किफायती प्रौद्योगिक मिशन है। गत तीस दिसंबर को इसरो ने इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके अंतर्गत दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी सी-60 के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद 220 किलो वजनी दो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। बीते कल डॉकिंग के बाद एक सिंगल ऑब्जेक्ट के रूप में स्पेसक्राफ्ट का नियंत्रण सफलता पूर्वक किया गया। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पॉवर स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दरअसल, अंतरिक्ष में डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को आपस में जोड़ना। इस डॉकिंग प्रक्रिया को धरती से संचालित किया गया था। कालांतर ये दोनों उपग्रह अपने पेलोड के ऑपरेशन शुरू करेंगे। ये दो साल तक मूल्यवान डेटा इसरो को भेजते रहेंगे। यह एक ऐतिहासिक सफलता है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुंभ : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# उद्यमियों की अगली पीढ़ी को आकार दे रही स्टार्टअप इंडिया

जब युवा मानसिकता और सरकारी नीतियाँ नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी की स्थिति प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया पहल कैसे विकसित हुई।

भारत स्टार्टअप इंडिया के नौ साल पूरे होने का जश्न मना रहा है, जो 2016 में शुरू हुई परिवर्तनकारी यात्रा है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस स्वस्थ और समावेशी व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रगति में राष्ट्र की प्रगति का जश्न मनाता है। भारत सरकार की प्रमुख पहल के रूप में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया का उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना और देशभर में उद्यमियों के विकास में तेजी लाना है।

15 जनवरी, 2025 तक उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (उद्धक्कळ) द्वारा मान्यता प्राप्त 1.59 लाख से अधिक फर्मों के साथ भारत ने दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। 100 से अधिक यूनिकॉर्न के नेतृत्व में यह मजबूत इकोसिस्टम वैश्विक स्तर पर नवाचार और उद्यमिता को फिर से परिभाषित कर रहा है। बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख केंद्रों ने इस बदलाव की अगुआई की है, जबकि छोटे शहरों ने देश के उद्यमशीलता अभियान में तेजी से योगदान दिया है। फिनटेक, एडटेक, हेल्थ-टेक और ई-कॉमर्स स्टार्टअप ने स्थानीय बाधाओं को पार करते हुए दुनिया भर में प्रमुखता हासिल की है। जोमैटो, नाइका और ओला जैसी कंपनियाँ भारत के नौकरी चाहने वालों से रोजगार उत्पादकों की ओर बदलाव को दशार्ती हैं, जो आर्थिक विकास को गति देता है।

**स्टार्टअप इंडिया की प्रमुख उपलब्धियाँ**


पिछले नौ वर्षों में स्टार्टअप इंडिया पहल ने देश के मजबूत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने नवाचार और समावेशिता को प्रोत्साहित कर जबरदस्त उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज पर इसके प्रभाव को दशार्ता है। डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़ कर 15 जनवरी, 2025 तक 1,59,157 हो गई है। 31 अक्टूबर, 2024 तक, 73,151 मान्यता प्राप्त व्यवसायों में कम से कम एक महिला निदेशक थीं, जो भारत में महिला उद्यमियों की संख्या में वृद्धि को दशार्ता है। 2016 से 31 अक्टूबर, 2024 तक, मान्यता प्राप्त स्टार्टअप ने कथित तौर पर 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियाँ पैदा कीं, जिसने रोजगार सृजन में बड़ा योगदान दिया।

स्टार्टअप इंडिया की मुख्य विशेषताएँ




व्यापार में आसानीः सरलीकृत अनुपालन, स्व-प्रमाणन और एकल-खिड़की मंजूरी उद्यमियों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाती है।

कर लाभः पात्र स्टार्टअप को लगातार तीन वित्तीय वर्षों के लिए करों का भुगतान करने से छूट दी जाती है। स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड (ऋ्रद्ब) शुरूआती चरण में स्टार्टअप के लिए वित्त प्रदान करता है।क्षेत्र-विशिष्ट नीतियाँः जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में केंद्रित नीतियाँ लक्षित विकास को बढ़ावा देती हैं।



- पंकज जयस्वाल

> बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख केंद्रों ने इस बदलाव की अगुआई की है, जबकि छोटे शहरों ने देश के उद्यमशीलता अभियान में तेजी से योगदान दिया है। फिनटेक, एडटेक, हेल्थ-टेक और ई-कॉमर्स स्टार्टअप ने स्थानीय बाधाओं को पार करते हुए दुनिया भर में प्रमुखता हासिल की है। जोमैटो, नाइका और ओला जैसी कंपनियाँ भारत के नौकरी चाहने वालों से रोजगार उत्पादकों की ओर बदलाव को दशार्ती हैं, जो आर्थिक विकास को गति देता है।

**उद्योग-वार सृजित नौकरियां**

स्टार्टअप विशिष्ट उद्योगों में नौकरियाँ प्रदान करते हैं। आईटी सेवा उद्योग 2.04 लाख नौकरियों के साथ सबसे आगे है, उसके बाद हेल्थकेयर और लाइफसाइंसेज 1.47 लाख नौकरियाँ, प्रोफेशनल व कमर्शियल सेवाएँ 94,000 नौकरियाँ प्रदान की हैं। ये योगदान आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और उद्योगों में विविध रोजगार के अवसर प्रदान करने में स्टार्टअप के महत्व पर जोर देते हैं।

स्टार्टअप इंडिया के तहत अन्य पहल स्टार्टअप इंडिया परियोजना क्षमता बढ़ाने, आउटरीच को बढ़ावा देने और पारिस्थितिकी तंत्र की भागीदारी में सुधार लाने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों के माध्यम से व्यवसायों को सहायता प्रदान करती है। ये पहल पूरे भारत में मजबूत और समावेशी उद्यमशीलता माहौल का निर्माण सुनिश्चित करती हैं।

**अंतरराष्ट्रीय संपर्क और भागीदारी**

भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी ने वैश्विक आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना की। देशभर में आयोजित बैठकों में भारत के क्षेत्रीय स्टार्टअप इकोसिस्टम पर प्रकाश डाला गया, जिससे दुनिया भर में संपर्क बढ़ा। सरकार-से-सरकार के बीच संबंध, वैश्विक मंचों में भागीदारी, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी और अन्य देशों के साथ पुल विकसित करने से सीमा पार सहयोग में मदद मिली है।

**पारिस्थितिकी तंत्र सहयोग**

स्टार्टअप इंडिया हब पोर्टल उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों के लिए पूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। यह पहल द्वारा प्रदान किए जाने वाले संसाधनों, सूचनाओं और लाभों तक पहुँच प्रदान करता है, स्टार्टअप और उद्यमियों, विशेष कर महानगरीय क्षेत्रों से बाहर रहने वालों के लिए पहुँच बढ़ाकर समावेशिता सुनिश्चित करता है।

उपर्युक्त उपायों के अलावा उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (उद्धक्कळ) ने सितंबर 2024 में भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री (इ्ळअरङअफ) प्लेटफॉर्म बनाया। स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा यह अत्याधुनिक पहल भारत के उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र में बातचीत को मजबूत और सुव्यवस्थित करने का प्रयास करती है। भास्कर का उद्देश्य उद्यमिता में वैश्विक नेता बनने के भारत के उद्देश्य के अनुरूप स्टार्टअप, निवेशकों, सलाहकारों, सेवा प्रदाताओं और सरकारी संगठनों को जोड़कर नवाचार, सहयोग और विकास को प्रोत्साहित करना है।

**नवाचार को बढ़ावा देना**

स्टार्टअप महाकुंभ प्रमुख कार्यक्रम है जो स्टार्टअप, यूनिकॉर्न, सूनिकॉर्न, निवेशकों, उद्योग के नेताओं और पारिस्थितिकी तंत्र के अभ्यास को एक स्थान पर एक साथ लाता है। यह भारत की उद्यमशीलता की भावना और तकनीकी क्षमताओं पर प्रकाश डालता है, साथ ही देश के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए संवाद को प्रोत्साहित करता है। 2024 में उद्घाटन संस्करण ने एक शानदार मिसाल कायम की, जिसमें दस विषयगत मंडपों में 1,300 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए। इसने 48,000 से अधिक कॉर्पोरेट आगंतुकों को आकर्षित किया और अभिनव विचारों और सार्थक सहयोग के लिए एक गतिशील चुंबक बन गया।

सम्मेलन में 392 प्रमुख वक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें यूनिकॉर्न संस्थापक, दूरदर्शी, नीति निमार्ता और प्रभावशाली लोग, साथ ही 5,000 प्रतिनिधि और 200 से अधिक शीर्ष निवेशक, उद्यम पूंजीपति शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, एक उत्साहजनक भाषण दिया और प्रदर्शनी का दौरा किया, जिसमें भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य में स्टार्टअप महाकुंभ के महत्व पर प्रकाश डाला गया। दूसरा संस्करण, जो 3-5 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा, जिसका विषय होगा ₹स्टार्टअप इंडिया @ 2047-भारत की कहानी का खुलासा।₹ यह भविष्योन्मुखी थीम भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के भविष्य की जांच का प्रयास करती है क्योंकि देश 2047 तक नवाचार का वैश्विक केंद्र बनने का प्रयास कर रहा है।

## लेटर टू एडिटर

### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**मोदी** जी गरीबों की जेब से 'तूफान' की तरह पैसा निकाल कर, 'सुनामी' की तरह अडानी जी की तिजोरी में डाल रहे हैं।

मेरा लक्ष्य है - जितना पैसा उन्होंने अपने 'मित्रों' को दिया है, उतना पैसा मैं हिंदुस्तान के गरीबों, शोषितों और वंचितों को दूंगा।

**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

वस्तुतःआध्यात्मिक विचारों के अभाव में ही मनुष्य के जीवन में अल्पता, न्यूनता, हीनता अथवा अवसाद आदि दुष्प्रवृत्तियाँ दृष्टिगोचर होती हैं । हमें यह समझना आवश्यक है कि शान्ति और संपन्नता का मूल भौतिकीय उत्कर्ष नही अपितु सद्विचार ही है। आध्यात्मिक विचारों के आलोक में ही जीवन में स्थायी समाधान प्रकट होगा। अतः अपने अंतःकरण को शुभ विचारों से भावित करते रहें।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# औद्योगिक विकास को गति देना सबसे आवश्यक

**प्रशांत झा**

## सामयिक

नई औद्योगिक नीति केंद्र और राज्य सरकारों का संयुक्त उपक्रम होनी चाहिए। एक ऐसी नीति जो कारोबारियों के अनुकूल होने के बजाय बाजार के अनुकूल हो।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन दिनों सक्रिय औद्योगिक नीतियों के विस्तार का दौर है जिनके बारे में संदेह है कि वे कंपनी मालिकों को समृद्ध बनाने के अलावा शायद ही कुछ कर रही हैं। उदाहरण के लिए चिप निर्माण को मौजूदा व्यापक सब्सिडी आधारित सरकारी समर्थन जो भूराजनीतिक चिंताओं से संचालित है वह विश्व स्तर पर क्षमता अधिशेष की स्थिति बना सकता है। बीते कुछ वर्षों में विश्व स्तर पर औद्योगिक नीतियों में विश्वस्तर पर विसंगति आई है और 2017 में जहां कुछ सौ नीतियां थीं, वहीं 2023 में उनकी संख्या 2,000 हो गई। अकेले भारत में 100 नीतियां हैं। भारत में ऐसी औद्योगिक नीतियों की एक परंपरा रही है। 10 वर्ष पहले 2014 में ह्यमेक इन इंडियाह्ण पहल के रूप में इसका एक उदाहरण सामने आया था। तब से कई क्षेत्रों के लिए अलग-अलग उपाय घोषित किए गए।

कंपनियों को सब्सिडी समर्थन का प्राथमिक स्वरूप राजस्व का नुकसान है जो 2022-23 में 1.09 लाख करोड़ रुपये था। यह राशि कुल संग्रहित कॉर्पोरेशन कर की 13 फीसदी थी। हाल ही में चिप निर्माण तथा कई अन्य उद्योगों के लिए उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत और अधिक प्रत्यक्ष सब्सिडी की घोषणा की गई। परंतु मेक इन इंडिया कार्यक्रम की अवधि (2014-15 से 2023-24) के दौरान विनिर्माण वृद्धि सकल मूल्यवर्धन में विनिर्माण की हिस्सेदारी पहले पांच सालों के 16-17 फीसदी से घटकर अंतिम पांच सालों में 14-15 फीसदी रह गई। चुनिंदा क्षेत्रों और कंपनियों पर केंद्रित सक्रिय औद्योगिक नीति की वजह से औद्योगिक वृद्धि में गति नहीं आई। सरकार की औद्योगिक नीति बाजार के अनुकूल होनी चाहिए, न कि कारोबार के। क्योंकि बाजार के अनुकूल होना सांठगांठ वाले पूंजीवाद की ओर ले जाता है। सरकारी से निजी क्षेत्र पर केंद्रित होने के बाद भारत के विनिर्माण में जो वृद्धि आई उसमें बाजार के अनुकूल नीतियों का योगदान अधिक था, बजाय कि कारोबारी नीतियों में हस्तक्षेप के।

1991 के बाद सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन था औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त करना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में चरणबद्ध बदलाव करते हुए मात्रात्मक व्यापारिक नियंत्रणों का अंत, विनिमय दर सुधार और टैरिफ में कमी करना।दोनों ही महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि इन्होंने निजी निवेश पर असर डाला और वैश्विक वित्तीय तथा व्यापार अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति मजबूत की। हालांकि मेरी नजर में सबसे महत्त्वपूर्ण बदलाव वित्तीय बाजारों की संस्थागत व्यवस्था में नजर आया जिसने बचत-निवेश प्रवाह को प्रभावित किया। इसे अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया और निजी निवेश को गति देने का काम किया।

ऐसे उल्लेखनीय बदलाव किए गए जिन्होंने वित्तीय बाजार को बदल दिया। सबसे प्रभावी बदलाव था बैकों और म्युचुअल फंड क्षेत्रों को निजी उपक्रमों के लिए खोलना। इससे इन सेवाओं की गुणवत्ता में काफी बदलाव आया। शेयर कारोबार को डीमैट की मदद से सहज बनाया गया और इससे लोगों की रुचि इसमें जागी। नियामकीय प्राधिकार के भी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी के हाथ में जाना भी एक अहम बदलाव रहा।

सरकार की वित्तीय नीतियों में ऐसे तमाम बदलाव भी बीते चार दशक में देश की औसतन छह फीसदी की वृद्धि दर के पीछे अहम कारण रहे। वित्तीय बाजारों को उदार बनाने में भी निजी कॉर्पोरेट वृद्धि में मदद की। इससे निजी कंपनियों की नई पूंजी बढ़ी और म्युचुअल फंड में इजाफा हुआ। डिजिटल अधोसंरचना का तेज विकास भी वित्तीय व्यवस्था के व्यापक उदारीकरण के लिए अहम रहा है। इन बातों की वजह से निजी कॉर्पोरेट निवेश, सरकारी क्षेत्र की तुलना में तेजी से बढ़ा। दोनों के बीच का अनुपात 1990-91 के 0.37 से बढ़कर 2022-23 में 1.63 हो गया।2022-23 में विनिर्माण के निवेश की बात करें तो निजी क्षेत्र 71 फीसदी, घरेलू क्षेत्र के छोटे उपक्रम 22 फीसदी और सरकारी क्षेत्र केवल 7 फीसदी के लिए जिम्मेदार रहा। वित्तीय क्षेत्र सुधार के कारण आए बदलाव का एक मानक सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की तुलना में बाजार मूल्यांकन की प्रतिशत के रूप में बढ़ती हिस्सेदारी है।

1991-92 से 2004-05 के बीच के 37 फीसदी से बढ़कर 2005-06 से 2023-24 के बीच यह औसतन 85 फीसदी हो गया। क्षेत्र और तकनीक के बारे निर्णय निवेश करने वाली कंपनियों पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

# देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण से घुटता दम



**डॉ उषा किरण**

## समस्या

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पॉन्स ऐक्शन प्लान (ग्रेप) के चरण चार को अधिसूचित किए जाने के एक दिन बाद भी दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में मामूली सुधार ही देखने को मिला। राजधानी में इस सप्ताह वायु गुणवत्ता सूचकांक अथवा एक्यूआई 450 के ऊपर बना रहा। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने बिल्कुल सही कहा कि प्रदूषण से बचने के उपायों के क्रियान्वयन में देरी हो रही है।

ग्रेप-4 के अंतर्गत दिल्ली में ट्रकों के आवागमन पर रोक, दिल्ली में पंजीकृत बीएस-4 और उससे नीचे की श्रेणी के डीजल चालित मझोले मालवाहक वाहनों तथा भारी मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध, विनिर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर अस्थायी रोक, शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को बुलाकर पढ़ाने पर रोक तथा कार्यालयों में 50 फीसदी लोगों को घर से काम करने का विकल्प देने जैसी बातें शामिल हैं।

जाहिर सी बात है कि इनमें से कोई भी कदम समस्या को हल करने वाला नहीं है। प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ा हुआ है और वह लगातार ह्यगंभीरह्ण से भी ऊपर की श्रेणी में है। भूरे रंग की गहरी धुंध ने न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का दम घोंट रखा है बल्कि उसने रेल और हवाई यातायात को भी प्रभावित किया है।

मौसम विज्ञान सहित कई ऐसी तमाम वजह हैं जिनके चलते दिल्ली और उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों के निवासी खुद को नाउम्मीद स्थिति में पाते हैं। यह सिलसिला सालों से चल रहा है। पराली जलाने का सिलसिला भले ही नया और मौसमी है लेकिन निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, कचरा जलाने से लगने वाली आग, वाहनों से होने वाला प्रदूषण और कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से होने वाला प्रदूषण वर्षों से दिक्कत दे रहा है।

एक दिलचस्प बात यह है कि सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी ऐंड क्लीन एयर (सीआरईए) द्वारा किया गया एक नया अध्ययन इस पुरानी मान्यता पर सवाल उठाता है कि पंजाब और हरियाणा में अक्टूबर-नवंबर के महीने में पराली को जलाया जाना ही दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में खराबी का प्रमुख उदाहरण है।

अध्ययन बताता है कि एनसीआर में मौजूद ताप बिजली घर पराली जलाए जाने की तुलना में 16 गुना अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। ताप बिजली संयंत्र एनसीआर के इकलौता उद्योग हैं जिनमें कोयले के इस्तेमाल की इजाजत है। वहीं भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) का ताजा अध्ययन दिखाता है कि पराली का जलाया जाना एनसीआर की हवा गुणवत्ता खराब करने में 38 फीसदी योगदान करता है। इसकी सबसे अधिक हिस्सेदारी 2024 में रही।



वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी अहम योगदान करता है।अतीत की पहलें जिनमें निजी वाहनों पर एक किस्म की रोक शामिल रही है, वे अपेक्षित परिणाम पाने में मददगार नहीं हो सके हैं। अनुमान है कि परिवहन और उद्योग जगत शहर में प्रदूषण के दो प्रमुख कारक हैं क्योंकि सभी चौराहों पर यातायात की भीड़ के कारण उत्सर्जन का भारी दबाव रहता है। स्पष्ट है कि इसके लिए किसी एक को दोष नहीं दिया जा सकता है। दीर्घकालीन हल की अनुपस्थिति में प्रतिबंधात्मक उपाय मसलन निर्माण कार्यों पर रोक आदि के सीमित लाभ होंगे जबकि ऐसे कदम निर्माण श्रमिकों की आजीविका पर असर डालेंगे जो पहले ही कई-कई हफ्तों तक बेरोजगार रहते हैं।

बहरहाल, इसका प्रभाव केवल सबसे वंचित वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा। खराब हवा के कारण उत्पन्न जन स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लंबी अवधि के दौरान आर्थिक प्रभाव भी डालेंगी। दुर्भाग्यवश देश में राजनीतिक प्रतिबद्धता और जनता का दबाव दोनों सीमित हैं और इसलिए पर्यावरण संबंधी चिंताएं हल नहीं हो पा रही हैं। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में यह बात रहस्यमय है। इसके परिणामस्वरूप सरकार ने कई छिटपुट उपाय अपनाए हैं, जिनसे समस्या हल करने में कोई मदद नहीं मिली। राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं, जिससे आवश्यक समन्वय नहीं हो पा रहा है। जरूरत इस बात की है कि दीर्घकालिक योजना अपनाई जाए जो एनसीआर तथा उत्तर भारत के अधिकांश इलाकों को रहने योग्य बनाने में मदद करे। इसकी वजह चाहे पराली जलाना हो, वाहन प्रदूषण हो या ताप बिजली घर की चिमनी का धुआं, इसे हल करना ही होगा। इसके लिए सरकार को पहल करनी होगी और सर्वोच्च न्यायालय को दबाव बनाना होगा।

इसके साथ ही सिविल सोसाइटी के प्रभावशाली नागरिकों को इसकी प्रगति पर निगाह रखनी होगी। अल्पावधि के आर्थिक हितों को आम नागरिकों के जीवन जीने के बुनियादी अधिकारों पर भारी नहीं पड़ने देना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### चितरपुर प्रखंड में कंबल वितरित



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के प्रमुख द्रौपती देवी ने गरीब, असहाय, वृद्ध महिला और पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया। प्रमुख ने कहा कि कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। प्रमुख ने ठंड से बचने के लिए कंबल इस्तमाल करने की अपील की है। उन्होंने आगे कहा की जरूरत पड़ने पर और भी कंबल मुहैया कराया जायेगा. हमारी कोशिश होती है कि प्रखंड के हर गांव में जो हमारा निर्धन असहाय वर्ग है। उसे सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य मिले। ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। यहां पहुँचे प्रमुख का बुके देकर स्वागत किया गया. इस मौके पर भाजपा चितरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार, महामंत्री अर्जुन कुमार वर्मा उपाध्यक्ष निरंजन कुमार, सोशल मीडिया दिलीप कुमार सोनी, महिला भाजपा सदस्य उषा बाला देवी, सहिया दीदी रीता देवी सहित सीता देवी, उर्मिला देवी, बसंती देवी, नागेश्वरी देवी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### जन शिकायत समाधान शिविर आज

**रामगढ़।** नगरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखड पुलिस की अनूठी पहल के तहत 22 जनवरी को 11:00 बजे से छावनी फुटबॉल मैदान रामगढ़ में ₹जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते हैं , जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही रामगढ़ पुलिस द्वारा निर्गत मोबाईल नं0-9162388444 एवं इमेल आईडी -जनशिकायत-आरजीएच@जेएचपुलिस. गोव. इन पर रामगढ़ जिले की आम जनता अपनी शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।

### राधाकृष्णन कॉलेज में क्रिकेट संपन्न



रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी,रामगढ़ के तत्वाधान में 20-01-2025 से 21-01-2025 तक दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य सम्मापन हुआ। मंगलवार को फाइनल मैच डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ तथा मर्हिषी परमहंस कॉलेज ऑफ रामगढ के बीच खेला गया। जिसमें मर्हिषी परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन रामगढ़ एंव डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय उपविजेता रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुधा देवी (अध्यक्ष, जिला परिषद्, रामगढ़), गोपाल चौधरी (पूर्व पार्षद) तथा पन्नु रजक (सेवानिवृत प्रधानाध्यापक), महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, सम्मानित सदस्य मनीष कुमार, तथा प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय के द्वारा अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो दिया गया। विजेता एवं उपविजेता के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मैच का सम्मापन किया गया। मैन ऑफ द मैच कृष्णा कुमार तथा मैन ऑफ द सिरिज का खिताब मो. अख्तर को दिया गया। मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम नयन कुमार मिश्रा, श्री प्रसाद, सुप्रिया बर्मन, मुरारी दुबे, डॉ. राजेश माहतो, सुलेखा कुमारी, अशोक कुमार झा, मनमित कुमार, दिनेश कुमार, सुधीर कुमार, प्रकाश कुमार, राहुल सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### डीडीसी ने विकास कार्यो का किया निरीक्षण



कुजू। करमा दक्षिणी पंचायत के कुसुम टोला में विभिन्न विकास योजनाओं का रामगढ़ डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना द्वारा संचालित आम बागवानी, मुख्यमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं का निरीक्षण करते हुए लाभुकों से मुलाकात कर आम बागवानी को बेहतर संचालित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। साथ ही, पेड़ पौधे को पानी देकर नमी बनाए रखने की बात कही। जिससे पौधा जीवित रह सके। वही, अबुआ आवास योजना के तहत बनाए जा रहे घर का भी औचक निरीक्षण किया। मौके पर डीडीसी ने लाभुकों को कहा कि अधूरे कार्य को हर हाल में पूर्ण करें, अन्यथा राशि की वसूली करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि नवनिर्मित आवास में लाभुको को जल्द गृह प्रवेश कराया जाएगा। मौके पर बीडीओ रितिक कुमार, मुखिया खगेश्वर महतो, बीपीओ महेश महतो, पंचायत सेवक नीलकमल द्विवेदी, रोजगार सेवक रामप्रवेश सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### विस्थापितों ने पीओ को सौंपा ज्ञापन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना में मंगलवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर परियोजना पदाधिकारी को मांग-पत्र सौंपा गया। इस दौरान मार्शल हांसदा एवं शाहनवाज के नेतृत्व में सयाल डी परियोजना के मजदूरों एवं विस्थापितों के विभिन्न मांगो से संबंधित माग-पत्र परियोजना पदाधिकारी को सौंपते जल्द से जल्द इसपर सकारात्मक कदम उठाने की बात कही गई। सभी मांगों पर पहल नहीं हुई तो हमसभी आंदोलन को बाध्य होंगे। पत्र की प्रतिलिपि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीसीएल रांची, महाप्रबंधक कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध सीसीएल रांची, जोनल अध्यक्ष/सचिव झारखंड कोलि मजदूर यूनियन, उपश्रम आयुक्त हजारीबाग, महाप्रबंधक बरका-सयाल क्षेत्र, क्षेत्रीय अमला पदाधिकारी कार्मिक बरका-सयाल क्षेत्र, परियोजना कार्मिक प्रबंधक बिरसा परियोजना, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी और परियोजना खान प्रबंधक सयाल डी कोलियरी को भी प्रेषित की गई है।

# विधायक प्रदीप प्रसाद ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### विकास कार्यों को समय पर करें पूरा : विधायक



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को जिला अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी और जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार मौजूद थे। विधायक ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति का आकलन किया और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। शहरी इलाकों में बढ़ती आबादी के मद्देनजर जल निकासी, सड़क निर्माण और ट्रैफिक प्रबंधन जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। विधायक ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सुनिश्चित किया कि इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर बल दिया और सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता जताई। महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास, और किसानों के लिए उन्नत कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए पर्याप्त संसाधन और योजनाओं की मांग की गई।

प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने की प्रतिबद्धता जताई और जनता के साथ संवाद के जरिए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने समयबद्ध और प्रभावी कार्यप्रणाली का भरोसा दिलाया।

# बरही में स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त, एक युवती की मौत और दो घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बरही। थाना क्षेत्र के देवचंदा मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर 1:45 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन स्कूटी सवार युवतियां दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। अज्ञात वाहन की टक्कर से तिलैया निवासी गोरेलाल यादव की बेटी खुशी कुमारी (18) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बहन माही कुमारी और सहेली प्राची कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार उर्फ रोहित सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी स्कूल गाड़ी से घायलों को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। परिजन अस्पताल पहुंचते ही गहरे सदमे में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि लड़कियां हेलमेट पहनी होतीं, तो खुशी की जान बच सकती थी। जानकारी के मुताबिक, तीनों युवतियां परीक्षा देने के बहाने घर से निकली थीं। हादसे ने न केवल क्षेत्र को शोक में डाल दिया, बल्कि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर भी सवाल खड़े किए हैं।

पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि और चिकित्सा कर्मियों ने मदद की। प्राचार्य की तत्परता ने घायलों को समय पर इलाज दिलाकर मानवता की मिसाल पेश की।

### डीडीसी ने विकास कार्यो का किया निरीक्षण

कुजू। करमा दक्षिणी पंचायत के कुसुम टोला में विभिन्न विकास योजनाओं का रामगढ़ डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना द्वारा संचालित आम बागवानी, मुख्यमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं का निरीक्षण करते हुए लाभुकों से मुलाकात कर आम बागवानी को बेहतर संचालित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। साथ ही, पेड़ पौधे को पानी देकर नमी बनाए रखने की बात कही। जिससे पौधा जीवित रह सके। वही, अबुआ आवास योजना के तहत बनाए जा रहे घर का भी औचक निरीक्षण किया। मौके पर डीडीसी ने लाभुकों को कहा कि अधूरे कार्य को हर हाल में पूर्ण करें, अन्यथा राशि की वसूली करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीडीओ रितिक कुमार, मुखिया खगेश्वर महतो, बीपीओ महेश महतो, पंचायत सेवक नीलकमल द्विवेदी, रोजगार सेवक व अन्य मौजूद थे।

# केरेडारी कोल माइंस में काम शुरू

**6.50 लाख रुपये मुआवजा, नौकरी और विस्थापन पर सहमति**

**समशाद अंसारी**



**केरेडारी।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में हुई एक दर्दनाक दुर्घटना ने केरेडारी कोल माइंस में गतिरोध पैदा कर दिया था। 20 जनवरी को एनएच-22 पर हुए हादसे में पांडु गांव के 22 वर्षीय युवक सोहेल अंसारी की जान जाने के बाद ग्रामीणों ने माइंस के कामकाज को ठप कर दिया था। मृतक के परिजन और ग्रामीण मुआवजा, नौकरी, और विस्थापन की मांग पर अड़े हुए थे। यह विरोध 24 घंटे तक चला और माइंस का हर काम रुक गया था।

ग्रामीणों ने मांगों को लेकर मृतक का शव कोल माइंस के गेट के सामने रख दिया और तब तक हटाने से इनकार कर दिया जब तक उनकी शर्तों को नहीं माना गया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, लेकिन स्थानीय नेतृत्व और प्रशासन की सक्रिय भागीदारी ने इस संकट का समाधान निकाला। 24 घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद आखिरकार प्रशासन और कंपनी प्रबंधन ने मृतक के परिवार को 6.50 लाख रुपये का मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को एचपीसी ग्रेड की नौकरी प्रदान करने और विस्थापन की सहमति दी। इसके बाद ही ग्रामीणों ने शव को उठाया और माइंस का संचालन शुरू हुआ। समझौते में स्थानीय विधायक रौशन लाल चौधरी, पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर, केरेडारी कोल माइंस के एजीएम एस.पी. गुप्ता, एमडीओ बीजीआर के जीएम श्रीनिवास राव, ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि परवेज आलम, और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। समझौता वार्ता में रब्बानी मियां, शमीम मियां, दिलदार अंसारी, पंकज साहा, भोला महतो, अमित गुप्ता, बिनोद नायक, अनुज दुबे, और अन्य स्थानीय नेता मौजूद रहे। इनके प्रयासों से मामला शांत हुआ और मृतक के परिवार को न्याय मिला। इस घटना ने न केवल ग्रामीणों की सामूहिक शक्ति को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि सही नेतृत्व और प्रशासनिक सहयोग से बड़े विवाद भी हल किए जा सकते हैं। अब कोल माइंस में फिर से रौनक लौट आई है, लेकिन यह घटना सभी के लिए एक बड़ी सीख बनकर रह गई। इस घटना के बाद, पांडु गांव के लोग इस सहमति को अपनी जीत मान रहे हैं, जबकि प्रशासन और कंपनी इसे सामाजिक संतुलन बनाए रखने की सफलता।

### रांची यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन ने किया वनभोज



**रजरप्पा।** रांची यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा न्यू ईयर पर वनभोज मिलन समारोह रांची के खूबसूरत मनोरम स्थल जोन्हा वाटर फॉल मे आयोजित किया गया। जिसमे सैकड़ो लोग सपरिवार शामिल हुए । पिछले 30 वर्ष पूर्व रांची कॉलेज एवं रांची यूनिवर्सिटी हॉस्टल मे संग संग रहकर विभिन्न विषयों आर्ट्स, साइंस कॉमर्स से स्नात्तकोत्तर की डिग्री हासिल करने के पश्चात झारखण्ड, बिहार बंगाल उत्तरप्रदेश दिल्ली मुंबई मे अपनी सरकारी सेवा अथवा गैर सरकारी मे कार्यरत है,राज्य प्रशासनिक सेवा,बिहार प्रशासनिक मे रेल अधिकारी ,डॉक्टर,बैंक मैंनेजर,इंजीनियर, प्रोफेसर,स्वास्थ्य अधिकारी, मास्टर हुए शामिल । संघ-सहपार्टियों मे संयुक्त सचिव, डीटीओ,आरटीओ एसडीएम एडीएम,रजिस्ट्रार नगर निगम प्रशासी अधिकारी,परीक्षा नियंत्रक, इंजीनियर,शिक्षा अधिकारी,पत्रकार, अधिवक्ता बीडीओ, सीओ, एसडीओ, पुलिस पदाधिकारी सहित कई तरह की नौकरी पेशा से जुड़े हैं।

# फाइलेरिया को लेकर डीडीसी ने की बैठक

**▶▶ 1082581 लोगों को एल्बेंडाजोल व डीईसी दवा खिलाने का लक्ष्य**



**रामगढ़।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर मंगलवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी के सभाकक्ष मंक जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

फाउंडेशन की राज्य टीम से संजय कुमार, जिला टीम से सिल्वेस्टर टोपनो, वीबीडी कंसलटेंट संजना कुमारी के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक चलाया जाएगा। जिसके तहत रामगढ़ जिले में 1082581 लोगों को एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कुल 2362 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं 134 सुपरवाइजर्स को चयनित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2025 को 1184 बूथों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई जाएंगी एवं 11 से 25 फरवरी 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने, कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने फाइलेरिया रोग को लेकर आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दियाा।

बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में चित्रकला प्रतियोगिता





**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता 2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी चित्रकला की क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने चार वर्गों में बंट कर अपनी कला का बेहतरीन प्रस्तुति दी। कक्षा प्रथम और द्वितीय, तृतीय से पंचम, छठी से अष्टम और नवम दशम वर्ग में बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय मेरा साधारण गांव था। बरही डीएवी के प्राचार्य महोदय डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने अपनी उपस्थिति से बच्चों को प्रोत्साहित किया। सभी सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि कला हमारे मनोभावों का परिचायक है। अतः हमें अपने अंदर छिपे भाव को किसी न किसी रूप में अवश्य प्रकट करना चाहिए ,और कला इसके लिए सबसे आसान और बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि रंग हमारे जीवन में नए उत्साह के प्रतीक हैं तथा साथ ही साथ हमारे अंदर उर्जा का संचार भी करते हैं। अतः यदि यह दुनिया रंग से विहीन होती तो मनुष्य की सोच ही कुछ और होती। बच्चे अपने कला क्षमता से अपने मनोभावों को प्रकट करने में सफल हो पा रहे हैं इसके लिए उन्होंने विद्यालय के कला शिक्षक ललन यादव की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि आगे आने वाले भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी नैसर्गिक प्रतिभा को बाहर निकलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

### भक्ति जागरण में शामिल हुये विधायक




**बरही।** बरही प्रखंड के हजारीधमना निवासी राकेश राणा के सुपुत्र के छठी समारोह एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पारिवारिक खुशी और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी इस आयोजन में हिस्सा लिया और राकेश राणा व उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं। भक्ति जागरण के दौरान उपस्थित भक्तों ने भजनों का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने के लिए परिवार ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य राजेंद्र राम, अरुण सिंह, ब्रमदेव यादव, दिनानाथ यादव, कैलाश राणा, राजू राणा, पुराण राणा, इंद्रदेव राणा, उदय राणा, अनिल राणा, मिथलेश राणा, जितेंद्र राणा, दयानंद सिंह, संटू राणा, लक्ष्मण सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### बरही प्रखंड में 9 छात्रों को मिला साइकिल

**बरही।** बरही प्रखंड संसाधन केंद्र बरही में आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2023-24 के कक्षा 8 के सामान्य वर्ग के 9 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बीपीएम अरुण कुमार, केदारुत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विश्वेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रद्युम्न सिंह और प्रकाश सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास, समाजसेवी बसंत सिंह, कटीयोन पंचायत के पंकज कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर), चंचल कुमार (रिसोर्स शिक्षक), सुरेंद्र कुमार और तेजनारायण जी ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मुखिया प्रतिनिधि विश्वेश्वर यादव ने कहा कि साइकिल वितरण सरकार की एक शानदार पहल है। इससे दूरी के कारण शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकेगा। बच्चे और बच्चियां अब आसानी से विद्यालय पहुंच सकेंगे और अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास ने कहा, कई बच्चे अधिक दूरी के कारण पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते थे। साइकिल मिलने से अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में सहूलियत होगी और वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और इस योजना को बच्चों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उपस्थित जनसमूह ने भी सरकार की इस पहल की सराहना की।

### लायंस क्लब भुरकुंडा ने किया वनभोज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा और लायंस क्लब रांची कैपिटल ने संयुक्त तत्वावधान में पतरातु डैम परिसर में वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्लब के सदस्यों और उनके परिवार जनो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर लायंस क्लब भुरकुंडा की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल ने कानपूर से आयीं विशिष्ट अतिथि लायन हेमलता शर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर पास्ट प्रेसिडेंट लायन माला शर्मा ने कहा कि इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष होनी चाहिए। ऐसे आयोजनो से सबों में नये ऊर्जा का संचार होता है। जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ राजेंद्र महतो ने कहा कि ऐसे आयोजनसें से आपसी सद्भाव और प्रेम बढ़ता है। समय-समय पर इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। वनभोज के दौरान सबों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर इसे यादगार बना दिया। वहीं मोटर बोट की सवारी का भी आनंद लिया और मनोरंजक पलों को साझा किया। इस दौरान विभिन्न खेल-कूद के विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह में क्लब की मजबुती सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, जरूरतमंदो की सेवा, पर्यावरण की सुरक्षा और समाज में जागरूकता फैलाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सामुहिक रूप से एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनो का भी लुत्फ उठाया। समारोह में लायन विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ.जीबू, सूबेदार एचएन यादव, दीनबंधु सिंह, प्रमोद शर्मा, रेनू जायसवाल,संजीव सिंह सपरिवार शामिल हुए

### रोटरी क्लब में मोतियाबिंद शिविर एक फरवरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब भुरकुंडा और डिवाइन ओंकार मिशन के संयुक्त तत्वाधान में भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में आगामी 1 फरवरी दिन शनिवार को साढ़े बजे से निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने क्षेत्रवासियों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उक्त शिविर में पाये गये मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने होटलों का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी ने मंगलवार को झुमरीतिलैया शहर के विभिन्न होटलों व मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संगम स्वीट्स, आनन्द विहार के अलावे रेलवे स्टेशन के आसपास के मिठाई दुकानों से विभिन्न प्रकार के मिठाइयों का सेंपल संग्रह किया गया।

इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से खाद्य सामग्रियों व पेयजल की गुणवत्ता का समय-समय पर जांच करवाने, होटलों व मिठाई दुकानों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, जल्द से जल्द फूड लाइसेंस लेने आदि का निर्देश दिया।

### केंद्रीय मंत्री व विधायक आज करेंगे पुल का शिलान्यास

जयनगर (कोडरमा)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मासीपीड़ी और बंडासिंघा के बीच बरसोती नदी पुल निर्माण कार्य का केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव आज विधिवत शिलान्यास करेंगे। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने पुल शिलान्यास कार्य को लेकर सांसद व विधायक को धन्यवाद दिया। वहीं उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण हो जाने से हम लोगों को एक गांव से दूसरे गांव की दूरी काफी कम हो जाएगी एवं ग्रामीणों को आने-जाने में काफी सहूलियत होगी।

### प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**कोडरमा।** जिले में संचालित सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु प्रचार वाहन को जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस प्रचार वाहन के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड व पंचायतों में सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर जागरूक व नामांकन कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया जायेगा।

### विद्यालय में छात्राओं के साथ चर्चा एवं परिचर्चा



**जयनगर (कोडरमा)।** शिक्षा से बढ़कर कोई दान नहीं होता और मेहनती इंसान से कोई महान नहीं होता। वहीं जयनगर प्रखंड के बीडीओ गौतम कुमार इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। बताते चलें कि उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा स्वेच्छा से विभिन्न विद्यालयों में जाकर बच्चों को पढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत बीडीओ ने कस्तूरबा प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर में आज दूसरे दिन छात्राओं के साथ विभिन्न तरह के पाठ्यक्रम के अनुसार चर्चा परिचर्चा की। वहीं विद्यार्थियों ने बीडीओ की पढ़ाई की शैली से बड़ी उत्साहित हुई और इनके द्वारा पढ़ाए गए पाठ को आत्मगत किया।

### ट्रक की चपेट में घायल बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**सतगावां (कोडरमा)।** ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल 10 वर्षीय खुशी कुमारी की सोमवार की रात इलाज दौरान मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि सोमवार को चांदडीह के समीप ट्रक की चपेट में आने से नालंदा जिला के सिलाव प्रखंड अंतर्गत दुलरुआ बिगहा निवासी झूलो महतो की पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। उक्त बच्ची अपने नाना चांदडीह निवासी मदुसूदन यादव के घर नानी के श्राद्ध कर्म में आयी हुई थी। उसके मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### स्मार्ट मीटर से शॉर्ट सर्किट, हार्डवेयर गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के पानी टंकी रोड स्थित रोटरी आई हॉस्पिटल के सामने एक हार्डवेयर गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना सोमवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। गोदाम में आग लगने की सूचना पर गोदाम मालिक सोनू कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे, हालांकि आग तेजी से विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने की कोशिश की। रोटरी आई हॉस्पिटल के पास उपलब्ध फायर उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही आग काफी हद तक नियंत्रित हो चुकी थी। गोदाम के मालिक राजकुमार मोदी ने बताया कि आग लगने की वजह स्मार्ट मीटर में शॉर्ट सर्किट है। उन्होंने कहा कि इस घटना से गोदाम में करीब 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गोदाम में रखे कई महंगे हार्डवेयर उपकरण जलकर राख हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में स्मार्ट मीटर को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर के कारण शॉर्ट सर्किट होने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिस पर बिजली विभाग को ध्यान देना चाहिए। खबर लिखे जाने तक गोदाम मालिक की ओर से तिलैया थाने में कोई आवेदन नहीं दिया गया है। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच के लिए तैनात है और नुकसान का आकलन कर रही है। इस आगजनी में करीब 5 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि शॉर्ट सर्किट और स्मार्ट मीटर की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक, नगर प्रशासक ने दिए कई निर्देश

# होल्डिंग टैक्स के 75 बड़े बकाएदारों के बैंक खाता को किया गया फ्रीज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** नगर पंचायत प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा की गयी। इस दौरान होल्डिंग टैक्स के 75 बड़े बकायेदारों का बैंक खाता फ्रीज किया गया। साथ ही नोटिस जारी करने के बावजूद होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने वाले 59 बकायेदारों का नाम, पता, बैंक खाता और आधार नम्बर उपलब्ध करवा कर उनके बैंक खाते को फ्रीज करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर प्रशासक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायेदारों के खिलाफ झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 184(1) (ड़) के तहत बैंक खाता फ्रीज करने के अलावे बकाया टैक्स की वसूली करने, कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने, चल अचल सम्पति की जब्ती आदि करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर प्रशासक ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी मैरिज हॉल, गेस्ट हाउस, लॉज बैंक्वेट, होटलों आदि को जल्द से जल्द पंजीकृत करने, जिन दुकानदारों के द्वारा अभी तक ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है, ऐसे लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करने आदि का निर्देश दिया।

मौके पर संजीत साहू, विशाल कुमार दुबे, राकेश तिवारी, विकास कुमार, तिलक कुमार, रंजीत आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में दिए गए कई निर्देश

- सभी बैंक जमा अनुपात में वृद्धि लाएं : एसी पूनम कुजूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में मंगलवार को एसी पूनम कुजूर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान विभिन्न बैंकों के ऋण जमा अनुपात वृद्धि, जिला ऋण योजना की उपलब्धि, विभिन्न प्रकार के ऋण योजना की उपलब्धि, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में एलडीएम श्री निवास ने जानकारी देते हुए बताया कि वितीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में ऋण जमा अनुपात 42.35 प्रतिशत रहा, जिसमें पिछले तिमाही मार्च 2024 से 0.69 प्रतिशत वृद्धि हुई है, जबकि जून तिमाही 2023 से 5.13 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बैठक में शामिल विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों, प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए एसी ने कहा कि सभी बैंक जमा अनुपात में वृद्धि लाएं। उन्होंने विभिन्न ऋण योजनाओं में खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों को हर हाल में अगली तिमाही तक लक्ष्य की प्राप्ति करने आदि का निर्देश दिया। बैठक में एलडीएम ने प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, एसएचजी लिंकेज से सम्बंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी दिया। साथ ही स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से आमजनों को विभिन्न ट्रेडों में दिए जा रहे प्रशिक्षण आदि की भी जानकारी दिया। मौके पर एसी पूनम कुजूर, एलडीएम श्री निवास, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख प्रसाद, मनोहर लाल निराला, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

### कोडरमा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**कोडरमा।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन पर जिले के नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किये जाने के उद्देश्य से पुलिस एवं नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय के लिए आज 11 बजे जिला के थानों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। बताते चलें कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का पंचायत भवन, पूर्वी जयनगर, बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन कोडरमा और सतगांवा थाना में आयोजन किया जाएगा। आमजनों से अपील है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और अपनी समस्याओं का समाधान करायें।

## ग्रिजली विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन



**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय सभागार में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीडीसी. ऋतुराज, विशिष्ट अतिथि डीटीओ. विजय कुमार सोनी, डीएसपी. दिवाकर कुमार, रोड सेफ्टी मैनेजर हिमांशु कुमार, ट्राफिक इंचार्ज ओमप्रकाश, एमव्रीआई. जोसेफ टोप्पो, ग्रिजली विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसीमे, सीईओ. प्रकाश गुप्ता, सीओओ. तनिष्क सेठ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं सीईओ. प्रकाश गुप्ता ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना हमारा नैतिक कर्त्तव्य है। मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिक्षिका वंदना चक्रवर्ती द्वारा निर्देशित आद्या, अन्वि, प्रकृति, वैदेही एवं उनके मित्रों की प्रस्तुति स्वागत नृत्य ने ढेरों तालियां बटोरी। वहीं सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर नाव्या, संस्कृति, नक्ष्य, वैदिक, काव्या एवं उनके मित्रों ने यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। सड़क सुरक्षा पर आधारित एकांकी जिसे श्रेया विजय जायसवाल, आश्वी, कोमल, महिमा, स्वीटी, स्नेहा, सोनम और आंचल ने प्रस्तुत किया, हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह संदेश दिया कि 'सड़क सुरक्षा का जब होगा ज्ञान, तभी मिलेगा जीवन दान'। वहीं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि कि उपस्थिति में कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर रोड सेफ्टी मैनेजर हिमांशु कुमार ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों को सड़क सुरक्षा के कई टिप्स दिए। वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि जिला प्रशासन लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक कर रहा है। उन्होंने छात्रों की प्रस्तुति-एकांकी और नुक्कड़ नाटक की प्रशंसा करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर सुधांशु कुमार, विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार चौधरी, बीडी. नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, राजीव रंजन सिंह, रविदत्त पाण्डेय, अल्पना श्रीवास्तव, अनुपमा पाठक, संजीव कुमार जायसवाल, पीटीआई. अमित कुमार दास, अमित राय, प्रीतम हरि, सुनील कुमार साव, पवन कुमार, अंकित राज, अभिषेक राज, आंकक्षा कुमारी, खुशी, सुप्रिया एवं समस्त विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में निर्देशन एवं परामर्श सत्र का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ट व निर्देशन एवं परामर्श समिति के संयुक्त तत्ववधान में परामर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय समय का महत्व था। सत्र का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार व सहायक प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। वहीं परामर्श सत्र का विषय प्रवेश सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। वहीं प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व विशेष रूप से अधिक होता है। यह वह समय होता है जब व्यक्ति अपने भविष्य की नींव रखता है। वहीं रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने कहा कि एक कहावत है, समय किसी के लिए नहीं रुकता है और समय सभी के लिए बराबर होता है। कुछ लोग टाइम मैनेजमेंट करके अपने काम में माहिर हो जाते हैं। इसलिए टाइम मैनेजमेंट व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों ही जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मौके पर मो. सेराज, खुर्शीद अली, अनिल कुमार, हरचरण सिंह, आनंद कुमार, जयंती कुमारी, खामा रानी महतो, मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, सेंटू कुमार, गौरव कुमार, कुंदन कुमार, रिषि, नेहा, तबस्सुम, रूपा, संजना, उम्मे हबीबा, पूजा, रिंकी, पिंकी सहित अन्य प्रशिक्षु मौजूद थे।

## एक नजर में

### बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी एस माइकल राज ने किया चतरा पुलिस लाइन का निरीक्षण



**चतरा।** बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी एस माइकल राज सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे थे। मंगलवार को उन्होंने चतरा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस विभाग की विभिन्न सुविधाओं और कार्यप्रणालियों का जायजा लिया गया। आईजी के निरीक्षण के दौरान जिले के एसपी विकास पाण्डेय सहित सभी वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। आईजी ने पुलिस लाइन में चल रहे विभिन्न कार्यों, संसाधनों और पुलिस बल की तत्परता की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जिले में सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर चर्चा की और अधिकारियों को जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईजी एस माइकल राज ने पुलिस कर्मचारियों को उनके कार्यों के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपना कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने का आग्रह किया।

### तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौके पर मौत

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र स्थित चतरा-तपेज मुख्य पथ पर कुल्लु मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मृत्यु की सूचना के बाद उसके परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के होलमगड़ा कला गांव निवासी 22 वर्षीय समीर उर्फ गफूर के रूप में हुई है। घटना के बाद पिकअप वाहन मौके से फरार हो गया, जिससे पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने फरार वाहन की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैनी कला में पठन-पाठन और मध्याह्न भोजन व्यवस्था सुचारू, जांच में पुष्टि



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैनी कला में छात्र-छात्राओं द्वारा मध्याह्न भोजन का बहिष्कार और शिक्षक की मांग के बाद उपायुक्त ने मामले का संज्ञान लिया। इसके बाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जांच में दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि वे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज के साथ उक्त विद्यालय की जांच के लिए पहुंचे थे। जांच के दौरान यह पाया गया कि दो शिक्षकों का प्रतिनियोजन पहले ही किया गया था, और मंगलवार को भी दो और शिक्षकों का प्रतिनियोजन किया गया है। इसके साथ ही, कुल 6 शिक्षक अब विद्यालय में उपलब्ध हैं। विद्यालय में पठन-पाठन और मध्याह्न भोजन सुचारू रूप से चल रहा है और यहां कुल 228 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जिनमें से 175 छात्र-छात्राएं जांच के दौरान उपस्थित पाए गए।

### टंडवा में अवैध कोयला तस्करी जारी, तस्कर जंगलों में गिराकर भेज रहे कोयला मंडी



**चतरा।** टंडवा में अवैध कोयला तस्करी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। टंडवा के घने जंगलों में बड़े पैमाने पर कोयला तस्करी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, कोयला कारोबारी हाइवा गाड़ियों से जंगलों में कोयला गिराकर तस्करी कर रहे हैं। शाम होते ही इन तस्करों द्वारा कोयला जंगलों में गिरा दिया जाता है, और फिर रात के अंधेरे में इसे मंडियों में भेज दिया जाता है। हाल ही में, ग्रामीणों की आहट पर तस्करों ने एक गाड़ी को जंगल में छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन वे किसी प्रकार पकड़ में नहीं आए। सूत्रों के मुताबिक, तीन कोयला तस्कर इस पूरे काले कारोबार में शामिल हैं, जो यह काम बड़े पैमाने पर अंजाम दे रहे हैं। यह अवैध तस्करी न केवल सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी खतरे की घंटी है। स्थानीय प्रशासन को इस तस्करी पर नियंत्रण पाने के लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है।

### एसडीओ के निर्देश पर अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति भंग

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति में भारी अनियमितता एवं बही खाता को देखते हुए एसडीओ रिया सिंह ने समिति को भंग करने की अनुशंसा कर दी। ज्ञात हो कि भाजपा नेता नितेश चंद्रवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी एवं अन्य दुर्गा पूजा समिति के सदस्य के द्वारा पूर्व के अध्यक्ष बबलू सोनकर एवं उनके सहयोगी पर आरोप लगाया था कि किसी भी प्रकार का सार्वजनिक निर्णय नहीं लिया जा रहा है और व्यक्तिगत निर्णय के बदौलत दुर्गा मंडप समिति को व्यक्तिगत संपत्ति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर 16 जनवरी को एसडीओ कार्यालय में बैठक हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों की बात सुनी गई और पक्षों के सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा समिति अवैध रूप से धर्मशाला का निर्माण करवा कर वसूली कर रही है। यह व्यक्तिगत संपत्ति बनते जा रही है इसे तत्काल भंग करते हुए ट्रस्ट का निर्माण कर दिया जाए। इस निर्देश को सुनकर आम लोगों में खुशी की लहर है। खुशी जाहिर करने वालों में प्रकाश राम, आलोक यादव, अमित जायसवाल, श्यामजीत यादव, सोनू सिंह, सुमित सिंह, सुमित जायसवाल, संतोष केशरी, नीरज सिंह, अमित यादव, राजू पांडेय, रोहित केशरी, राजीव बारबिगाहिया, विक्की सलूजा, टिंकू महतो, राजू कुमार यादव, प्यारेलाल मेहता, कुंदन जायसवाल, अमिताभ सिंह, ओम प्रकाश सोनकर, पप्पू सोनकर, टिंकू सिंह, छोटी यादव, राजीव सिंह, धनंजय कुमार, किशोर मोदी, अजय महतो, देवानंद प्रसाद, बबन यादव, राजेश केशरी, मनीष कुमार सहित सभी अड्डी बांग्ला निवासियों ने हर्ष प्रकट किया।

### जयनगर में कक्षा 6 के लिए सत्र 2025-26 का नामांकन प्रारंभ

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 6 के लिए सत्र 2025-26 के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थियों के लिए आवेदन फॉर्म 20 जनवरी से 10 फरवरी 2025 तक उपलब्ध रहेंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 1 मार्च 2025 को किया जाएगा और मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 10 मार्च 2025 को होगा। इस अवसर पर जरूरतमंद और योग्य बच्चियों का नामांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ बीडीओ गौतम कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा गाांी बालिका विद्यालय की वार्डन, शिक्षक, आकांक्षी समेत अन्य कर्मियों ने भाग लिया।

# बगैर एनओसी के हाई टेंशन पोल गाड़ने का ग्रामीणों ने किया विरोध

- वन सुरक्षा समिति ने की कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिले के टंडवा क्षेत्र में वन भूमि पर बगैर अनुमति हाई टेंशन पोल गाड़ने का मामला सामने आया है। सरादु गांव के ग्रामीणों और वन सुरक्षा समिति ने इसकी सूचना मिलने के बाद विरोध किया और वन विभाग को रिपोर्ट किया। जिसके बाद वन विभाग ने पोलों को जब्त किया और संबंधित ठेकेदारों पर मामला दर्ज किया। यह मामला टंडवा वन प्रक्षेत्र में सामने आया है, जहां कोयला तस्करी और वन भूमि पर अवैध गतिविधियों का सिलसिला जारी है। ठेकेदारों द्वारा वन भूमि पर हाई टेंशन पोल गाड़ने की जानकारी सामने आई, जिससे ग्रामीणों और वन सुरक्षा समिति ने इसे गंभीर मामला मानते हुए विभाग को सूचित किया। वन विभाग ने जांच शुरू कर दी और अवैध पोलों को जब्त किया। टंडवा वन विभाग के फॉरेस्टर लालतू यादव ने बताया कि वन भूमि पर गाड़े गए पोलों को जब्त कर लिया गया है और ठेकेदार पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कंपनी पर पहले भी दो बार मामला दर्ज हो चुका है। ग्रामीणों और वन अधिकार समिति ने आरोप लगाया कि वन विभाग कोयला तस्करी और हाई टेंशन पोल गाड़ने के मामलों में ठेकेदारों को संरक्षण दे रहा है। सरादु वन अधिकार समिति के अध्यक्ष जागेश्वर उरांव और सचिव सुबोध सिंह ने टंडवा वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि विभाग पैसे लेकर इन ठेकेदारों को संरक्षण देता है। चतरा दक्षिण वन प्रमंडल के डीएफओ मुकेश कुमार ने बताया कि सरादु वन भूमि पर हाई टेंशन पोल गाड़ने के लिए किसी भी प्रकार की एनओसी नहीं दी गई है। अगर किसी ने इस क्षेत्र में पोल गाड़े हैं, तो कार्रवाई की जाएगी। वन अधिकार समिति ने अपील की है कि हाई टेंशन पोल गाड़ने वाली कंपनियों को ट्रैक्टर और हाइड्रा न दिए जाएं, क्योंकि वन भूमि पर अवैध काम करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हंटरगंज: सरकारी भवन में राजद का कार्यक्रम असंवैधानिक, रोशन सिंह ने उठाए सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज (चतरा)।** बीते रविवार, 19 जनवरी को चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित जोरी स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा सदस्यता अभियान और वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता के निर्देश पर रखा गया था। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ता जमकर मौज मस्ती करते हुए राजद का सदस्यता अभियान चला रहे थे। इस पर हंटरगंज भाजपा मंडल के कोषाध्यक्ष रोशन कुमार सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि राजद के द्वारा सरकारी भवन का इस्तेमाल गलत है। यह आदेश किसने दिया? उन्होंने पूछा कि क्या यह आदेश उपायुक्त या अनुमंडल पदाधिकारी ने दिया था? अगर नहीं, तो किस संविधान के तहत यहां राजद का प्रचार प्रसार हुआ? रोशन सिंह ने आरोप लगाया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जो कि सरकारी शिक्षा संस्थान है, को राजद के कार्यालय के रूप में बदल दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि यह शिक्षा का मंदिर है और इसे राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रश्मि प्रकाश पर भी उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने सरकारी भवन का दुरुपयोग किया है। राजद के लोग वहां मांस मदिरा का सेवन भी कर रहे थे, उन्होंने आरोप लगाया। रोशन सिंह ने चुनाव आयोग और राज्यपाल झारखंड से गुहार लगाई कि सत्यानंद भोक्ता और रश्मि प्रकाश को आगामी चुनावों में 12 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जाए। उन्होंने जिला प्रशासन से भी अनुरोध किया कि वे स्थलीय निरीक्षण कर इस गतिविधि की जांच करें और विधिक कार्रवाई करें। इस मुद्दे पर अब जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला प्रशासन के कार्यों पर भी सवाल उठने लगे हैं, खासकर यह सवाल कि राजद को सरकारी संस्थान में कार्यक्रम करने का आदेश किसने दिया।

स्पीड न्यूज

## जन आंदोलन बनाकर चैनपुर को टीबी मुक्त बनाने का लिया गया संकल्प



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में सौ दिन टीबी मुक्त अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने की। जिसमें जनप्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, गांव, पंचायत और जिले से टीबी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभो देवी, बेंदोरा मुखिया सुशील दीपक मिंज, बीपीएम अब्दुल सलीम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा केंद्र के चैनपुर प्रखंड के एसटीएस रणधीर निधि ने सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के तहत चलाए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी को प्रधानमंत्री पोषण निक्षय मित्र बनने और अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का आग्रह किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने टीबी उन्मूलन के लिए एसटीएस टीम की सराहना करते हुए सभी से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने कहा कि इस मिशन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि प्रखंड प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधि मिलकर चैनपुर को स्वस्थ और टीबी मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा कि सौ दिन टीबी मुक्त अभियान को जन-आंदोलन बनाकर चैनपुर प्रखंड को पूरी तरह टीबी मुक्त किया जाएगा।

## समावेशी शिक्षा पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



गुमला। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक श्री नूर आलम खां, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती प्रियशी भगत शामिल हुई। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर किया गया। कार्यशाला में झारखंड शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा प्रभाग की प्रभारी डॉ. मीतू सिन्हा ने समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ समावेशी तरीके से शिक्षा प्रदान करना आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों और ऐसे बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। चर्चा सत्र में शिक्षक उदय कुमार, अरविंद तिवारी, सुंदरम भारद्वाज और बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने सक्रिय भागीदारी की। मंच संचालन श्री ओमप्रकाश दास द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के अलावा जिले के सभी बीईईओ, एपीओ, बीपीओ, बीआरपी, डायट के संकाय सदस्य, समावेशी शिक्षा में कार्यरत थेरेपिस्ट, रिसोर्स शिक्षक तथा गुमला, सिसई, भरनो और रायडीह प्रखंडों के प्राथमिक शिक्षक उपस्थित थे। यह कार्यशाला समावेशी शिक्षा की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, जिससे सभी बच्चों को समान अवसर और बेहतर शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

## राजकीय कृत उर्दू मध्य विद्यालय सिसई में शिक्षकों का है अभाव

सिसई। राजकीय कृत उर्दू मध्य विद्यालय सिसई में शिक्षकों को घेर अभाव है। शिक्षक की कमी होने के कारण बच्चों का पढ़ाई बाधित हो रहा है। इस विद्यालय में चार सौ छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लेकिन मात्र पांच शिक्षक ही है। जिसमें दो पारा शिक्षक व तीन सरकारी शिक्षक है। इन लोगों को भी पढ़ाने में दिक्कत हो रहा है। ज्ञात हो कि प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न सरकारी स्कूल में बच्चों के अनुपात से अधिक शिक्षक हैं और जिस विद्यालय में अधिक छात्र छात्राएं हैं। वहां शिक्षक कम हैं। ऐसे में छात्र छात्राओं के पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## बाजार टांड गुमला में नव निर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज से



गुमला। बाजार टांड पानी टंकी परिसर में नव निर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी से आरंभ होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह लगातार चार दिनों तक चलेगा। मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है और उसे आकर्षक तरीके से सजाया गया है। 22 जनवरी को कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह आरंभ होगी। वहीं लगातार 22 से तीन दिनों तक भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया है। वहीं 24 जनवरी को संध्या में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। 22 जनवरी को कलश यात्रा के बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्निस्थापन एवं हनुमान जी के विग्रह का जलाधिवास कराया जाएगा। 23 जनवरी को वेदी पूजन, देव स्नान, विभिन्न अधिवास व नगर भ्रमण किया जाएगा। 24 जनवरी को हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। कार्यक्रम का आयोजन न्यू विशाल क्लब सिसई रोड गुमला के द्वारा किया जा रहा है।

# गुमला : गणतंत्र दिवस को लेकर डीडीसी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

सभी विभागों को झांकी निकालने व मिले दायित्व को पूर्ण करने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए, डीडीसी ने गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारी हेतु सौंपी जा रहे कार्यों को समय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्य समारोह स्थल पर सभी विभाग के तरफ से झांकी प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके निमित सभी विभाग अपने तैयारियां ससमय पूर्ण कर लेंगे। इस दौरान गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मुख्य समारोह स्थल की साफ-सफाई, समारोह स्थल पर पेयजल एवं चलंत शौचालय की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य समारोह स्थल तथा शहर के मुख्य चौक-चराह साफ-सफाई तथा सजो-सज्जा संबंधित कार्यों के लिए निदेशित किया गया।

# लोहरदगा : शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में स्नेह मिलन समारोह आयोजित

कलम और कागज के साथ परीक्षा के लिए तैयार हैं विद्यार्थी : शशिधर लाल अग्रवाल



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं का स्नेह समारोह आयोजित हुआ। जिसमें प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। अतिथियों का परिचय विज्ञान आचार्या मंजू देवी ने कराया। बिपिन कुमार दास ने कहा कि शिशु कक्षा से दशम कक्षा तक पूर्ण भारतीय पद्धति से सुदृढ़ शिक्षा प्रदान करना विद्या मंदिर का मूल कर्तव्य रहा है। संस्कारयुक्त शिक्षा देना विद्या मंदिर का उद्देश्य है। कक्षा दशम के भैया अंश पांडे ने भी कक्षा षष्ठ से दशम तक विद्यालय प्रांगण में बिताए गए समय के बारे में अपना वक्तव्य दिया। प्राचार्य सुनील सिंह ने कहा कि स्नेह मिलन को आशीर्वचन, शुभकामना समारोह भी कहते हैं। उपाध्यक्ष विनोद राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भैया- बहन विषयों का पाठ्यक्रम पूरा किए हैं परंतु स्वयं अपना पाठ्यक्रम पूरा करें जिससे परीक्षाफल में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन करें। अध्यक्षीय आशीर्वचन में शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि भैया- बहन कलम और कागज से पूरी तरह तैयार हैं, अपने पहचान को बनाने के लिए मैट्रिक परीक्षा एक माध्यम है भविष्य निर्माण करने का। विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। विज्ञान आचार्य राजीव सिंह के द्वारा भैया-बहनों को बहुत सारे टिप्स दिए गए। जिससे अपने भविष्य की योजनाओं को आगे बढ़ाने में सहायक हो। कक्षा दशम खंड गार्गी की बहनों के द्वारा सभी को उपहार दिया गया।

# भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की कमेटी का गठन, शकील अख्तर बने जिला अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की बैठक शहर के पावरगंज स्थित होटल केतकी में हुआ। बैठक की अध्यक्षता शकील अख्तर ने की। बैठक में जिले के सामाजिक एवं सूचना अधिकार कार्यकर्ता शामिल हुई। बैठक में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान, केंद्रीय महासचिव आनंद किशोर पंडा उपस्थित रहें। रविकांत पासवान ने आरटीआई कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम की जानकारी दी। आरटीआई एक्ट, 2005 के विभिन्न धाराओं का जानकारी दी। प्रदीप राणा ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भारत के समस्त नागरिकों का एक संवैधानिक मौलिक अधिकार कानून है। इसके बाद सर्वसम्मति से लोहरदगा जिला कमेटी का गठन किया गया। एक बार फिर शकील अख्तर को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं एजाज अख्तर, नन्दु महली, उपेन्द्र यादव, रंजीत कुमार गिरी को उपाध्यक्ष, जिला सह-सचिव कयूम अंसारी, जिला सचिव संजय विश्वकर्मा को बनाया गया है। कार्यकारणी सदस्य में नीरज चोपरा, नारायण यादव शामिल है। मंच नवनिर्वाचित अध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि सूचना नहीं मिलने की स्थिति में आवेदकों के द्वारा प्रथम विभागीय अपील कर याचित सूचनाओं की मांग की जाती है। अपीलीय अधिकारी को गंभीरता पूर्वक आवेदक को संबंधित जन सूचना पदाधिकारी से सूचनाएं दिलानी चाहिए।

## गुमला : जन शिकायत निवारण दिवस पर उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या, कहा

# जनता की समस्या का निदान किया जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

ग्रामीणों ने पंचायत स्वयंसेवक पर अबुवा आवास में पैसे मांगने का लगाया आरोप



जन शिकायत दिवस पर लोगों की समस्या सुनते डीसी कर्ण सत्यार्थी।

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जन शिकायत निवारण दिवस पर लोगों की समस्या सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लगभग 50 नागरिकों ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर अपनी शिकायतें रखीं। उपायुक्त ने प्रत्येक नागरिक की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सिसई प्रखंड की शिलावती देवी ने अपने बेटे की हत्या के मामले में कोर्ट के निर्णय और जांच प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त किया। उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला न्यायालय और एसपी को पत्र अग्रसारित किया और पुनः जांच कर महिला को न्याय दिलाने का आग्रह किया। रायडीह प्रखंड के उपरखटंगा ग्राम के निवासियों ने लालमाटी और सोकरहातु के बीच सड़क निर्माण की प्रक्रिया में बाधा की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि पहले सर्वे किया गया था। लेकिन अब निर्माण न होने की सूचना मिल रही है। उपायुक्त ने आरईओ विभाग को पत्र भेजते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कोब्जा पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायत स्वयंसेवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जिसमें आरोप लगाया गया कि अबुआ आवास योजना में नाम जोड़ने के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त कुछ नागरिकों ने सुकर पालन के लिए सहायता की मांग की। उपायुक्त ने बीडीओ को नियमानुसार सहायता प्रदान करने और उनके रोजगार को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, आवास निर्माण, जमीन विवाद, से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई। डीसी ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जन शिकायत निवारण दिवस के इस आयोजन में उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए जनहित में त्वरित कार्रवाई की प्रतिबद्धता दोहराई।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के लिये पुलिस ने जारी किया नंबर

गुमला। आम नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए गुमला पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत नागरिक अपनी शिकायतें और सुझाव सीधे पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। जिसके लिए मोबाईल नंबर 91 9508165460, व्हाट्सएप नंबर 91 9508165460 व ईमेल नंबर जारी किया गया है। आम नागरिक अपनी किसी प्रकार की समस्या या शिकायत इन माध्यमों का उपयोग कर पुलिस तक पहुंचा सकती है। यह पहल उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू की गई है। गुमला पुलिस सभी नागरिकों को विश्वास दिलाती है कि आपकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और यथाशीघ्र समाधान प्रदान किया जाएगा। जिले के सभी नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठाएं और इसे अन्य नागरिकों तक भी पहुंचाने में सहयोग करें।

# व्यापारी अतिक्रमण हटायें नहीं तो होगी कार्रवाई: सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



घाघरा। घाघरा थाना परिसर में सीओ आशीष कुमार मंडल की अध्यक्षता में मंगलवार व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में अतिक्रमण को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान सीओ ने कहा, जितने भी लोग अतिक्रमण किए हैं उन सभी को नोटिस भेज दिया गया है। प्रशासन को अतिक्रमण हटाने का इंतजार ना करे अपने से अतिक्रमण हटाए। यदि प्रशासन अतिक्रमण हटाती है तो कई तरह की परेशानी उठानी होगी। प्राथमिक दर्ज से लेकर जेसीबी का चार्ज तक देना होगा। साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि ऑटो स्टैंड व बस स्टैंड के लिए, जगह चिन्हित करें, ताकि सड़क में वाहन खड़ा ना हो। दुकान के समान को बाहर निकाल कर ना रखे। सीओ ने व्यापारियों से यह भी कहा कि अपने दुकान में अच्छे क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगाए ताकि दुकान से लेकर हर चीज सुरक्षित रह सके। चांदनी चौक में सड़क के किनारे सीएसआर मद से पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। व्यापारियों ने कहा हम सभी मिलकर खुद से अतिक्रमण हटायेंगे और लोगों से आग्रह भी करेंगे। ऑटो स्टैंड व बस स्टैंड के लिए जगह का भी चयन करके सूचित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा के लिए हम सभी व्यापारी सजग है। इस मौके पर थानेदार तरुण कुमार, नीरज जायसवाल, रूपेश साहू, पीनू साहू, अरविंद जायसवाल, मनोहर जायसवाल, पंकज साहू, सोला सिंह, जितेंद्र यादव, अजय गुप्ता, बीरबल उरांव, बलराम साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## लोहरदगा : अवैध लकड़ी बरामद, तस्कर फरार



लोहरदगा। वन विभाग के रेंजर अरुण कुमार को मिले गुप्त सूचना के बाद वन विभाग की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बगरू थाना क्षेत्र के चरहू गांव में छापेमारी के दौरान अवैध लकड़ी बरामद किया गया। वन विभाग की गाड़ी देख लकड़ी माफिया लकड़ी छोड़ फरार होने में सफल रहा। मौके से वन विभाग की टीम ने साल की अवैध लकड़ी का बना चौखट और चौफल बरामद किया। अवैध लकड़ी के जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई में जुटी है वन विभाग। लोहरदगा में वन विभाग की हो रहे लगातार कार्रवाई के बावजूद जंगलों का अवैध कटाई नहीं रुक पा रही है जो विभाग के साथ पर्यावरण के लिए भी चिन्ता का विषय है।

# सिसई : अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

अवैध उत्खनन एवं परिवहन में शामिल व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी : थाना प्रभारी सिसई

सिसई। थाना प्रभारी सिसई, पुलिस बल एवं खनन विभाग की टीम द्वारा सिसई थाना क्षेत्र के नागफेनी पुल सूर्य मंदिर के पास अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि तीन ट्रैक्टर नदी से अवैध रूप से बालू निकालने में लगे हुए थे। पुलिस और खनन टीम को आते देख तीनों ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए। मौके पर तीनों ट्रैक्टर का निरीक्षण किया गया और उन पर लदे बालू के संबंध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर सिसई थाना लाया गया। इसके अतिरिक्त बुड़का गांव के पास एक अन्य ट्रैक्टर को बालू लदे हुए पाया गया। चालक पुलिस को देखकर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर बालू लदा पाया गया। जिसके वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस ट्रैक्टर को भी जब्त कर थाना लाया गया। अवैध बालू उत्खनन और परिवहन न केवल राष्ट्रीय संपत्ति की हानि करता है, बल्कि यह सरकारी राजस्व की भी चोरी है। इन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। जिला प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में शामिल व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम जनता से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। जिले वासियों को सूचित किया जाता है कि अवैध खनन की शिकायत के लिए जिला खनन विभाग द्वारा जारी किए गए नंबर 9934887613 पर अपनी शिकायतों को साझा करें। जानकारी देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी।


# सांसद सुखदेव भगत के निजी सहायक बने आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। सांसद सुखदेव भगत ने अपने आवास में लोहरदगा एवं गुमला जिला के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच लोहरदगा निवासी आलोक कुमार साहू को अपना निजी सहायक बनाने की घोषणा की है। बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आलोक कुमार साहू को बधाई दी। साहू लोहरदगा संसदीय क्षेत्र गुमला, लोहरदगा, रांची जिला सहित अन्य क्षेत्रों में सांसद के कार्यों के निष्पादन में सांसद को सहयोग करेंगे। साहू इससे पूर्व जब सुखदेव भगत 2005 एवं 2015 में विधायक थे तो उनके पीए साथ ही साथ विधायक प्रतिनिधि के रूप में भी काम कर चुके हैं।

## जंगल से भटक कर गांव पहुंचा नीलगाय, वन विभाग ने रेस्क्यू कर पकड़ा



लोहरदगा। शहर से सटे सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जयनाथपुर में मंगलवार को जंगल से भटककर नीलगाय पहुंच गया। भीड़ भाड़ वाले इलाके में नीलगाय के आने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि नीलगाय द्वारा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। नीलगाय को देखकर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर वन विभाग द्वारा नीलगाय का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पलामू वन क्षेत्र से यह नीलगाय भटक कर लोहरदगा वन क्षेत्र आ पहुंचा जिसके बाद खाने के तलाश में गांव की ओर आ पहुंचा। वन विभाग की टीम ने इसे पकड़कर सुरक्षित वन क्षेत्र भेजने की तैयारी में जुट गया है।

# भाजपा ने किया डॉ अंबेडकर की विरासत का सम्मान : किशुन दास

खबर मन्त्र संवाददाता

भाजपा ने संविधान गौरव दिवस मनाया




लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में मंगलवार को अम्बेडकर नगर लोहरदगा में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन दास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मौके पर किशुन दास ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। इनमें बाबा साहेब के जीवन से जुड़े 5 महत्वपूर्ण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। भाजपा ने डॉ अंबेडकर की विरासत का सम्मान किया है। भाजपा सरकार ने बाबासाहेब को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि अमरजीत यादव ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के साथ हमेशा अन्याय किया गया है। नेहरू सरकार में मंत्री रहते हुए भी डॉ अंबेडकर को रक्षा और विदेश मामलों की प्रमुख समितियों से बाहर रखा गया। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान एनसीईआरटी की एक किताब में डॉ अंबेडकर का अपमानजनक कार्टून प्रकाशित किया गया, जिसमें बाबासाहेब और उनके योगदान का अपमान किया गया। कांग्रेस ने अनुच्छेद 356 का 88 बार दुरुपयोग करके राज्य सरकारों को बर्खास्त किया, जिससे भारत की संघीय संरचना कमजोर हुई और केंद्र सरकार में सत्ता का केंद्रीकरण हुआ। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू करने के मामले में भी कांग्रेस ने डॉ अंबेडकर की बातों को नजरअंदाज किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश सिंह, ब्रज बिहारी प्रसाद, शुकुल राम, प्रकाश नायक ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिन साहू ने किया। मौके पर राजमोहन राम, धीरज प्रसाद, अजय पंकज, सरिता देवी, मीना बाखला, बलकृष्णा सिंह, मिथुन तमेड़ा, बजरंग कश्यप, सामेला भगत, सुरेश लोहरा, जीवन लोहरा सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

# जेएससीए अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट आज से तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में, तैयारी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

उद्घाटन मुकाबला दुमका और चतरा के बीच



गुमला। जिला मुख्यालय के तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार से जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा। पूर्वाहन नौ बजे से मैच आरंभ होगा। उद्घाटन मुकाबले में दुमका व चतरा जिले की टीम आमने-सामने होगी। गुमला राज्य स्तरीय क्रिकेट मुकाबले की मेजबानी कर रहा है। एक फरवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट में दुमका, चतरा, गिरिडीह, गढ़वा, सरायकेला-खरसावां सहित अलग -अलग आयोजन स्थल मे टॉप की दो टीमें अपने सुपर डिवीजन के मैच गुमला के मैदान में खेलेंगे। जे एस सी ए में गुमला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय क्रिकेट मैचों के सफल संचालन को लेकर टी आर डी ओ राजेश झा, अंपायर रमेश कुमार व प्रशांत कुमार, स्कोरर शशिभूषण मिश्रा व एल ओ अवधेश कश्यप की प्रतिनियुक्ति की है। सुपर डिवीजन के मुकाबले में अंपायर रूपेश कुमार व अरविन्द कुमार के साथ स्कोरर की भूमिका में बोकारो के दीपक रहेंगे। गिरिडीह में होने वाले पूल ए में लातेहार, जामताड़ा, पलामू व रामगढ़ की टीमें खेलेंगी। वहीं दुमका-जामताड़ा के संयुक्त मेजबानी में गोड्डा, साहेबगंज, कोडरमा, पाकुड़ व देवघर जिले की टीमें अपने मैच खेलेंगे। जबकि गुमला की टीम एलीट ग्रुप में जमशेदपुर, धनबाद, खूंटी व वेस्ट सिंहभूम के साथ खेलेंगी। गुमला का पहला मुकाबला 27 जनवरी को रांची में धनबाद के साथ होगा। इधर बुधवार से शुरू होने वाले क्रिकेट आयोजन को लेकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने किया कंबल वितरण



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आमिर हयात ने ठंड के इस कठिन समय में मानवता का परिचय देते हुए कई जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया।मौके पर बोलते हुउ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कीश्ठंड के इस मौसम में हर व्यक्ति को गरम कपड़ों और कंबलों की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में गरीब लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है वे लोग ठंड से ठिठुरते रहते हैं। मेरा प्रयास है किसी भी जरूरतमंद को ठंड से तकलीफ न हो।वही मौके पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और समाज सेवा में योगदान दिया।

## हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक आज

**बालूमाथ।** लातेहार जिला हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक आज बालूमाथ स्थित रोज गार्डन में होगी। जिसमें मगध कोलियरी एव तूबैद कोलियरी से संबंधित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर भविष्य के लिए रणनीति तय की जाएगी।उक्त आशय जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव मो० शाहनवाज ने बताया कि हाईवा वाहन मालिकों के साथ मगध कोलियरी एव तूबैद कोलियरी को लेकर कई विचाराधीन मुद्दे हैं।जिसमें ऐशो. द्वारा तय भाड़ा लागू करने एवं स्थानीय गाड़ियों को प्राथमिकता देने सहित कई मुद्दे शामिल है। जिसपर बैठक में विस्तार से चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि बालूमाथ स्थित छठ तालाब के समीप होटल रोज गार्डन में एक बजे आयोजित इस बैठक में हाईवा वाहन मालिकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए हाईवा मालिकों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटी सामग्री

**सरयू।** सीआरपीएफ के कमांडेन्ट यादराम बुनकर निदेर्शानुसार सरयू में स्थित सीआरपीएफ के( ए/ 11 ) कम्पनी में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही सरयू, घासीटोला, चाचु, रोल, पतरातु, डबरी, पीरी, समेत अन्य गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच दैनिक उपयोग का सामग्री कम्बल, बर्तन एवं स्कूल के बच्चों को नोट बुक, समान्य ज्ञान पुस्तिका, राइटिंग टैब, जुम्बी बैग, और जुते समेत आदि समाग्री का वितरण किया गया। वहीं सीआरपीएफ के कमांडेंट यादराम बुनकर ने बताया कि सिविक एक्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के महत्व से अवगत करवाना है।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के कमजोर व पिछड़े वर्ग को मुख्य धारा में शामिल करना और उन्हें सशक्त बनाना है। आगे उन्होंने यह भी बताया है कि ग्रामीणों को सरकार कि नवीन योजनाओं के बारे में अवगत कराना, शिक्षा के क्षेत्र में मिल रहें अवसरों के बारे में जागरूक करना हमारी प्राथमिकता में शामिल हैं। इस मौके पर 11 वाहिनीं के कमांडेन्ट यादराम बुनकर, द्वितीय कमान अधिकारी पीताबसा पांडा, सहायक कमांडेंट अजय कुमार लकड़ा, इंस्पेक्टर कृष्णा साव, गारू थाना प्रभारी पारस मणी, सरयू टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू, बुद्धेश्वर उरांव, उमेश प्रसाद, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### डुरुआ में हुई घटना की जांच पूरी, एसपी ने की प्रेस वार्ता कहा

# गोली से नहीं कुल्हाड़ी और चाकू से घायल हुआ था सदाकत अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र के डुरुआ क्षेत्र में सोमवार को चाकूबाजी और फायरिंग की घटना की गई थी। इस घटना में डुरूआ निवासी सदाकत अंसारी घायल हो गया था। पहले तो बताया गया कि वह गोली लगने से घायल हुआ है, लेकिन पुलिसिया अनुसंधान इलाज के क्रम में प्रकाश में आया कि सदाकत कुल्हाड़ी और चाकू के हमले से घायल हुआ था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता में बताया कि डुरुआ निवासी सदाकत अंसारी


जानकारी देते एसपी।

एवं रमेश शर्मा के बीच घोड़ा करम के स्थित जमीन को लेकर विवाद हुआ था। रमेश शर्मा एवं उसके पुत्र सागर शर्मा ने सदाकत अंसारी पर कुल्हाड़ी और चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होने फायरिंग भी की। हालांकि एसपी ने कहा कि घटना स्थल से कोई खोखा बरामद नहीं किया गया है।

**बरामद हथियार**

नाइन एमएम कैलिबर का एक देशी पिस्तौल व पांच गोली, 7.65 एमएम कैलिबर का एक देशी पिस्तौल व पांच गोली, पिस्टल मैगजीन पांच के अलावा नीले रंग का हुंडई कार, वन प्लस मोबाईल व आईफोन 13 मोबाइल बरामद किया गया।

**छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी**

पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े, पुअनि राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार महतो, रमाकांत गुप्ता, सअनि कुबेर प्रसाद देव समेत लातेहार थाना सशस्त्र बल के जवान छापामारी में शामिल थे।

# मनिका थाना पुलिस ने लवलेश गंझू उर्फ लवलेश के घर पर चिपकाया इश्तिहार

खबर मन्त्र संवाददाता


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**मनिका।** मनिका थाना पुलिस के द्वारा दिन मंगलवार को बालूमाथ थाना पुलिस के सहयोग से, बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू गांव निवासी जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य लवलेश गंझू उर्फ लवलेश,पिता स्वर्गीय प्रधान गंझू के घर पर न्यायालय द्वारा जारी किया गया इश्तिहार चिपकाया गया साथ ही उसके परिजनों से लवलेश गंझू को जल्द से जल्द न्यायालय में सरेंडर करवाने को बोला गया। वहीं उक्त व्यक्ति के खिलाफ मनिका थाना में कांड संख्या-88/22(एस),09/20 के तहत 147, 148, 149, 341, 386, 504, 506, आइपीसी, यू/एस 17 सीएलए एक्ट का मामला दर्ज किया गया है और लवलेश गंजू काफी दिनों से फरार चल रहा है। वहीं मनिका थाना एसआइ विपिन मिश्रा ने बताया की उक्त व्यक्ति जल्द से जल्द न्यायालय में सरेंडर नहीं करता है तो अगले कार्रवाई के रूप में उसके घर पर कुर्की जब्ती की जाएगी। मौके पर मनिका थाना एवं बालूमाथ थाना के पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत सहजकर्ता दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ अमित कुमार पासवान, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी मास्टर ट्रेनर और प्रखंड समन्यवयक द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड संसाधन दल सहित मास्टर प्रशिक्षकों ने सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य (प्रति पंचायत) वीपीआरपी की एक सदस्य, जल सहिया, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सत्यानंद शुक्ला ने पंचायतों की ग्रामीण भारत के परिवर्तन में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर प्रमुख योजनाओं के प्रभावी और कुशल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण क्या भूमिका है 2025-26 के लिए सबकी योजना सबका विकास (जीपीडीपी) तैयार करने हेतु जन योजना चलाये चलाने के उद्देश से तहत ग्रामसभा को सशक्त बनाने के लिए ग्रामसभा के जरिए ही योजनाओं के चयन करने से सम्बंधित बताया की पंचायत स्तर ग्रामसभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाना है। जिसमें मनरेगा, बाल विकास,15 वें वित्त, विद्युत, पेयजल, स्वास्थ एवं शिक्षा के साथ 19 विभागों से 15 वें वित्त आयोग के लिए योजनाएं चयनित की जाएगी। मौके पर प्रखंड संसाधन दल सहित पंचायत सहजकर्ता दल के सभी सदस्य उपस्थित थें।

# एनडीपीएस एक्ट के एक और अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** पुलिस ने सोमवार को एनडीपीएस एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया की थाना कांड संख्या 77/24, दिनांक-28.12.24, 15(सी) / 17 (सी) / 18 (बी) /25 एनडीपीएस एक्ट एवं बारियातू थाना कांड संख्या - 04/25, दिनांक- 10.01.25, धारा- 15 (सी) /17(सी) / 18 (बी)/25 एनडीपीएस एक्ट के नामजद अभियुक्त मनोज यादव,


गिरफ्तार अभियुक्त।

पिता उगदेव यादव ग्राम जावाबार थाना बारियातू, जिला लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आगे उन्होंने बातया की इस प्रकार एनडीपीएस कांडों के अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार करवाई व गिरफ्तारी की जाती रहेगी। जिनके विरुद्ध भी कांड दर्ज की गई वे अविलंब न्यायालय में आत्मसमर्पण करें। अन्यथा तत्वरित कार्रवाई कर गिरफ्तार किए जायेंगे। इसके अलावे थाना प्रभारी ने कहा की पोस्ता की खेती करने वाले पोस्ता के फसल को अविलंब स्वयं ही नष्ट करें। यदि पुलिस नस्ट करेगी तो वैसे लोगों के उपर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

## समाजसेवी ने गरीबों को कंबल करवाया मुहैया


कंबल मुहैया करवाते समाजसेवी।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के दूंदू पंचायत में दिन मंगलवार को लगभग सैकड़ो गरीब जरूरतमंदों को समाजसेवी अख्तर अंसारी के द्वारा अपने निजी खर्च से कंबल मुहैया करवाया गया ताकि इस कनकनाती हुई ठंड के मौसम से गरीबों को बचाव के लिए राहत मिल सके। वहीं कंबल लेने के लिए गांव के गरीबों के साथ-साथ अधिक संख्या में वृद्ध महिला एवं पुरुष मौजूद थे। साथ ही ठंड के मौसम में कंबल मिलने से लोगों के चेहरों पर काफी उत्साह देखा गया। मौके पर समाजसेवी अख्तर अंसारी ने बताया कि गांव में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जिनका दो वक्त की रोटी जुटाने में ही सारी कमाई खर्च हो जाती है ऐसे में लोग अपना जीवन-यापन बहुत ही कठिनाई से करते हैं खासकर बूढ़े-बुजुर्ग लोग जो सरकार से मिलने वाली पेंशन और राशन पर ही अपना जीवन बसर करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझसे जो बनता है मैं अपने क्षमता अनुसार इनकी मदद करने का प्रयास करता हूं। साथ ही पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सरकार के योजना के तहत कंबल का वितरण तो किया गया है,परंतु पर्याप्त कंबल नहीं होने से सभी लोगों को कंबल नहीं मिल सका है ऐसे में मुझे बुजुर्गों ने जब जानकारी दिया तो इन्हें कंबल मुहैया करवाकर इनके जीवन-यापन में कुछ मदद करने का मेरे द्वारा प्रयास किया गया।

# कांग्रेसियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में निकाला पैदल मार्च

- भाजपा के द्वारा संविधान में छेड़छाड़, कांग्रेस पार्टी कतई नहीं करेगा बर्दाश्त: रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं के द्वारा भारत के संविधान एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सम्मान में पैदल मार्च निकाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह भी शामिल रहें। वहीं पैदल मार्च की शुरूआत मनिका लैंपस के सामने स्थित कांग्रेस कार्यालय से किया गया जो क्षेत्र भ्रमण करते हुए बाजारटांड़ से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर पहुंचा, जहां पर कार्यक्रम में शामिल विधायक रामचंद्र सिंह व सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ.भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद प्रखंड कार्यालय के गेट से होते हुए पुनः



कार्यक्रम में शामिल विधायक व अन्य।

कांग्रेस प्रखंड कार्यालय पहुंचकर पैदल मार्च का समापन किया गया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने बताया कि भारत के संविधान और डॉ.भीमराव अंबेडकर एवं बापू महात्मा गांधी का भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लगातार अपमान करने का कार्य किया जा रहा है और उनके द्वारा संविधान के साथ भी छेड़छाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी इस्तखार खान, वृंदबिहारी प्रसाद यादव, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत प्रसाद साहू, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, मिथिलेश पासवान, ओमप्रकाश यादव, विशाल पासवान, अरुण सिंह, गुलाम हुसैन, सुजीत उरांव, अख्तर अंसारी, तस्लीम अंसारी, अंजू यादव, ललू साव, कृष्ण यादव, सरवर अंसारी, विनोद यादव, रौशन कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक



**चंदवा।** आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर मंगलवार को चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में अधिकारियों, सरकारी गैर सरकारी स्कूलों के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने की। बैठक में गणतंत्र दिवस के मौके पर खेल स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम को लेकर गम्भीरता से चर्चा की गई व रूपरेखा तैयार करते हुए कई निर्णय लिए गए। जिसमें प्रबुद्धजनो के द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल खेल स्टेडियम में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर कई आवश्यक सुझाव दिए जिस पर अमल किया गया। बैठक में झंडोत्तोलन को लेकर समय सारणी पर चर्चा करते हुए निर्धारित समय सारणी में आंशिक फेर बदल भी की गई। जिसमें चंदवा थाना परिसर प्रात: 8:45 बजे, सीएचसी 9 बजे, पशुपालन अस्पताल 9:15, प्रखंड कार्यालय 9:30 बजे व मुख्य कार्यक्रम स्थल खेल स्टेडियम में 10:00 बजे झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे 25 जनवरी की प्रात: बेला प्रभात फेरी निकालने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, सीओ जयशंकर पाठक, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, एमओ चंदन कुमार, कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय, डॉ. सरोज केरकेट्टा, मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत, पंसस नीलम देवी, अयूब खान, तारा देवी, बल्कु मुंडा, शिक्षा विभाग से प्रतीक सिन्हा, कांग्रेस नेता असगर खान, शिक्षिका राधिका कुमारी, देरोथिया खलखो, लव पासवान, शिव कुमार साहू, रमेश राम, विनीता कुमारी, रोहित मेहता कई प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### चोरी की घटनाओं का उद्भेदन नहीं होने पर व्यावसायिक वर्ग में नाराजगी, बाजार बंद आज

# बैठक में प्रतिष्ठानों को बंद रखने का लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** सोमवार को बरवाडीह के बाजार शेड में व्यवसायिक संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने की। बैठक में बाजार से जुड़े कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बरवाडीह बाजार में हाल ही में हुई दो ज्वैलरी दुकानों में चोरी की घटनाओं का अब तक उद्भेदन न होने और स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा अपेक्षित सहयोग न मिलने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। व्यापारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दिनांक आज 22 जनवरी दिन बुधवार को पूरे बाजार में सामूहिक रूप से दुकानें बंद रखी जाएंगी।

**बंद को सफल बनाने का व्यवसायियों ने लिया निर्णय**

उन्होंने सभी दुकानदार भाइयों से अपील की कि वे इस बंदी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी एकता का परिचय देकर इसे सफल बनाएं। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है, और चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होता है, तो भविष्य में व्यवसायिक संघ बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस बैठक को सभी व्यापारियों ने एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए बाजार बंदी को सफल बनाने का संकल्प लिया। बाजार बंद के इस फैसले को सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर समर्थन दिया है, जिससे प्रशासन पर दबाव बनाने की योजना को बल मिला है।

**समस्या की न हो अनदेखी**

अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने और सुरक्षा के प्रति प्रशासनिक उदासीनता से व्यापारी वर्ग में असुरक्षा और नाराजगी का माहौल है। सामूहिक बाजार बंद के माध्यम से हम अपनी एकजुटता दिखाएंगे और प्रशासन को यह संदेश देंगे कि व्यापारियों की समस्याओं को अनदेखा करना अब संभव नहीं है।

**ठोस कारवाई करे प्रशासन**

बैठक में व्यवसायिक संघ के उपाध्यक्ष स्वरित छाबड़ा, राजीव कुमार, बिरेंद्र ठाकुर, मनोज सोनी, सतीश प्रसाद, मदन प्रसाद, मुमताज, फिरोज अहमद, विनोद ठाकुर, गुलाम असगर, इम्तियाज अहमद, विशाल कुमार, पवन सोनी, विशाल अग्रवाल, अखिलेश सिंह, फिरोज सिद्दीकी और मुकेश कुमार समेत कई अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि बाजार बंद करके प्रशासन को ठोस कार्रवाई के लिए बाध्य किया जाएगा।

जिप सदस्य व मुखिया ने किया कंबल का वितरण

फोटो:11 कंबल वितरण करते जनप्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड के साल्वे पंचायत स्थित गांव टोला मुहल्ला मे बढ़ते ठण्ड को देखते हुए जिप सदस्य रमेश राम और मुखिया राजू भगत ने आसहाय जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया। जिप सदस्य रमेश राम कहा कि असहाय, विधवा, विकलांग और गरीब तब के के लोगों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से कंबल वितरित किया गया। यह भी कहा कि सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। समाज के हर व्यक्ति को ऐसे कार्यों में सहयोग देना चाहिए। इसके अलावे बालूभाँग पंचायत अंतर्गत मुखिया केदार गंझु व वार्ड सदस्य मनोज राम ने ठंड से बचने के लिए कई लोगो के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## स्टार्टर चोरी व बाइपास कनेक्शन से जलापूर्ति प्रभावित


स्टार्टर में लगाया गया चार्जिंग सॉकेट।

**बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पंचायत द्वारा सोलर आधारित जलमीनार स्थापित किए गए हैं। इन जलमीनारों से ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की जाती है। लेकिन हाल ही में इन जलमीनारों के दुरुपयोग और चोरी की घटनाओं से जलापूर्ति बाधित हो रही है। कुछ स्थानों पर जलमीनार के स्टार्टर चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं। इसके अलावा, ग्रामीणों द्वारा स्टार्टर में बाईपास कनेक्शन कर मोबाइल चार्जिंग के लिए सॉकेट लगाए जा रहे हैं। इन मनमानी हरकतों के कारण स्टार्टर और सोलर पैनल खराब हो रहे हैं। जलमीनारों का उपयोग केवल जलापूर्ति के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन कई जगहों पर लोग पाइप जोड़कर दिनभर अपने घरों और खेतों में पानी का उपयोग कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर मुख्य पाइपलाइन में कनेक्शन कर पानी को डाइवर्ट कर लिया गया है, जिससे जलमीनारों पर दबाव बढ़ रहा है और उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत पांडेय ने बताया कि जलमीनारों का मनमाने तरीके से उपयोग करने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। विभाग द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि जलमीनारों का सही तरीके से उपयोग करें और पाइपलाइन से अपने घरों में पानी न ले जाएं। उन्होंने कहा कि जलमीनारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी की है। अगर इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो गर्मी के मौसम में क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। प्रशासन को इन घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई करनी होगी। प्रभावित क्षेत्र शेर मोहम्मद के घर के पास पठान टोला, किस्तम राम के घर के पास अमाही टोला, केर पंचायत के गाड़ी ग्राम के जयराम सिंह के घर के पास टांड़ पर, और लात पंचायत के लात ग्राम में दुखी सिंह के घर के पास जलमीनारों के दुरुपयोग और चोरी की घटनाएं अधिक हो रही हैं।

## कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने किया कंबल वितरण



**चंदवा।** झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए कंबल को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने अपने आवास में जरुरतमंदो के बीच वितरण किया। इस अवसर पर असगर खान ने कहा कि जिवन मे जितना बन पड़े गरीबों को मदद करना चाहिए उनकी सेवा से कोई बड़ा धर्म नहीं है, धीरज प्रसाद साहू हमेशा लोगों की भलाई करते रहे हैं इससे सभी अवगत हैं,वे हमेशा कई मौकों पर गरीबों के साथ तन-मन धन से खड़े रहते हैं। धीरज प्रसाद साहु नेक दिल के इंशान हैं उन्हें गरीबों का दुख देखा नहीं जाता है इसलिए वे गरीबों को मदद करने के लिए कभी नहीं भुलते जरुरतमंदों की सेवा के लिए बराबर तत्पर रहते हैं। इधर कड़ाके की ठंड के बीच कंबल पाकर लोगों ने खुशी जाहिर की।

### जिला परिषद बस पड़ाव में बसों का ठहराव सुनिश्चित करने को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

# डीडीसी के आदेश के बावजूद जारी है मनमानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सालाना लाखों रुपए का राजस्व देने वाली चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद बस पड़ाव में बसों के ठहराव को सुनिश्चित करने को लेकर स्थानीय लोगों ने मंगलवार को बीडीओ चंदन प्रसाद से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, साथ ही चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी से भी मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। समस्या रखते हुए कहा कि जिला परिषद बस पड़ाव प्रांगण में बसों के ठहराव को लेकर मुकम्मल व्यवस्था की गई है, लेकिन विगत लंबे समय से एनएच-75 व एनएच-99 पर चलने वाली बसें राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही खड़ी होती है। यात्री बसों के स्टैंड में खड़ा नहीं होने के कारण महिला यात्रियों


आवेदन सौंपते लोग।

को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, बस पड़ाव में लाखों की लागत से शौचालय बना हुआ है लेकिन महिलाओं को खुले में ही जाने को विवश होना पड़ता है। इस कारण आसपास के लोगो व एनएच के किनारे के दुकानदारों को काफी दिक्कत होती है, पेशाब की बदबू व संक्रमण के खतरे से लोग जूझ रहे हैं। पूर्व में आवेदन दिए जाने के बाद 11 सितंबर 2024 को उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद लातेहार के द्वारा निर्देशित किए जाने के बावजूद भी अब तक आदेश अनुपालन अब तक नहीं हो पा रहा है।

डीसी के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यदि कोई भी यात्री वाहन बस पड़ाव के अतिरिक्त अन्यत्र ठहराव करते पकड़े जाते हैं तो दंड स्वरूप एकरारनामा के कंडिका संख्या 8 के अनुसार निर्धारित शुल्क का 10 गुना राशि वसूल की जाए। इसकी भी अनदेखी हो रही है। वही समस्या सुनने के बाद बीडीओ चंदन प्रसाद व जिप सदस्य सरोज देवी ने समस्या के निदान के प्रति पहल करते हुए भरोसा दिया। मौके पर विकाश दुबे, रवि डे, सचिन लाल, मोतिउर रहमान, रवि कुमार व कई अन्य लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर–श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के समीप बीती रात्रि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को भवनाथपुर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने अपने निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार करने के बाद 108 एंबुलेंस से रेफर कर दिया। गढ़वा जाने के क्रम में श्याम राज भुइंया पिता त्रिभुवन कुमार की मौत हो गई। जबकि घायल भानु राम पिता सुमेर राम का इलाज चल रहा है। घटना की सुचना मिलने पर थाना के एसआई परवेज आलम नें अस्पताल पहुंच कर जानकारी ली और बाईक को जप्त कर थाना ले आया।

### विद्युत चोरी के आरोप में चार पर प्राथमिकी, लगा जुमार्ना

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी पंचायत अंतर्गत चैनपुर गांव में विद्युत विभाग ने विद्युत चोरी के आरोप में चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संबंध मे विद्युत विभाग के अमल राय ने बताया कि विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों के दिशा–निर्देश पर टोका फंसाकर विद्युत चोरी करने के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान में निरपत यादव पर विद्युत चोरी करने के आरोप मे 27 हजार 594 रुपये का विभागीय जुमार्ना के साथ एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं विनय यादव पर 16 हजार 550 रुपये, रामनाथ कुशवाहा पर 27 हजार 594 रुपये व देवनंदन कुशवाहा पर 27 हजार 594 रुपये के जुमार्ने के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होने आम उपभोक्ताओं से अपील किया है कि बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग करना गैरकानुनी कार्य की श्रेणी आता है। छापामारी अभियान मे विद्युतकर्मी सदाम अंसारी, मंजुर अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

### मत्स्य विभाग का प्रशिक्षण करने गए युवक की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पनघटवा गांव निवासी ललन यादव के 35 वर्षीय पुत्र विजय यादव की मौत रांची के रिम्स अस्पताल में हो गई। घटना मंगलवार सुबह की है। परिजनों के अनुसार विजय मत्स्य विभाग का प्रशिक्षण करने रांची गया था, जहां प्रशिक्षण के दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई। आनन फानन में उसे सदर अस्पताल रांची में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स में इलाज के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के घर टाटीदीरी मुखिया सगुनी राम ने पहुंचकर मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया एवं दाह संस्कार के लिए 5000 रुपए दिया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, टाटीदीरी पंचायत मुखिया सगुनी राम, बीडीसी सुरेंद्र साह, पंकज गुप्ता, जिप सदस्य जानकी सिंह, उदय साह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बालू घाट डकैती में तीन अपराधी गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के जमालपुर बालू घाट से हुई डकैती कांड में तीन अपराधियों समेत दो किशोर को निरुद्ध किया गया है। अपराधियों के पास से चालीस हजार रुपए नगद बरामद किए गए हैं। एसपी रौशन कुमार ने यह जानकारी आज शाम मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि गत 17 जनवरी की रात्री करीब दो बजे चार मोटरसाईकिल पर सवार 10–12 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा जमालपुर बालू घाट में फायरिंग करते हुए डकैती की घटना को अंजाम दिया गया।इस संबंध में नासरीगंज थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था। इस कांड के उद्भेदन के लिए बिक्रमगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया,जिसमें नासरीगंज के अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष, राजपुर कच्छवां थाना एवं जिला डीआईयू टीम को शामिल किया गया। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में गत 19 जनवरी को दो किशोर को गिरफ्तार किया गया। किशोर से पूछताछ के क्रम में घटना में संलिप्त होने की बात स्वीकार किया गया।

---

#### बरडीहा प्रखण्ड समन्वयक का कारनामा

# बगैर मुखिया और पंचायत सचिव की सहमति से एक ही घर के तीन को दिया अबुआ आवास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बरडीहा प्रखंड में अबुआ आवास वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। प्रखंड समन्वयक (आवास) राशीद अंसारी एवं बिचौलिया ग्राम सेमरी निवासी पिन्टु अंसारी की मिलीभगत से संपन्न लोगों को एक ही परिवार से तीन लोगों को अबुआ आवास स्वीकृत किया गया है। यहां तक कि प्रखंड समन्वयक ने मुखिया एवं पंचायत सचिव के सहमति (हस्ताक्षर) के बगैर ही आवास स्वीकृत कर दिया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत जतरो बंजारी की मुखिया रूकसाना बीबी ने डीसी को आवेदन सौंपकर मामले की गहन जांच कराते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### मुखिया ने की डीसी से शिकायत, कार्रवाई की मांग

डीसी को सौंपे गये आवेदन में मुखिया ने कहा है कि ग्राम पंचायत जतरो बंजारी के ग्राम सेमरी निवासी कुर्बान अंसारी का पुत्र पिन्टु अंसारी एवं प्रखण्ड समन्वयक (आवास) राशीद अंसारी की मिली भगत से एक ही घर में तीन लोगों कुर्बान अंसारी की पत्नी मोमीना बीबी, पिन्टू अंसारी की पत्नी नुरैसा बीबी तथा अफताब अंसारी की पत्नी सहीना बीबी के नाम से अबुआ आवास स्वीकृत करा लिया गया है। जबकि इन तीनों का पूर्व से पक्का मकान है। ये लोग पूरी तरह से सम्पन्न हैं। इन तीनों के आवास स्वीकृत के लिए आवश्यक कागजातों पर मुखिया एवं पंचायत सचिव का हस्ताक्षर नहीं है। इसी प्रकार पंचायत में पिन्टू अंसारी एवं प्रखण्ड समन्वयक की मिली भगत से कई अन्य अयोग्य लाभुकों (साधन संपन्न लोगों) को अबुआ आवास का लाभ मुखिया एवं पंचायत सचिव के बिना हस्ताक्षर के ही दे दिया गया है। आवेदन में मुखिया ने उल्लेख की है कि इस मामले में उन्होंने जब पिन्टू अंसारी से पुछताछ की तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान-माल की क्षति पहुंचाने की धमकी दी। इस बात से खफा होकर उसने पंचायत में मनरेगा की योजनाओं में मेरे पति के जेसीबी मशीन से कार्य कराये जाने का झूठा आरोप लगाया है। इस मामले में बरडीहा थाना द्वारा बिना अनुसंधान किए मेरे पति के विरूद्ध प्राथमिकी संख्या 04 / 2025 दिनांक 10.01.2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुखिया ने कहा है कि बरडीहा थाना प्राथमिकी संख्या 21 / 2021 दिनांक 06.04.2021 में पिन्टू अंसारी आर्म्स एक्ट का अभियुक्त है। ऐसी स्थिति में मेरे या मेरे परिवार के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। मुखिया ने अबुआ आवास योजना में बरती गई अनियमितता की जांच करा कर दोषियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ राकेष सहाय ने कहा कि इस मामले की उन्हें जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो मामला काफी गंभीर है। उन्हें आवेदन प्राप्त होगा तो वे जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## सूरत पांडेय महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



शिविर की शुरूआत करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा व महिला कल्याण समिति धोरी बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में सूरत पांडेय महाविद्यालयमें विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एएसपी राहुल देव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान एएसपी ने साइबर क्राइम, सोशल मीडिया का दुष्प्रचार एवं सड़क सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता, बाल ट्रैफिकिंग, डायन भूत अधिनियम ट्रैफिक नियम, बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने आदि की जानकारी दी। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी तथा विकास कुमार गौतम ने साइबर क्राइम के संबंध में विस्तार से बताया। भारत संचार निगम लिमिटेड के एसडीओ ने भी साइबर क्राइम से बचने की सलाह दी।

## मंईयां सम्मान योजना से वंचित लाभुक काट रही हैं प्रखंड कार्यालय के चक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देती लाभुक

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं की हित में चलाई जा रही अतिमहत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली पेंशन की राशि से प्रखंड के कई महिलाएं वंचित है। मंईयां सम्मान का फार्म भरने तथा संबंधित कर्मियों की सत्यापन के बाद योजना की पात्रता रखने वाली महिला लाभुक पेंशन की राशि मिलने की आस लिए पिछले पांच माह से प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रही है। मंगलवार को कैलान पंचायत के नीलम देवी, सरिता देवी, नीलम देवी, रजवंती कुमारी, रजवंती देवी, गीता देवी, सोनांचल देवी, कलवंती देवी, ममता कुमारी, शोभा देवी सहित दो दर्जन से अधिक महिला लाभुको ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव से पेंशन की राशि दिलाने की गुहार लगाई। महिलाओं ने बताई कि हम सभी अगस्त माह में ही मंईयां सम्मान योजना का फार्म भरकर प्रखंड कार्यायल में जमा कर चुके है, लेकिन योजना की पहली किस्त तो क्या पिछले छह माह के दौरान हमसभी के बैंक खाते में एक रुपया भी नहीं डाला गया है। कहा कि मंईयां सम्मान पाने के लिए पिछले कई माह से ब्लॉक की चक्कर लगा रहे है, लेकिन कार्यालय के ऑपरेटर द्वारा योजना स्वीकृत होने तथा कभी मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल बंद होने की बात कहा जाता है।

## आजाद हिंद फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन करते अतिथि

**मझिआंव।** प्रखंड के टहड़े पंचायत भवन के मैदान पर प्रखंड स्तरीय आजाद हिंद फुटबॉल टूनार्मेंट सीजन 2 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल के आयोजन कर्ता सह मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी कृपाल सिंह एवं प्रखंड प्रमुख सह विशिष्ट अतिथि आरती दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया।

मौके पर श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनकी शुरू से ही सोच रही है कि ग्रामीण स्तर की प्रतिभा को खेल के माध्यम से निखारकर जिला एवं राज्य स्तर तक भेजा जा सके। और क्षेत्र का नाम रौशन हो। वैसे प्रतिभावान खिलाड़ी देश का भी नाम रोशन करेंगे। फुटबॉल टूनार्मेंट का प्रथम मैच पलामू के उंटारी प्रखंड के पीपरखाड़ की टीम एवं मझिआंव प्रखंड के करमडीह टीम के बीच खेला गया, जिसमें पीपरखाड़ की टीम ने शानदार खेल का परिचय देते हुए 1-0 गोल से मैच को जीत लिया। करमडीह की टीम अंत तक कोई गोल नहीं कर सकी। इस अवसर पर जितेंद्र चंद्रवंशी द्वारा रेफरी की भूमिका अदा की गई जबकि सगीर अंसारी द्वारा खेल में कमेंट्री की गई। टूनार्मेंट के अध्यक्ष कमलेश यादव ने बताया कि इस टूनार्मेंट में कुल आठ प्रखंडों की टीम शामिल होंगी। मौके पर उप प्रमुख फुलकली देवी, पूरहे मुखिया शंभू पासवान, भानु पासवान, रामसुंदर शर्मा, मुस्लिम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्राथमिक विद्यालय में ड्रेस का वितरण


वितरण करते पंसस

**केतार।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में मंगलवार को कक्षा एक और कक्षा दो के 39 बच्चों के बीच पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने पोशाक, स्वेटर, जूता, मोजा का वितरण किया। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चें पोशाक लेकर काफी खुश नजर आए। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने कहा कि हमारा शुरू से ही प्रयास रहता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं इन्हें संवारने का काम शिक्षकों के जिम्में है। बच्चों में शिक्षा के साथ सामाजिक संस्कार भी देना अति आवश्यक है, ताकि एक मजबूत समाज का निर्माण हो सके। शिक्षको ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए जो भी संसाधन सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है उसे स-समय वितरण कर दिया जाता है। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक, सहयोगी शिक्षक संजय कुमार मिश्रा, असीम अंसारी, मुजफ्फर हुसैन, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष असमीना बीबी, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, इजहार अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने किशनगंज को दी 514 करोड़ से अधिक की सौगात

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में किशनगंज जिले के महेशब्थना स्थित नवनिर्मित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र से 514.28 करोड़ रुपये की 236 विकास योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 151.17 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्?घाटन तथा 363.09 करोड़ रुपये की लागत से शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पटेश्वरी स्थित ग्राम कटहलडांगी में प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास रोड संबंधी समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुरगंज बाईपास का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इस बाईपास के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। साथ ही आसपास के इलाकों से संपर्कता बढ़ेगी। प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास की कुल लंबाई 4.01 किलोमीटर तथा चौड़ाई 10 मीटर है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 41.30 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने 65,350 किलोमीटर लंबी पूर्णिया एवं किशनगंज जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-39 (बायसी बहादुरगंज दिघल बैंक) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा प्रस्तावित असूरा-निश्नद्रा घाट पुल एवं पहुंच पथ निर्माण कार्य के संबंध में भी मुख्यमंत्री को साइट प्लान के माध्यम से वितृस्त जानकारी दी। इनमें 8 मवेशी आश्रय स्थल का उ?द्घाटन, पटेश्वरी पंचायत के वार्ड संख्या-5 में सार्वजनिक शौचालय का उ?द्घाटन, जीविका संगठन कार्यालय भवन का शिलान्यास, पटेश्वरी स्वागत द्वार-सह-पेवर ब्लॉक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग, परिवहन विभाग के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविकोपार्जन के लिए 11 हजार 486 स्वयं सहायता समूहों को 137 करोड़ रुपये, 2305 स्वयं सहायता समूहों को 14 करोड़ 33 लाख रुपये और 306 स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 40 लाख रुपये का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया।

## जीएन कान्वेंट में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


जांच करते कर्मी

**गढ़वा।** वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉक्टर एके सिन्हा, डॉ सुप्रिया पटेल, डॉ सुमित कुमार, डॉ जय कुमार, डॉ निशि, डॉ शेट्टिका प्रवीण, डॉ शिवानी गुप्ता, डॉ सतनारायण मेहता, डॉ श्रेष्ठ तेजस्वी को विद्यालय की ओर से पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के दांतों का सघन उपचार किया गया तथा निःशुल्क पेस्ट और दवा का वितरण भी किया गया।

मौके पर विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद्य मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि स्कूल बच्चों के प्रति हमेशा संवेदनाशील रहा है। बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर भी अपनी पैनी नजर रखता है। इसी कड़ी में निःशुल्क दन्त जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दंत चिकित्सा मुंह और दांतों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं का क्षेत्र है। दंत चिकित्सा का डॉक्टर वह होता है जो लोक स्वास्थ्य स्थितियों का निदान और उपचार करता है। जिस तरह आप नियमित जांच के लिए अपने चिकित्सक के पास जाते हैं उसी तरह आपको साल में कम से कम दो बार दांत की जांच और सफाई के लिए अपने दंत चिकित्सक के पास जाना चाहिए। नियमित दंत चिकित्सा देखभाल और स्वास्थ्य समस्याओं के आपकी जोखिम को कम करती है और आपके समग्र स्वास्थ्य में सुधार करती है। यदि समय पर दांत के चिकित्सा व्यवस्था पर ध्यान न दिया जाए तो वह ओरल कैंसर का भी रूप ले लेता है।

उन्होंने कहा कि दांतों को कम से कम दो बार ब्रश अवश्य ही करें। अच्छे टूथपेस्ट और टूथब्रश का प्रयोग करें। डॉक्टर एके सिन्हा ने कहा कि दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसकी देखभाल एवं सही समय पर हमारे लिए आवश्यक है। नहीं तो समय से पहले दांत गिर जाएंगे जो कई समस्याओं को जन्म देगा। दांत नहीं रहने से पसंदीदा भोजन का स्वाद नहीं मिलेगा साथ ही साथ शब्दों के उच्चारण में भी परेशानी होगी। मंच का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन संतोष प्रसाद ने की। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, रागिनी कुमारी, ऋषभ सिन्हा आदि लोग उपस्थित थे।

---

## खबर एक नजर में

### 304 करोड़ 66 लाख की राशि के 449 योजनाओं का सीएम का जिलावासियों को मिलेगा सौगात

**अररिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा 22 जनवरी बुधवार को अररिया पहुंचेंगे,जहां मुख्यमंत्री सात निश्चय योजनाओं,जल जीवन हरियाली के अंतर्गत बलुआ तालाब का निरीक्षण,प्लस टू राजकीय रामानुग्रह उच्च विद्यालय में खेल के मैदान,रोबोटिक्स लैब का अवलोकन,सुन्दरनाथधाम का भ्रमण सहित जिले में चल रहे विकासात्मक कार्यों का अवलोकन के साथ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह दौरा अररिया जिलावासियों के लिए सरकार के सौगात के रूप में भी देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 304 करोड़ 66 लाख की राशि वाले 449 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। सीएम 159 करोड़ 15 लाख 4 हजार की लागत राशि से निर्मित 404 योजनाओं का जहां उद्घाटन करेंगे।वहीं 127 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपए की लागत राशि के 45 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।मुख्यमंत्री की ओर से उदघाटन और शिलान्यास के लिए कुल 103 शिलापट्ट लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के साथ तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।जिले के सभी वरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि तैयारी में लगे हैं।वहीं मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं और समस्याओं को लेकर भी जिलेवासियों की निगाहें मुख्यमंत्री पर टिकी है।

### पटना में आठवीं तक के स्कूल 23 तक रहेंगे बंद

**पटना।** बिहार में अत्यधिक ठंड और कम तापमान को देखते हुए राजधानी पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। आठवीं कक्षा के ऊपर की सभी कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक संचालित होंगी। जिला प्रशासन ने 23 जनवरी तक 8वीं तक की सभी कक्षाएं बंद रखने का निर्देश दिया है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में अत्यधिक ठंड का मौसम और कम तापमान की स्थिति बनी हुयी है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए पिछले कार्यालय के आदेश यानी 19 जनवरी में आंशिक संशोधन करते हुए वर्ग-8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 23 जनवरी तक प्रतिबंध लगाया जाता है।पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने कहा है कि वर्ग 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न 3.30 बजे के बीच संचालित की जा सकती है। बोर्ड परीक्षा से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन इससे मुक्त रहेगा। यह आदेश 22 से 23 जनवरी तक पटना जिले में प्रभावी रहेगा।

### एसएसबी ने तस्करी के सात मवेशी को किया जब्त,दो नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

**अररिया।** जिले के नरपतगंज भारत नेपाल सीमा से सटे घुरना एसएसबी कैंप के जवानों ने मंगलवार की सुबह तस्करी के सात मवेशी को जब्त किया। मामले में एसएसबी ने दो नाबालिग युवक समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार कर फुलकाहा थाना पुलिस को सुपुर्द किया। गिरफ्तार मवेशी तस्कर में घुरना थाना क्षेत्र अंतर्गत पथराहा वार्ड छह निवासी मो रेहमुद्दीन, पथराहा वार्ड 12 निवासी मो कूदतुल्ला, पथराहा वार्ड छह निवासी मो. शरीफ एवं दो नाबालिग तस्कर बताया जाता है, जबकि मौके से अन्य मवेशी तस्कर भाग निकले। तस्करी के पकड़े गए मवेशी में सात नेपाली नस्ल के बैल को बरामद किया गया है।तस्कर के पास से मोबाइल भी बरामद किया गया। मवेशियों को नरपतगंज हाट में बेचे जाने के क्रम में घुरना अचरा सड़क पर भवानीपुर के समीप घुरना एसएसबी जवानों ने मवेशियों को जब्त कर एसएसबी कैंप लाया। फुलकाहा एसएसबी कैंप प्रभारी सहायक सेनानायक अभिषेक कुमार गुप्ता ने बताया कि तस्करी के सात बैल की बरामदगी और पांच तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। नरपतगंज प्रखंड के भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से मवेशी तस्करी की सूचना लगातार मिल रही थी ,जिसे कई दिनों से मवेशी एवं मवेशी तस्करों का तलाश किया जा रहा था। इस कार्रवाई से मवेशी तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। यह कार्रवाई घुरना एसएसबी के सहायक सेनानायक अभिषेक कुमार के नेतृत्व में जवानों के द्वारा की गई है।

### बिहार के पूर्णिया में डाकिया डाक लाया की भूमिका निभा रही है रानी

**पूर्णिया।** बिहार में पूर्णिया जिले के टीकापट्टी में पहली बार कोई महिला डाकबाबू बनके आयी हैं और घर घर डाक बांट रही है। इससे इस इलाके की महिलाओं में काफी खुशी है । डाक बाबू रानी स्वयं क्षेत्र में डाकिया के साथ घर-घर घुम रही हैं तथा परिचय कर रही हैं । टीकापट्टी डाकघर के अंदर टीकापट्टी, तेलडीहा, धूसर एवं भदैयाटोला कुल चार गांव आते हैं । जिसकी आबादी लगभग 25 हजार है । पिछले साल 11 दिसंबर को रानी ने टीकापट्टी डाकघर में अपना योगदान दिया है । डाकबाबू के रूप में योगदान देनेवाली रानी कुमारी पिता ओमप्रकाश कटिहार जिला के कुरसेला की रहनेवाली हैं । वह नवोदय से 10 वीं की परीक्षा पास की थीं तथा इसी योग्यता के आधार डाकबाबू के लिए आवेदन किया था । उनका मैट्रिक की परीक्षा में 96.5 प्रतिशत अंक रहने के कारण डाकबाबू के पद पर नियुक्ति हुई है । रानी कुमार कहती हैं कि अब महिलाओं के लिए कोई भी काम अछूता नहीं रह गया है । महिलाएं बेहतर तरीके से हर कार्य कर सकती हैं, यह बात सर्वविदित हो गया है । वह अभी अपनी पढाई नहीं छोडी हैं, पत्राचार के माध्यम से उनकी पढाई लगातार चल रही है । साथ चल रहे डाकिया रमण कुमार कहते हैं कि वे पिछले कई दशकों से यहां डाकिया का काम कर रहे हैं। महिला डाकबाबू की नियुक्ति से वे काफी प्रभावित हैं ।

### मुर्गी को लेकर हुई विवाद में हत्या मामले में एक को आजीवन कारावास

**पूर्वी चंपारण।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवराज त्रिपाठी ने अभियुक्त के दरवाजे मुर्गी चले जाने को लेकर हुए विवाद में हुई एक महिला की हत्या मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व पांच हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाए है। अर्थ दंड नहीं देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा कल्याणपुर थाना के बासदेव छपरा निवासी योद्धा महतो को हुई। मामले में अभियुक्त का भाई विनोद महतो ने चकिया थाना कांड संख्या 01/2022 दर्ज कराते हुए योद्धा महतो , उसकी पत्नी किशोरी देवी, पुत्र रतन महतो उर्फ राजा बाबू, दशरथ महतो तथा रतन महतो की पत्नी नीलू देवी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि 31 दिसंबर 2022 की संध्या करीब पांच बजे नामजद लोग हरवे हाथियार से लैश होकर आए और उसकी पत्नी रीता देवी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। अन्य अभियुक्तगण रीता देवी का मुंह दाब दिए तथा योद्धा महतो उसकी हाथ की नली चाकू से काट दिए जिससे काफी खून बह गया।

## पेज एक का शेष

### छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा...

एक दिन पहले मुठभेड़ के बाद की गयी सर्चिंग के दौरान कल दो नक्सलियों के शव मिले थे, जिनमें से एक महिला है। सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में फिर से गोलीबारी हुई, जिसमें ये नक्सली मारे गये। इस क्षेत्र में माओवादी विद्रोहियों को निशाना बनाकर किया गया यह अभियान खुफिया सूचनाओं के बाद शुरू हुआ, जिसमें ओड़िशा सीमा से सिर्फ पांच किलोमीटर दूर स्थित छत्तीसगढ़ के कुलारीघाट रिजर्व वन में माओवादियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति का संकेत मिला था। अभियान में डीआरजी, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ से कोबरा और ओड़िशा से विशेष अभियान समूह (एसओजी) के सुरक्षाकर्मी शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### सैफ अली खान को अस्पताल से मिली छुट्टी

मुंबई। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार को दोपहर लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई। इसके बाद सैफ अली खान अपनी पत्नी, फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर के साथ बांद्रा स्थित आवास पर पहुंचे। सैफ अली खान पर 16 जनवरी को उनके आवास पर हुए चाकू हमले के बाद लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। डॉक्टरों ने खान को घर पर एक महीने तक आराम करने सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि रीढ़ की हड्डी में लगा घाव गहरा है और उसे भरने में कम से कम एक माह का वक्त लग सकता है।

### महाकुंभ में आज होगी योगी कैबिनेट की बैठक

महाकुंभ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

### भूकंप से हिला ताइवान लेह में भी लगे झटके

ताइपे। दक्षिणी ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से लोग दहल गए। ताइवान में आए भूकंप का असर भारत में भी दिखा। आधी रात लद्दाख के लेह क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दक्षिणी ताइवान में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 दर्ज की गई। इससे तमाम घर और सड़कें ढह गईं। दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

### गुवाहाटी में मिला एचएमपीवी मरीज

गुवाहाटी। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का गुवाहाटी में पहला मरीज मिला है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्तीकराया गया है। उसके पति में भी समान लक्षण दिखने के बाद उसका सैंपल भी लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया है। गुवाहाटी के अपोलो अस्पताल में उपचाराधीन एक 75 वर्षीय महिला के एचएमपीवी पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। मरीज के पति को भी बुखार और खांसी की शिकायत है। महिला के पति का भी एचएमपीवी का परीक्षण के लिए सैंपल भेजा गया

### मणिपुर में हथियार व विस्फोटक बरामद

चुराचांदपुर (मणिपुर)। चुराचांदपुर जिले के तोरबुंग स्थित पीके पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामग्री में एक 9 एमएम सब मशीन गन और मैगजीन, एक .303 राइफल और मैगजीन, एक स्मोक ग्रेनेड लॉन्चर, दो पिस्तौल और मैगजीन, एक सिंगल बैरल ब्रेच लोडेड गन, एक देशी मोर्टार (पॉम्पी), चार हैंड ग्रेनेड (बिना डेटोनेटर), चार स्मोक ग्रेनेड तथा पांच 9 एमएम गोलियां शामिल हैं। इस संबंध में चुराचांदपुर थाना र में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सेना के लिए खरीदे जायेंगे पुल बनाने वाले टैंक

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए 47 टैंक-72 की खरीद के लिए आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की इकाई हैवी व्हीकल फैक्ट्री के साथ 1560 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और हैवी व्हीकल फैक्ट्री और आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।



### महाकुंभ में अडानी ने श्रद्धालुओं को परोसा प्रसाद

प्रयागराज। उद्योगपति एवं अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी भी महाकुंभ पहुंचे। अडानी ने मंगलवार को महाकुंभ मेले में चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद परोसा। अडाणी इससे पहले महाकुंभ नगर के सेक्टर नंबर 18 स्थित इस्कॉन वीआईपी शिविर में अपनी पत्नी के साथ पहुंचे, जहां लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने महाकुंभ 2025 मेले का दौरा किया है। अडानी ने इस्कॉन के भंडारे में सेवा प्रदान की।

# ट्रंप प्रशासन में भारत को अमेरिका से ज्यादा ईंधन आने की संभावना : पुरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए प्रशासन के तेल एवं गैस उत्पादन को अधिकतम करने की योजनाओं की घोषणा के बाद भारत में अधिक अमेरिकी ईंधन आने की संभावना है। हरदीप पुरी ने यहां वाहन उद्योग निकाय भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माता सोसायटी (सियाम) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को तेल की आपूर्ति करने वालों की संख्या

#### 39 देश कर रहे हैं भारत को तेल की आपूर्ति

पहले ही 27 से बढ़कर 39 हो गई है, अगर इससे ज्यादा तेल आता है, तो भारत इसका स्वागत करेगा। हालांकि, पुरी ने कहा कि सरकार नए अमेरिकी प्रशासन की घोषणाओं पर बहुत सावधानी से नजर रख रही है। हरदीप पुरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तेल की ड्रिलिंग और गैस उत्पादन बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर आप मुझसे पूछें कि क्या बाजार में और अधिक अमेरिकी ऊर्जा आने वाली है, तो मेरा जवाब



हां है। पुरी ने कहा कि अगर आप कहते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा की अधिक खरीद की प्रबल संभावना है, तो इसका जवाब हां है। उन्होंने वाहन विनिर्माताओं से भारतीय बाजार में अधिक एथनॉल मिश्रण वाले फ्लेक्स ईंधन वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कहा। इसके साथ ही पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि देश बहुत जल्द 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने जा रहा है, जो निर्धारित समय से पांच साल पहले होगा। पुरी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लिए गए कुछ निर्णय प्रत्याशित थे और इन पर प्रतिक्रिया देने से पहले इंतजार करने की जरूरत है। पुरी ने अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम और कनाडा से अधिक तेल आने का जिक्र करने के साथ कीमतों में गिरावट का संकेत भी दिया। उन्होंने 2015 के पेरिस जलवायु समझौते से बाहर होने के नए अमेरिकी सरकार के फैसले पर

# हाइपरसोनिक स्क्रैमजेट इंजन का परीक्षण सफल

एजेंसी

▸▸ भारत में पहली बार 120 सेकंड के लिए अत्याधुनिक एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट कॉम्बस्टर ग्राउंड परीक्षण

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने लंबी अवधि की सुपरसोनिक दहन रैमजेट या स्क्रैमजेट संचालित हाइपरसोनिक तकनीक विकसित करने की पहल के तहत स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डीआरडीएल ने हाल ही में इन तकनीकों को विकसित किया है और भारत में पहली बार 120 सेकंड के लिए अत्याधुनिक एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट कॉम्बस्टर ग्राउंड परीक्षण किया है। सफल ग्राउंड परीक्षण अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक मिशनों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही यह जानकारी खुद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दी। रक्षामंत्री ने सफल हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर वाहन परिक्षण के लिए खुद यह जानकारी दी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस सफलता के बाद अब अगले चरण की प्रगति शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि मैं डीआरडीओ को इस कामयाबी के लिए शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने परियोजना से जुड़े



वैज्ञानिकों से बात की है और उन्हें इस महान उपलब्धि पर बधाई दी है। भारत को उन पर गर्व है। हाइपरसोनिक टेक्नॉलजी डेमोनस्ट्रेटर वाहन का सफल परीक्षण किया है। इससे पहले जून 2019 में इसका पहला परीक्षण किया गया था। इसका इस्तेमाल हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाने और काफी कम खर्चे में सैटेलाइट लॉन्चिंग में भी की जाएगी। साथ ही हाइपरसोनिक और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों के लिए यान के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा।

# तुर्की : होटल में आग से 66 की मौत, 50 से ज्यादा घायल

फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने 230 लोगों को सुरक्षित निकाला

एजेंसी


अंकारा। तुर्की में मंगलवार को एक स्की रिसॉर्ट होटल में लगी आग में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बोलू प्रांत के कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में स्थित एक होटल में आधी रात के बाद आग लग गई। इमारत में एक मंजिल पर रेस्त्रां चलता है। आग रेस्तरां में लगी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया, कई लोग घबराहट में होटल की इमारत से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। बोलू प्रांत के गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन आग की लपटों ने बहुत तेजी से होटल को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलने पर



अग्निशमन दल, खोज एवं बचाव इकाइयां तथा चिकित्सा दल शहर मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने मिलकर लगभग 230 लोगों को सुरक्षित निकाला। तुर्की के न्याय मंत्री यिलमाज टुनक ने बताया कि इस हादसे की जांच के लिए बोलू प्रांत के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा एक न्यायिक जांच शुरू की गई है। इस जांच में छह लोक अभियोजक और पांच विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है। कार्तलकाया रिसॉर्ट तुर्की के प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थलों में से एक है, जो स्की सीजन में हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह होटल 1978 से तुर्की के स्कीयर के लिए एक प्रमुख केंद्र रहा है। बोलू शहर, अंकारा और इस्तांबुल के बीच स्थित एक प्रमुख शहर है, और यह क्षेत्र स्की पर्यटन के लिए जाना जाता है।

# फिल्म 'छावा' में रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी

मुंबई। विक्की कौशल की आने वाली फिल्म 'छावा' की घोषणा के बाद से ही फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही छत्रपती संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल का नया लुक जारी किया गया था। हाल ही में महारानी येसुबाई का किरदार निभा रहीं रश्मिका मंदाना का लुक जारी कर दिया गया है। फिल्म के पोस्टर में येसुबाई भोसले के रूप में रश्मिका मंदाना का लुक काफी प्रभावशाली और आकर्षक है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में फिल्म छावा से रश्मिका मंदाना का पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, हर महान राजा के पीछे एक शक्तिशाली रानी होती है। पेश है महारानी येसुबाई के किरदार में रश्मिका



मंदाना, स्वराज्य का गर्व। पोस्टर में रश्मिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। छावा की रिलीज डेट छावा 14 फरवरी को रिलीज हो रही है। फिल्म का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होगा।

### अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध समाप्त

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश की बागडोर संभालने के बाद सोमवार को पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन के टिकटॉक पर लिए गए फैसले को 75 दिनों के लिए निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश का सीधा अर्थ है टिकटॉक ऐप के मालिक को कंपनी बेचने के लिए मजबूर करने वाला कानून लागू नहीं होगा। इस कानून पर अप्रैल में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हस्ताक्षर किए थे। टिकटॉक के मालिक, चीन की कंपनी बाइटडांस को संयुक्त राज्य अमेरिका में काम करने के लिए अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचनी होगी। ट्रंप ने कहा कि मैं अटॉर्नी जनरल को आदेश देता हूं कि इस आदेश की तारीख से 75 दिनों तक अधिनियम को लागू करने के लिए अमेरिका की ओर से कोई कार्रवाई न करें।

# नौ हॉक विमानों ने किया एयर शो का रिहर्सल

वडोदरा/अहमदाबाद। वडोदरा में मंगलवार को भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (स्कैट) के हॉक एमके 132 विमानों के साथ वडोदरा स्थित वायुसेना स्टेशन पर एयर शो का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें भारतीय वायुसेना के 9 हॉक विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। इस समय अद्भुत आकाशीय दृश्य देखने को मिले। सैनिकों ने हवाई जहाज का उपयोग कर आकाश में दिल बनाया, जिसे देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। इस रिहर्सल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। एयर शो को आसपास के 20 किलोमीटर क्षेत्र में देखा गया। लोगों ने अपनी छतों से एयर शो रिहर्सल को देखा और तस्वीरें लीं। भारतीय वायुसेना की इस टीम में 9 हॉक विमान और 14 पायलट हैं, जो कल प्रदर्शन करेंगे। लोग दजीपुरा-



पंजरापोल मैदान, एपीएमसी मार्केट और आसपास की सोसायटियों के साथ-साथ हालोल टोल टैक्स से भी शो देख सकेंगे। एयर शो बुधवार को दोपहर 12 बजे शुरू होगा। यह शो 40 मिनट लम्बा होगा। वर्ष 2025 में भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम का यह पहला शो है। भारतीय वायुसेना का एयर शो रिहर्सल देखने आए उमेश मिश्रा ने कहा कि आज हम भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम के एयर शो का रिहर्सल देखने आए थे, जो हमारे आवास के पास शुरू हुआ। सैनिकों द्वारा किये गए करतबों को देखकर बहुत आनंद आया। एयर शो रिहर्सल देखने आए धर्मेश साल्वी ने कहा, यहां कई स्कूलों के बच्चे आए, कुछ अभिभावक अपने बच्चों को लेकर आए और यहां लोग काफी उत्साहित नजर आए। मैंने अपने जीवन में पहली बार यह एयर शो देखा है, यह बहुत मजेदार था। ऐसे कारनामे देखकर वायु सेना के जवानों को सलाम करने का मन करता है। स्कैट टीम की स्थापना 1996 में हुई थी। इस टीम को एशिया की एकमात्र नौ विमानों वाली एरोबैटिक टीम होने का प्रतिष्ठित खिताब प्राप्त है और इसे विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक माना जाता है। टीम ने अब तक भारत के साथ-साथ चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में 700 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। टीम अपने आदर्श वाक्य 'सर्वदा सर्वोत्तम' से निर्देशित होती है जिसका अर्थ है 'हमेशा सर्वश्रेष्ठ', जो उत्कृष्टता की भावना को दर्शाती है। हॉक एमके 132 विमान शामिल हैं, जो भारत में निर्मित और लाइसेंस प्राप्त हैं और 5 मीटर से भी कम दूरी पर बहुत करीब से उड़ान भर सकते हैं। ग्रुप कैप्टन अजय दसरथ और डिप्टी लीडर ग्रुप कैप्टन सिद्धेश कार्तिक के नेतृत्व वाली टीम में 14 पायलट हैं।

# ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने से शेयर बाजार में हाहाकार

## सेंसेक्स 1235 अंक लुढ़ककर 75,838 पर पहुंचा

एजेंसी

मुंबई। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के साथ ही कनाडा और मेक्सिको के लिए व्यापार शुल्क में 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर जोमैटो, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 27 दिग्गज कंपनियों में करीब 11 प्रतिशत तक की गिरावट से मंगलवार को शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1235.08 अंक अर्थात 1.60 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े सात महीने के निचले स्तर 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75,838.36 अंक पर आ गया। इससे पहले 06 जून को यह 75,074.51 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज



(एनएसई) का निफ्टी 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत लुढ़ककर 23,024.65 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.00 प्रतिशत टूटकर 43,167.39 अंक और स्मॉलकैप 1.94 प्रतिशत गिरकर 51,714.62 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4088 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2788 में गिरावट जबकि 1187 में तेजी रही वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2095 कंपनियों में बिकवाली जबकि 715 में लिवाली हुई वहीं 77 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे रियल्टी 4.22, कमोडिटीज 0.82, सीडी 0.82, ऊर्जा 1.25, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 1.79, हेल्थकेयर 0.96, इंडस्ट्रियल्स 2.11, आईटी 1.16, दूरसंचार 2.52, यूटिलिटीज 2.35, ऑटो 1.68, बैंकिंग 1.81, कैपिटल गुड्स 2.16, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 3.99, धातु 0.82, तेल एवं गैस 0.69, पावर 2.63, टेक 1.21, सर्विसेज 2.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.17 प्रतिशत लुढ़क गए। विदेशी बाजारों का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.15, जापान का निक्केई 0.32 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.91 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.15 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 188 अंक की तेजी के साथ 77,261.72 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर तक 77,337.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 75,641.87 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 77,073.44 अंक के मुकाबले 1.60 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75,838.36 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 77 अंक बढ़कर 23,421.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,426.30 अंक के उच्चतम जबकि 22,976.85 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,344.75 अंक की तुलना में 1.37 प्रतिशत कमजोर रहकर 23,024.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की एचसीएल टेक और अल्ट्रासिमको की 0.76 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष कंपनियों में गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स 3.74, एनटीपीसी 3.51, आईसीआईसीआई बैंक 2.98, एसबीआई 2.57, रिलायंस 2.46, महिंद्रा 2.17, बजाज फाइनेंस 2.03, टेक महिंद्रा 2.00, एक्सिस बैंक 1.87, टाटा मोटर्स 1.84, टाटा स्टील 1.52, कोटक बैंक 1.36, पावरग्रिड 1.35, बजाज फिन सर्व 1.10, इंडसइंड बैंक 1.06 और टीसीएस के शेयर 1.04 प्रतिशत गिर गए।